## शहर में आज



☞ जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज में जिगर मंच पर अल्ताफ रजा नाइट रात 8 :00 बजे।

☞ मण्डल रेल कार्यालय के मनन में कॅरियर काउंसलिंग 9 :30 बजे।

☞ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय चौमुखा पुल पर कार्यक्रम 11 :30 बजे।

## एक नजर

### शर्बत वितरित किया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल क्लब की ओर से जेष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगलवार के अवसर पर विशाल भंडारा और शर्बत वितरण सेवा का आयोजन किया गया। इस दौरान नेहा मेहरोत्रा, संजना भटनागर, मिली सिक्का, वीनू आहूजा, तान्या गुप्ता, रजनी मित्तल, प्रिया, पूनम, पूजा, भावना, मनीषा, दिव्या, वाशी, कामिनी, लविशा आदि मौजूद रहीं।

# व्यापारियों की समस्याएं निस्तारित करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- किले के पास ओवरहेड ब्रिज पर रात में तैनात करें पुलिसकर्मी: डीएम

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक मंगलवार को हुई। उन्होंने कांठ रोड पर किले के पास ओवरहेड ब्रिज पर डंपरों की आवाजाही के समय सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी को तैनात रखने का निर्देश दिया। कहा कि व्यापारी बंधुओं की समस्याएं अधिकारी प्राथमिकता पर निस्तारित करें।

बैठक में पाकबड़ा से डींगरपुर को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क की मरम्मत का मुद्दा लोगों ने उठाया। इस पर जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारियों को समस्या का समाधान जल्द कराने का निर्देश दिया। कहा कि सड़कों के निर्माण में देरी न करें। कांठ रोड पर किले के पास ओवरहेड ब्रिज पर रात के समय डंपर और ट्रैक्टर गुजरने के समय पुलिसकर्मी की तैनाती न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने उस स्थान पर यातायात पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाने के लिए कहा। निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा के बाद लम्बित प्रकरणों के संबंध में एमडीए की सचिव अंजूलता ने जिलाधिकारी को बताया कि इसका जल्द निस्तारण करा लेंगे। जिलाधिकारी ने राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि औद्योगिक क्षेत्र के प्रशिक्षणार्थियों को जोड़ने के लिए कार्यशाला आयोजित करें। जिलाधिकारी ने जीएसटी विभाग के अधिकारी को कार्यशाला कराकर व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, एमडीए के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार के अलावा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व उद्यमी और व्यापारी मौजूद रहे।

## मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई प्राधिकरण बोर्ड की बैठक, रामपुर विकास प्राधिकरण का होगा प्रतीक चिह्न

# 1182.50 लाख रुपये के आय व 2.06 करोड़ व्यय का प्रस्ताव स्वीकृत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नैनीताल रोड को जोड़ने वाले रिंग रोड के समान्तर हरित पट्टी के संसोधन प्रस्ताव पर हुई चर्चा

**अमृत विचार:** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय सभागार में प्राधिकरण बोर्ड की बैठक हुई। इसमें बोर्ड के सामने आय व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2024- 25 परिचालन के प्रस्तावों को स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया गया। जिसे विचार के बाद बोर्ड ने 1182.50 लाख के राजस्व आय और 2.06 करोड़ रुपये के राजस्व व्यय और 31203.50 लाख पूंजीगत आय व 30763.00 लाख पूंजीगत व्यय के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया।

बैठक में भारतीय तारमार्ग अधिकार अधिनियम 2016 को अंगीकृत करने, नवीन कारागार (बंद पड़ी चीनी मिल) की ग्राम मण्डैयान नादर बाग, ग्राम बाग हजारा व ग्राम अहमदनगर जागीर तहसील सदर जिला रामपुर की 41.744 हेक्टेयर भूमि रामपुर विकास प्राधिकरण को हस्तांतरित करने पर चर्चा हुई। साथ ही प्राधिकरण द्वारा सरकारी/ गैर सरकारी व सामुदायिक/ व्यवसायिक सुविधायुक्त टाउनशिप विकसित करने, आवासीय योजना के लिए भूमि खरीदने, वित्तीय संस्थाओं से रुपये 200 करोड़ का ओवरड्राफ्ट प्राप्त करने पर विचार किया गया। इसके अलावा मानचित्र स्वीकृति के लिए शुल्कों की दरों में बढ़ोतरी, रामपुर महायोजना 2031 के परीक्षण के लिए सचिव आवास व शहरी नियोजन विभाग लखनऊ की अध्यक्षता में गठित शासकीय समिति की बैठक के कार्यवृत्त पर कार्रवाई करने और रामपुर विकास प्राधिकरण के प्रतीक चिह्न की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर सभी ने चर्चा की। जिसके बाद प्रस्तावों की पुष्टि कर कोसी नदी लेकर एकता तिराहा होते हुए एनएच 9 बाईपास मार्ग और एनएच 87 नैनीताल रोड को जोड़ने वाले रिंग रोड के समान्तर 30 मीटर गहराई की हरित पट्टी/ ग्रीन बेल्ट के संशोधन को मंजूरी दी गई। रामपुर महायोजना 2031 के परीक्षण के लिए सचिव आवास व शहरी नियोजन विभाग लखनऊ की अध्यक्षता में गठित शासकीय समिति की बैठक के बाद इसमें निश्चित बिंदुओं और रामपुर विकास प्राधिकरण का प्रतीक चिह्न को स्वीकृत किया गया। मानचित्र स्वीकृति के समय आरोपित शुल्कों की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्तावों पर सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के लिए 1182.50 लाख राजस्व आय, 206 करोड़ रुपये के राजस्व व्यय और 31203.50 लाख पूंजीगत आय और 30763.00 लाख पूंजीगत व्यय के प्रस्ताव को भी मंजूर कर दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, एमडीए की सचिव मंजूलता, एसपी यातायात सुभाष चंद्र गंगवार के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



अपने कार्यालय सभागार में एमडीए की बोर्ड बैठक में बोलते मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह, साथ में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व अन्य।

# गर्मी से तपे लोग, आज हल्की बूंदाबादी के आसार

## सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल किया, चिकित्सक दे रहे लू से बचाव की सलाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गर्मी से लोग व्याकुल हो गए हैं। सूरज की तपिश और लू के थपेड़ों ने लोगों को बेहाल कर दिया है। दोपहर में सड़कों पर आवाजाही काफी कम हो गई है। लू से बचने के लिए चिकित्सक भी सलाह दे रहे हैं। बुधवार को हल्की बूंदाबादी का अनुमान है। हालांकि मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने के लिए इस महीने के अंत तक इंतजार करना पड़ेगा।

सूरज की किरणें इन दिनों मानों आग उगल रहीं हैं। दिन और रात पूरी तरह तप रहा है। दोपहर में लू के थपेड़ों और आसमान से बरस रही आग ने लोगों को बेहाल कर दिया। अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 30 डिग्री सेल्सियस रहा। आर्द्रता 38 प्रतिशत रहने से चिपचिपी गर्मी ने लोगों को और बेचैन किया। दिन के अलावा रात में भी तपिश बरकरार रहने से लोगों की नींद में खलल पड़ रही है। ऊपर से बिजली की आवाजाही और लो वोल्टेज से बिजली के उपकरण कूलर, पंखे बेमतलब साबित हो रहे हैं। देर रात तक लोग गर्मी से व्याकुल रहे। लोगों ने राहत पाने के लिए कोल्ड ड्रिंक्स, शिकंजी, नीबू पानी, नारियल पानी, गन्ने के जूस आदि का सहारा लिया। फिलहाल अभी गर्मी से पूरी तरह राहत की उम्मीद नहीं है। बुधवार को हल्की बूंदाबादी और हवा चलने का अनुमान मौसम वैज्ञानिक जता रहे हैं। मानसून की सक्रियता के लिए इस महीने के अंत तक इंतजार करना पड़ेगा। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक आरके सिंह का कहना है कि 19 जून को तेज हवा के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है। मानसून की सक्रियता के लिए जून के अंत तक इंतजार करना पड़ेगा।



दोपहर में बाजार गंज में पसरा सन्नाटा। ● अमृत विचार



पुलिसकर्मियों को पानी की बोतल वितरित करते संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

### भीषण गर्मी में पुलिसकर्मियों व राहगीरों को वितरित की पानी की बोतलें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सर सैयद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा बढ़ती गर्मी के चलते मंगलवार को शहर के अलग-अलग चौराहों पर तैनात पुलिस कर्मियों और राहगीरों को पानी की बोतल बांटी गई। बढ़ती गर्मी में आम जनता और महानगर के चौराहों पर तपती धूप के बीच ड्यूटी करने वाले पुलिस कर्मियों को राहत देने के लिए सामाजिक संगठन आगे आ रहे हैं। मंगलवार को सर सैयद एसोसिएशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद आबिद द्वारा अपनी टीम के साथ करुला और महानगर के अलग-अलग चौराहों पर जाकर वहां तपती धूप में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को पानी की बोतल वितरित की। इसके अलावा राहगीरों को भी गर्मी से निजात दिलाने के लिए पानी की बोतल बांटी गई। अध्यक्ष मोहम्मद आबिद ने बताया कि पिछले काफी दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में महानगर के चौराहों पर तैनात पुलिसकर्मी तपती धूप के बीच ड्यूटी कर रहे हैं। इसलिए संगठन ने उन्हें गर्मी से निजात दिलाने के लिए पानी की बोतल वितरित की। इस मौके पर मोहम्मद फैज, शम्स अल्तमश, मोहम्मद शोएब और मोहम्मद कैफ समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## सरकारी स्कूलों के शिक्षकों का भी होगा मूल्यांकन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था में किए जा रहे सुधार के क्रम में अब बच्चों के साथ ही शिक्षकों का भी मूल्यांकन होगा। बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षकों के पठन-पाठन के तरीकों की पांच मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कराएगा। इसका डायट स्तर पर मूल्यांकन होगा। वहीं जिन शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके आदि में कमियां होंगी, उसमें सुधार के लिए भी काम किया जाएगा।

परिषदीय विद्यालयों में प्रभावी कक्षा शिक्षण के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) की ओर से विभिन्न कवायद की जाती है। इसमें टेक्स्ट बुक से लेकर विभिन्न सपोर्टिंग सुपरविजन भी किया जाता है। इसी के तहत अब पठन-पाठन को और बेहतर करने के उद्देश्य से यह कवायद शुरू की गई है। हर परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय के शिक्षकों की कक्षावार, विषयवार, लर्निंग आउटकम आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। बीएसए अजीत कुमार ने बताया कि इससे शिक्षा के क्षेत्र में सुधार आएगा।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अभ्यास करते स्वयंसेवक।

# स्वयंसेवकों को सेवा साधना का प्रशिक्षण देकर बनाया दक्ष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कृष्ण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मंगूपुरा में चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत के संघ शिक्षा वर्ग कार्यक्रम का समापन मंगलवार को हो गया।

मेरठ प्रांत के महाविद्यालयीय विद्यार्थी और 40 वर्ष की आयु तक के व्यावसायिक कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए संघ शिक्षा वर्ग तीन जून से प्रारंभ हुआ था। इस वर्ग में 28 जिलों के 255 स्थानों से 303 शाखाओं के शिक्षार्थियों ने भाग लिया। जिसमें स्नातक 73, व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले 72, परास्नातक 20, शोध छात्र 6, नौकरी करने वाले 28, शिक्षण संस्थानों में अध्यापक 29, आईटी प्रोफेशनल 4, चिकित्सक 16, व्यवसाय करने वाले 55, अधिवक्ता 16, सीए 1, एवं 37 कृषकों की सहभागिता रही। यहां इन्हें क्षेत्र सेवा साधना, सेवा प्रशिक्षण दिया गया। समापन कार्यक्रम में घोष सरंचना, व्यायाम योग, आसन, खेल, दण्ड योग, दण्ड संचालन गण समता, संचलन का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र कार्यवाह डॉ. प्रमोद कुमार, प्रांत प्रचारक अनिल कुमार, सह प्रांत प्रचारक विनोद कुमार, वर्ग अधिकारी रवि किरण, वर्ग कार्यवाह राजेश कुमार, वर्ग पालक शिवकुमार, विभाग संघ चालक सुरेंद्रपाल सिंह, वर्ग बौद्धिक प्रमुख धनंजय सिंह, वर्ग मुख्य शिक्षक रमाशंकर, विभाग प्रचारक वतन कुमार आदि मौजूद रहे।



हाथीवाला मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करते राष्ट्रीय पुजारी परिषद के सदस्य।

# भक्तों के सभी संकट हर लेते हैं हनुमान

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राष्ट्रीय पुजारी परिषद की ओर से ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार (बड़ा मंगलवार) पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। आयोजन श्रीराम गंगा गोशाला निकट हाथीवाला मंदिर कानून गोयान में हुआ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय पुजारी परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि संकट मोचन हनुमान जी की पूजा उपासना करने से मनुष्य की सभी बाधाएं दूर हो जाती हैं। बड़े मंगल के दिन हनुमान चालीसा पाठ, हनुमान जी की आरती अवश्य कर हनुमान जी से संकटों के हरण की प्रार्थना करनी चाहिए। कार्यक्रम में अनुज राजपूत, राकेश टंडन, श्रवण कुमार भटनागर, सुरेश चंद गुप्ता, सौम्या भटनागर, बबलू भटनागर, अज्जू भटनागर, पं. विनीत शर्मा, पं. दिनेश शर्मा, पुजारी महेंद्र, पं. विनोद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रसिद्ध सर्जन डॉ. एके सिंह के निधन पर शोक

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जानेमाने सर्जन डॉ. अशोक कुमार सिंह (85) का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। वह कोरोना काल के दौरान कोविड से ग्रसित हो गए थे। जिसकी वजह से उनके फेफड़ों और लीवर में इन्फेशन हो गया था। दोपहर में अचानक उनकी हालत बिगड़ने पर दिल्ली रोड स्थित निजी अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन की खबर से चिकित्सा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. अशोक कुमार सिंह की पत्नी उषा टंडन वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ रह चुकी हैं। 4 अप्रैल 2023 को उनका भी देहांत हो चुका है।



# विनम्र व्यक्ति को प्राप्त होता है प्रभु का आशीर्वाद व कृपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शिव शक्ति मंदिर रामगंगा विहार में मंगलवार को पांच दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन बरेली के कथावाचक पंडित बृजेश पाठक रामायणी ने कहा कि व्यक्ति अपने अहंकार के कारण अपने से बड़ों के चरणों में झुकना नहीं चाहता। उसे लगता है कि झुकेंगे तो सम्मान चला जाएगा। जबकि वह नहीं जानता कि अहंकारी व्यक्ति अपने जीवन में चाहे कुछ भी प्राप्त कर ले, परंतु प्रभु की कृपा और गुरुजनों का आशीर्वाद उसे प्राप्त नहीं हो सकता। क्योंकि प्रभु कृपा और आशीर्वाद तो विनम्र से ही मिलता है।



कथावाचक ने कहा कि हिंदू संस्कृति में प्रणाम शोभा नहीं संस्कार है। जिसके द्वारा छोटे बिना कुछ कहे बड़ों के हृदय में स्थान पा जाते हैं। अपनों से बड़ों के हृदय में स्थान पाने का इससे अतिरिक्त कोई उपाय नहीं है। धर्म ग्रंथों में कहा गया है कि आप और कुछ भी न कर सकें तो मन, कर्म, वचन से प्रभु को प्रणाम कर लें, तो भी प्रभु की प्राप्ति हो सकती है। प्रणाम की बहुत बड़ी महिमा हैं। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। व्यवस्था में गोरखनाथ प्रसाद, ज्ञानचंद गुप्ता, निमित जायसवाल, राधेमोहन शर्मा, महेन्द्र जसूजा, सुनील शर्मा, पंडित हेमंत भट्ट, पंडित देवेन्द्र ओझा, रविकांता जायसवाल, मिनाक्षी शर्मा, उमेश चन्द्र बंसल, दिनेश चंद्र टंडन आदि ने सहयोग किया।

# हेपेटाइटिस के भी शिकार हो रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लगातार पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से नौजवानों के अलावा बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। आमजन को चिकित्सकों ने सलाह दी है कि ज्यादा जरूरी न हो तो दोपहर में घर से बाहर न निकलें। लगातार पानी का इस्तेमाल करते रहे। बुखार, उल्टी, दस्त से बचाव के लिए ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। संभव हो तो समय-समय पर ओआरएस का घोल लेते रहें। क्योंकि मौजूदा समय में डायरिया और बुखार के मरीजों के लिए यह रामबाण है।

लगातार बढ़ रहे तापमान के साथ ही उल्टी, दस्त, और बुखार के मरीजों की तादाद में भी इज़ाफा हो रहा है। इतना ही नहीं बच्चे हेपेटाइटिस का शिकार भी हो रहे हैं। मुरादाबाद मंडलीय जिला चिकत्सालय में प्रतिदिन 150 से अधिक बच्चे ओपीडी में आ रहे हैं। जबकि 30 से अधिक बच्चे बुखार, उल्टी, दस्त, हेपेटाइटिस समेत अन्य बीमारियों से जुड़े बच्चों को भर्ती कर इलाज करना पड़ रहा है। डॉक्टर के मुताबिक इस मौसम में खीरा, ककड़ी, तरबूज और खरबूजे का इस्तेमाल ज्यादा करें।

जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन टंडन बताते हैं कि बीते दो हफ्तों में बुखार, उल्टी, दस्त और हेपेटाइटिस के मरीज सामने आए हैं। बदलते मौसम में बच्चों में इन्फेक्शन हो रहा है। बच्चों को ज्यादा से ज्यादा ओआरएस का पानी देते रहें। अगर ओआरएस न हो तो घर ही में नमक, चीनी का पानी दें। बच्चों में चिड़चिड़ेपन और पेशाब कम होने की दिक्कत आ रही हैं।



जिला अस्पताल के बच्चा वार्ड में भर्ती बच्चे। ● अमृत विचार

**आयोजन** सोनकपुर स्टेडियम में क्रीड़ा प्रतियोगिता आरंभ, डीएम ने विजेताओं को किया सम्मानित

# जूडो में आदित्य, ध्रुव, पार्थ व दीक्षा रहे अव्वल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी और क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से सोनकपुर स्टेडियम में योगा, जूडो, एथलेटिक्स बालक-बालिका वर्ग, क्रिकेट बालक वर्ग प्रतियोगिता का आरंभ हुआ। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त और गुब्बारे उड़ाकर की।

जूडो बालक वर्ग 35 भार वर्ग में आदित्य ने पहला, रिदान ने दूसरा और यशमित ने तीसरा स्थान हासिल किया। 40 भार वर्ग में ध्रुव शर्मा, प्लस 40 किलोभार में आदित्य, 55 किलोभार में पार्थ, 32 किलो में ख्याति, 36 किलो में सुहानी राय, 36 किलो में क्षत्रिका और 40 किलो में दीक्षा चौहान ने पहला स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में संजय गिरि, रूचि अग्रवाल, लव कुमार, पिंटू सैनी, प्रिया दिवाकर व शिवानी रहीं। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने जूडो और योगा के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, नगर मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, डॉ. अजय पाठक, यश शुक्ला, सचिन विश्नोई मौजूद रहें।



नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में जूडो प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### योगा में इन खिलाड़ियों ने मारी बाजी

योगा बालक वर्ग में मंयक, आर्यन, मोहित यादव, सिद्धांत, यश, पारस, कासिफ का शानदार प्रदर्शन रहा। वहीं बालिका वर्ग में परिनिता दीक्षित, प्रज्ञा चौहान, प्रिया धारीवाल, प्रियंका और खुशीपाल ने बाजी मारी।

### सोनकपुर स्टेडियम ने साईं क्रिकेट एकेडमी को हराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच सोनकपुर स्टेडियम रेड और साईं क्रिकेट एकेडमी के मध्य खेला गया। सोनकपुर स्टेडियम की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 196 रन बनाए। इसमें अभय अग्रवाल ने 55 सार्थक चौधरी और अनमोल ने 25-25 रन बनाए। साईं की ओर से गेंदबाजी में अरकान ने सर्वाधिक 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी साईं की टीम 139 रनों पर ऑल आउट हो गई। इसमें अजय यादव ने सर्वाधिक 28 रन बनाए।

# रामगंगा नदी के बेसिन से जल्द अतिक्रमण हटेगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 2016 में सर्वे के आधार पर होगी कार्रवाई
- मंडलायुक्त ने संयुक्त टीम बना कर कार्रवाई करने को कहा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के आदेश पर रामगंगा नदी के बेसिन में किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रशासन सख्त हो गया है। इसको लेकर मंडलायुक्त ने कई विभागों से संयुक्त टीम बनाकर कार्रवाई करने को कहा है।

अपने कार्यालय सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने रामगंगा नदी किनारे अवैध रूप से बने भवन व औद्योगिक इकाइयों द्वारा किए अतिक्रमण को चिह्नित कर उसे हर हाल में हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, राजस्व व सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम बनाकर रामगंगा नदी किनारे के अतिक्रमण व अवैध निर्माण को हटाने को कहा। संयुक्त टीम चिह्नित स्थल पर बने सभी भवनों का सर्वे करेगी। फिलहाल कार्रवाई सिंचाई विभाग द्वारा 2016 में किए गए सर्वे के आधार पर आरंभ होगी। अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि पर फलों का बाग लगाने की व्यवस्था अधिकारियों को करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## आज कार्य स्थगित रखेंगे अधिवक्ता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भीषण गर्मी व लू के चलते अधिवक्ताओं व वादकारियों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने व दीवानी न्यायालयों में अवकाश के चलते दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अधिवक्ता बुधवार को कार्य पूर्ण रूप से स्थगित रखेंगे। यह जानकारी एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक भटनागर ने दी।






### आज का मौसम

तेज हवा के साथ बूंदाबादी की संभावना है।

| 43.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05 :17 | सूर्यास्त 07 :16 |

### एक नजर



भजन संकीर्तन में उपस्थित लोग।

## भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एकता विहार में मंगलवार को खाटू श्याम के भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें श्रद्धालु खाटू श्याम के भजनों पर खूब झूमे। कार्यक्रम का आयोजन जिला चिकित्सालय से सेवानिवृत जयपाल सिंह और उनकी पत्नी आशा रानी की ओर से किया गया। इस दौरान शुभ म्यूजिकल ग्रुप ने प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। तूं नीले घोड़े चढ़ आजा, लेने आज खाटू वाले आदि भजन की प्रस्तुति से माहौल भक्ति में हो गया। कार्यक्रम में त्रिवेंद्र कुमार सहित अन्य भक्त मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त शाखा प्रबंधक के घर से 5 लाख की नगदी समेत उड़ाया लाखों का सामान

### रविवार रात बाइक से आए दो संदिग्धों ने वारदात को दिया अंजाम, सामान लेकर फरार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- घर में ताला लगाकर रिश्तेदारी में गया था परिवार, मंगलवार सुबह आए तो टूटे मिले ताले

**अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के दीन दयाल नगर फेज-एक में रिटायर्ड बैंक वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के घर से पांच लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के आभूषण व अन्य कीमत सामान चोरी हुआ है। पीड़ित रमेश कुमार गंधर्व अपने परिवार समेत देहरादून में रिश्तेदारी में गए थे। घर में ताला लगा हुआ था। चोरों ने सभी चार कमरों के ताला तोड़कर डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चोरी की है। घटना की जानकारी पाकर मौके पर थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे थे। कमरों में बिखरे सामान को देखकर उन्होंने तत्काल फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य भी एकत्र कराए हैं। चोर बैंक कर्मी के घर लगे सीसीटीवी की कैमरे का डीवीआर भी निकाल ले गए हैं।

रमेश कुमार गंधर्व ने बताया कि वह प्रथमा बैंक मुख्य शाखा में वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पद से रिटायर हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अजय बिजनौर के नूरपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर है। छोटे बेटे की अभी शादी नहीं हुई है। पत्नी भी हैं। उन्होंने बताया कि घर में 5 लाख रुपये की नगदी रखी थी। पत्नी-बहू के करीब 15-16 लाख रुपये की कीमत वाले जेवर रखे थे। यह सारा कीमती सामान जेवर और रुपये चोर चोरी कर ले गए हैं।



घर में चोरी के बाद बिखरे सामान को दिखाते रमेश कुमार गंधर्व। ● अमृत विचार

रिटायर्ड बैंक कर्मी ने बताया कि वह परिवार समेत 15 जून को देहरादून में रिश्तेदारी में गए थे। सोमवार रात के 9 बजे उनके बेटे ने देहरादून से ही घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से लाइव गतिविधि देखी थी, उस समय तक घर में सब कुछ सुरक्षित था। ताले भी लगे थे, किसी की कोई गतिविधि नहीं थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने जांच में पाया है कि सोमवार रात के 2.19 बजे एक बाइक से दो संदिग्ध व्यक्ति घर के पास आए हैं। पहले उन्होंने मुख्य गेट के ताले तोड़ने का प्रयास किया है। असफल होने पर वह दीवार फांदकर अंदर पहुंचे हैं। अंदर वाले कमरे का ताला खोल लिया है। फिर भूतल और घर के ऊपरी तल के सभी चार कमरों का एक-एक कर ताला तोड़ा और उसमें काफी देर तक चोरी की है। इसके बाद रात के 3.44 बजे दोनों संदिग्ध व्यक्ति उसी बाइक से फरार हो गए हैं।

रमेश कुमार ने बताया कि वह आज (मंगलवार) सुबह 9.30 बजे घर लौटे थे। गेट का ताला बंद था, जिसे खोलकर वह अंदर पहुंचे तो देखा सभी कमरों के ताले टूटे थे। सामान अस्त-व्यस्त इधर-उधर पड़ा था। उन्होंने बताया कि उनके पास चांदी के 45 सिक्के थे, वह भी चोरी हो गए हैं। इस तरह उनकी जीवन भर की कमाई चोर चोरी कर ले गए हैं। इस मामले में थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना में जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा करेंगे।

## सब्जी लेने गए मां-बेटे से मारपीट, एफआईआर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मझोला थाना क्षेत्र में सोमवार शाम को आशा अपने बेटे अनिल के साथ सिकंदरपुर तिराहे पर सब्जी खरीदने गई थीं। वहां रास्ते में बाइक खड़ी थी। इसे हटा लेने की बात कहने पर आरोपियों ने उनके बेटे के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी थी। आशा के बेटे अनिल ने विरोध किया तो आरोपी राशिद ने अपने भाइयों को फोन कर बुला लिया। राशिद मझोला थाना क्षेत्र के खदाना का रहने वाला है।

आरोप है कि मौके पर राशिद के भाई अंसार, मेहंदी और साथी जुनैद पुत्र निसार आ गए थे। इन लोगों ने बेटे अनिल को गाली देनी शुरू कर दी थीं। विरोध करने पर इन लोगों ने मिलकर लात-घूसों से अनिल की पिटाई शुरू कर दी थी। आशा ने बताया कि बेटे का पिटता देख उन्होंने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन, आरोपी उनकी एक नहीं सुन रहे थे। बाद में लोगों के एकत्र हो जाने पर आरोपी अनिल को जान से मार देने की धमकी देते हुए चले गए थे। इस मामले में आशा ने मंगलवार को गांव के ही कल्लन के तीन बेटों राशिद, अंसार व मेहंदी और जुनैद पुत्र निसार के विरुद्ध मझोला थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि घटना में कार्रवाई की जा रही है।

# धोखाधड़ी में डीआईजी के आदेश पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लोन के नाम पर आरोपी ने लिए दस्तावेज, फिर एचडीएफसी बैंक से मोबाइल का करा लिया लोन

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी का शिकार हुई महिला दो महीने से एफआईआर दर्ज कराने के लिए मझोला थाने से लेकर नगर कोतवाली तक के चक्कर काट रही थी। फिर शनिवार को वह डीआईजी के सामने पेश हुई। इसके बाद उसके मामले में नगर कोतवाली में सोमवार रात पुलिस ने आरोपी इशांत भारद्वाज के विरुद्ध धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज कर ली है।

पीड़िता रेखा जैन पत्नी अनिल जैन ने बताया कि पहले वह मानपुर बुध बाजार में रहती थीं लेकिन, वर्तमान में वह अशोक सम्राट नगर में किराए के भवन में निवास कर रही हैं। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करती हैं। उन्होंने बताया कि करीब 10 महीने पहले उन्हें रुपये की बहुत जरूरत थी। बैंक से लोन लेने के प्रयास में थीं। पास में ही पहले सुमित की रेडीमेड कपड़े की दुकान थी, जहां वह सामान खरीदने जाती थीं और वहीं आरोपी इंशात भारद्वाज भी बैठता था। रेखा ने बताया कि लोन का जिक्र करने पर आरोपी इशांत ने उनसे कहा कि वह ऋण दिलाने का ही काम करता है। आधार, पैन कार्ड व अन्य संबंधित दस्तावेज उन्होंने आरोपी को दे दिए थे। उसने एचडीएफसी बैंक में खाता खोलवाने आदि के नाम पर कुछ पैसे मांगे तो उन्होंने उसे कुल 35,000 रुपये भी दिए थे। फिर भी उन्हें जब लोन नहीं मिला तो उन्होंने एचडीएफसी बैंक जाकर अपने नए खाता के बारे में जानकारी की तो पता चला कि वहां उनका कोई खाता नहीं है। उलटे उन पर 1.40 लाख रुपये की बकाएदारी सृजित हो गई थी। बैंक में जानकारी की तो पता चला कि आरोपी ने उनके नाम से ही लोन पर दो मोबाइल ले लिए हैं। जिस पर उन्होंने संबंधित बैंक के अधिकारियों को अपने साथ हुई धोखाधड़ी के बारे में बताया था। इस पर बैंक अधिकारियों ने आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के बाद कार्रवाई की बात कही थी।

नगर कोतवाली प्रभारी ऊषा मलिक ने बताया कि रेखा जैन के साथ हुई धोखाधड़ी के मामले में आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। अब उसकी तलाश के लिए पुलिस संदिग्ध ठिकानों पर दबिश भी दे रही है।

# ईरान से मिले आपके पार्सल में ड्रग्स है...बताकर ठग लिए 10 लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पीड़िता ने अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**अमृत विचार :** एनएसबी ऑफिसर बोल रहा हूं... मुंबई एयरपोर्ट पर आपका पार्सल प्राप्त हुआ है। ईरान से आया है... इसमें ड्रग्स है, आपके विरूद्ध कार्रवाई हो रही है। वेरिफिकेशन के नाम पर उसने युवती के खाते से 10 लाख रुपये पार कर दिए। ठगी का अहसास होने पर पीड़िता ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

पीड़िता कृतिका पोरवाल पुत्री अजय पोरवाल सिविल लाइंस थाना क्षेत्र अवंतिका कालोनी की निवासी है। वह एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। कृतिका ने साइबर अपराध थाने में दर्ज कराई एफआईआर में बताया है कि वह 31 मई की सुबह अपने माता-पिता के पास आई थी। उसी समय अपरिचित नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) का अधिकारी बताया था। आरोपी ने उससे कहा था कि मुंबई एयरपोर्ट पर एक पार्सल पकड़ा गया है। पार्सल ईरान से आया है। इसमें ड्रग्स है। पार्सल आपके (कृतिका पोरवाल) नाम से मिला है। इस पार्सल को एनसीबी ने जब्त किया है और आपके विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जा रही है। कृतिका ने आरोपी को बताया कि उन्होंने ऐसा कोई पार्सल नहीं मंगवाया है। जिस पर आरोपी ने कृतिका से पुलिस वेरिफिकेशन कराने को कहा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने उन्हें स्केप एप के जरिए कॉल की थी और डराने धमकाने लगा था। इसी बातचीत के बीच में ही आरोपी ने युवती का मोबाइल हैक कर लिया था। मोबाइल फोन पर आईसीआईसीआई बैंक एप्लीकेशन से पूर्व अनुमोदित ऋण कराकर 5 लाख रुपये के लोन की धनराशि अपने खाते में ट्रांसफर कर ली थी। फिर आरोपी ने युवती के खाते से 5 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि पीड़िता की तरफ से तहरीर मिली है। अज्ञात आरोपी के विरूद्ध साइबर क्राइम थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।



आशियाना में योग करते बच्चे। ● अमृत विचार

## बच्चों को सिखाया योग प्रोटोकॉल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य पर मोक्षयतन योग संस्थान के आशियाना स्थित भारत योग केंद्र पर बच्चों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। इसमें बच्चों को आसान प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया।

इस दौरान विशेष रूप से बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, भ्रामरी प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, उत्तान मंडूकासन आदि का अभ्यास कराया गया। योगाचार्य अमित गर्ग ने बताया कि योग बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बच्चों को प्रतिदिन 30 मिनट योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। योग शिविर में मोक्षयतन योग संस्थान के महेंद्र सिंह बिश्नोई, देवेंद्र कुमार जौहरी, डॉ तुलसीराम, पुनीत गर्ग, अनिल कुमार अग्रवाल, शुभम बिश्नोई भी मौजूद रहे।

# खराब गैस भट्टी देने पर जानलेवा हमला

कार्यालय संवाददाता, भगतपुर/ मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भगतपुर थाना क्षेत्र में खराब गैस भट्टी देने पर दबंगों ने सोमवार को दुकान संचालक पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। घायल की शिकायत पर 13 नामजद समेत 19 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। मंगलवार को पुलिस ने 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अन्य सात फरार हैं।

प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार के मुताबिक, थाना क्षेत्र के उदमावाला निवासी महेंद्र की गांव में टेंट की दुकान है। जहां गांव के ही रहने वाले लोगों को घटना के एक दिन पहले गैस चूल्हा, सिलेंडर व अन्य सामान किराये पर दिया था। सोमवार देर रात लगभग 19 लोग खराब गैस भट्टी लेकर टेंट की दुकान पर आ धमके और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दुकान से लोहे की रॉड निकाल कर महेंद्र पर हमला कर दिया। फिर ईंट-पत्थर बरसाने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों के इकट्ठे होने पर आरोपी महेंद्र को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। आनन-फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, मंगलवार को इलयास, भूरा, नदीम, बसीम, फकीरा, महफूज, मुस्लिम, राशिद, मुनाजिर, अनस, इमरान और टांडा थाना क्षेत्र के सुरजपुर निवासी मौ. इवदेशाम को गिरफ्तार किया है।



गिरफ्तार आरोपियों के साथ मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

> सोमवार को गांव के ही रहने वाले कुछ लोगों ने खराब गैस भट्टी को लेकर महेंद्र पर हमला किया था। मंगलवार को कार्रवाई के दौरान 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं अन्य की तलाश की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-संदीप कुमार मीणा**, एसपी देहात

वहीं इरफान, अरमान, महफूज समेत अज्ञात चार आरोपी फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक के अनुसार, फरार आरोपियों को तलाश की जा रही है।

## मनुष्य जीवन में पहला सुख स्वस्थ शरीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जाहरवीर मणि मंदिर नवाबपुरा में निर्जला एकादशी महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने बताया कि समस्त छब्बीस एकादशियों का पुण्य निर्जला एकादशी के व्रत रखने से स्वतः ही मिल जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान को अपना मान लो तो जरूर प्रेम हो जायगा। क्योंकि प्रेम भजन, ध्यान, जप, त्याग, तपस्या आदि से नहीं होता, प्रत्युत अपनेपन से होता है। मनुष्य जीवन में पहला सुख स्वस्थ शरीर, दूसरा सुख पवित्र धन, तीसरा पवित्र पढ़ना और चौथा प्रमुख सुख ईश्वर का स्मरण व ध्यान चिंतन करना। व्यवस्था में किशन लाल प्रजापति, अशोक कुमार, नरेश प्रजापति, महेंद्र चौधरी, रिंकू कुमार, विनोद प्रजापति, सचिन कुमार, अरुण कुमार, विक्की प्रजापति, प्रथम कुमार, निखिल कुमार, हितेश कुमार, गौरव कुमार, सुरेश प्रजापति आदि ने सहयोग दिया।



पाकबड़ा में गाड़ियों की जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

## एएसपी ने गाड़ियों से उतरवाए हूटर

**पाकबड़ा, अमृत विचार:** गाड़ियों की चेकिंग कर एएसपी एवं थाना प्रभारी की मौजूदगी में गाड़ियों में लगे हूटरों को उतरवाया गया। सभी गाड़ियों के बोनट खोल कर चेक किए गए। कुछ गाड़ियों के चालान भी किए गए।

सरकार की सख्ती के बाद वीआईपी कल्चर खत्म करने के लिए मंगलवार को जीरो प्वाइंट पर मुरादाबाद की ओर जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग की गई। मुरादाबाद की ओर जा रही गाड़ियों को रोक कर चेक किया गया। कागज पूरे नहीं होने पर गाड़ियों के चालान किए गए। गाड़ियों के बोनट खोलकर हूटरों को चेक किया गया। जिन गाड़ियों में हूटर लगे मिले उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई एवं उनके हूटरों को उतारा गया। चेकिंग के दौरान एएसपी अमरिंदर सिंह एवं थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अंतर्गत प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन

# युवा कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियों से मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिला कृषि,विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी के अन्तर्गत मंगलवार को नृत्य एवं वादन प्रतिभा खोज कार्यक्रम में चयनित प्रतिभागियों ने जिगर मंच पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सभी ने प्रतिभागियों का तालियों से हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम की शुरुआत एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, रवि अरोरा, डॉ. प्रदीप शर्मा, सुशील शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित कर और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वादन के अंतर्गत जब मोहम्मद अजीम, यशस्वी शर्मा, आयुष सिंह, आरुष अग्रवाल व सरल गर्ग आदि ने विभिन्न वाद्य यंत्रों पर फिल्मी धुन बजाई तो दर्शक उनकी कला को देखकर भाव विभोर हो गए। उसके बाद जूनियर वर्ग के नृत्य प्रतिभागियों कार्तिक अरोड़ा, आकृति भारद्वाज, शिफा सिद्दीकी, तनुश्री, कायरा, श्रेष्ठा शर्मा, कनक, छवि, वैष्णवी, यशस्वी आदि ने विभिन्न फिल्मी गीतों पर अपनी मनोहारी प्रस्तुति दी तो दर्शकों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।





जिगर मंच पर नृत्य प्रस्तुत करतीं प्रतिभागी। ● अमृत विचार

इसके बाद सीनियर वर्ग के चयनित प्रतिभागियों ने ललिता सैनी, रितिका विश्वास, पवन ,नव्या चौहान, जुनैद, प्रत्यूष, अमीषा, रिया, नंदनी, यश, पारस आदि ने नए और पुराने गीतों पर जबरदस्त प्रस्तुति दी।

ड्यूट डांस में ललिता और छवि, राजा और लालू, वंश सैनी और विशाल सैनी और शिफा की नृत्य प्रस्तुति से दर्शक रोमांचित हो गए। अंत में जेपी डांस ग्रुप, जेडीए डांस ग्रुप, गेट अप डांस ग्रुप, शेरान डांस ग्रुप, केयर फ्री डांस ग्रुप, जीडी डांस ग्रुप, एस डांस ग्रुप की प्रस्तुतियां देखकर दर्शक स्तब्ध रह गए। इस दौरान संजय शर्मा, आबिद हुसैन, प्रो. हरवंश दीक्षित, डॉ. विशेष गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, राजेश रस्तोगी, कुमार देव आदि मौजूद रहे। संचालन राजदीप शर्मा ने किया।

# नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में बजट पर होगी चर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नए सिरे से हाउस टैक्स निर्धारण का मुद्दा भी उठेगा
- 20 जून को होगी कार्यकारिणी की बैठक

**अमृत विचार:** नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में इस बार बजट के साथ ही नये सिरे से हाउस टैक्स निर्धारण का मुद्दा उठेगा। वहीं जीआईएस सर्वे में बढ़े घरों पर कर निर्धारित करने पर भी विचार किया जा सकता है।

लोकसभा चुनाव के बाद हो रहे कार्यकारिणी की बैठक में विपक्षी पार्षद जनहित के मुद्दे पर अधिकारियों को घेरेंगे। 20 जून को महापौर के पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में बैठक के लिए कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों को एजेंडा भेजा गया है। इसमें पुनरीक्षित बजट पर विचार किया जाएगा। जीआईएस सर्वे में बढ़े घरों व प्रतिष्ठानों पर भी कर लगाने के मुद्दे पर चर्चा होने की संभावना है। नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष डॉ. गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि 20 जून को बैठक होनी है। इसके लिए एजेंडा सभी को भेजा गया है। एजेंडे के बिंदुओं के अलावा जनहित के अन्य मुद्दे पर विचार रखा जाएगा।

वहीं कांग्रेस पार्षद अनुभव मेहरोत्रा ने बताया कि 20 जून हो होने वाली कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से बजट पर चर्चा होगी। पिछले बैठक में उठाए गए बिंदुओं पर कार्य न होने पर पार्टी के पार्षद आवाज उठाएंगे।

## एक नजर

### चार लोगों ने एक व्यक्ति को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम शीमला निवासी निगम सिंह पुत्र बचन सिंह को सोमवार रात लगभग 8 बजे थाना क्षेत्र के ग्राम कुरी निवासी ऋतिक प्रजापति पुत्र हरपाल सिंह ने निगम सिंह को फोन कर ग्राम मूढा खेड़ी तिराहे पर बुलाया। जहां पहले से ही ऋतिक के साथ सलव निवासी ग्राम लदावली, अंशुल निवासी ग्राम मिलक लदावली, हरीश पुत्र ग्राम चक पचोकरा में चारों मौजूद थे। चारों लोगों ने निगम के साथ गाली-गलौज व मारपीट शुरू कर दी। आवाज सुनकर कई ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े तो चारों लोग पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित ने थाना पहुंचकर चारों आरोपियों के विरुद्ध नाम दर्ज तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है।

### यूकेलिप्टिस के पेड़ काटने की शिकायत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली के ग्राम राजूपुर कला निवासी जसवंत सिंह पुत्र नत्थू सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसके खेत पर यूकेलिप्टिस के पेड़ खड़े थे। गांव के टिल्लू पुत्र केशव ने एक पेड़ 15 दिन पहले और एक पेड़ सोमवार सुबह काट लिया। उसने टिल्लू से पेड़ काटने के बारे में पूछा तो उसको धमकी दी। गाली-गलौज की और बोला कि अभी तो पेड़ काटे हैं, पुलिस से शिकायत की तो तुझको भी काट दूंगा। पीड़ित किसान ने पुलिस से टिल्लू के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### चार घंटे भी नहीं हो रही बिजली आपूर्ति

**डिलारी, अमृत विचार :** ऊर्जा मंत्री के निर्बाध बिजली आपूर्ति के दावे ग्रामीण इलाकों में फेल हो रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में किसानों को बमुश्किल चार घंटे बिजली सप्लाई मिल पा रही है। अघोषित कटौती के चलते ग्रामीण भीषण गर्मी में बेहाल हैं। साथ ही सिंचाई भी पूरी तरह से प्रभावित हैं। क्षेत्र में जहांगीरपुर बिजली फीडर से इलाके में आपूर्ति होती है। ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर को बचाने से के लिए फीडर से दो बार में बिजली दी जा रही है। जिससे ग्रामीणों को आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मिलक में युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने नाम अजीम उर्फ काला पुत्र अनीस निवासी मोहल्ला कोटला कस्बा सम्भल थाना कोतवाली सम्भल बताया है। पुलिस ने आरोपी से चाकू बरामद किया है।

# विद्युत विभाग की टीम पर हमला, रिपोर्ट

## विद्युतकर्मियों से मारपीट का वीडियो वायरल, हमले में जेई घायल

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** राजस्व वसूली के दौरान विद्युत विभाग की टीम पर लाठी-डंडों से हमला किया गया। इस दौरान आरोपियों ने पथराव भी किया। हमले में जेई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने जेई की तहरीर पर तीन नामजद और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।



विद्युत कर्मियों के साथ मारपीट करते किसान।



घायल जेई राजवीर सिंह।



घायल भूरा सैनी।

विद्युत उपकेंद्र महमूदपुर माफी के अवर अभियंता जयवीर सिंह ने बताया कि मंगलवार को वह सवा 12 बजे आशीष शर्मा टीजी, संविदाकर्मी विवेक कुमार व आले इमरान के साथ बिजली घर से करीब 200 मीटर दूर राजस्व वसूली कर रहे थे। उस समय तेज हवा के कारण 33 केवीए की लाइन में ब्रेकडाउन था। आरोप है कि उसी समय भूरा सैनी, चोखे, पप्पू और दो व्यक्ति अज्ञात निवासी महमूदपुर माफी पहले बिजली घर गए थे। बताया कि जब वह वहां नहीं मिले तो उपकेंद्र पर मौजूद स्टाफ से अभद्रता और गाली-गलौज की। उसके बाद सभी आरोपी लाठी-डंडे लेकर वहां पहुंचे जहां टीम राजस्व वसूली कर रही थी। आरोपियों ने आते ही गाली-गलौज की और मारपीट करने लगे और कुछ लोगों ने पथराव भी शुरू कर दिया। जिसमें से एक ईंट उन्हें भी लगी। मौके पर शोर होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जबकि मामले में दूसरे पक्ष का कहना है कि वह किसान हैं और कई दिनों से उनके ट्यूबवेल पर बिजली नहीं पहुंच रही है। जिसके चलते फसल सूखने की कगार पर है, इसी समस्या के समाधान के लिए वह सभी विद्युत केंद्र पहुंचे थे। आरोप लगाया गया है कि उपकेंद्र पर सभी विद्युतकर्मी मोबाइल पर वीडियो देख रहे थे और उनकी समस्या को सुनने को तैयार नहीं थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उपकेंद्र पर गाली गलौज और मारपीट की गई। जिसके चलते उनको भी चोटें आई हैं, किसानों के द्वारा भी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

क्षेत्राधिकारी राजेश यादव का कहना है कि वीडियो से स्पष्ट है कि विद्युत विभाग की टीम से मारपीट की गई है। आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

## जमीन व घर पर कब्जा कर मां को निकाला, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मां के हिस्से की खेती की भूमि व मकान पर कब्जा करने के मामले में पुलिस ने दो पुत्रों व एक पुत्रवधू पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव राघुवाला निवासी विरमी देवी पत्नी स्व. राजाराम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि प्रार्थी के चार पुत्र हैं। चारों पुत्रों की शादी हो चुकी है। प्रार्थी का पुत्र सुनील कुमार उसकी पत्नी सीमा व दूसरा पुत्र रिशिपाल आए दिन उसके साथ मारपीट व गाली गलौज करते हैं। इन्होंने उसके हिस्से की गेहूं की फसल भी काट ली थी और उसके मकान का ताला तोड़कर बर्तन व आभूषण चोरी कर लिए। जब उसने मकान व भूमि खाली करने की बात कही तो उसे जान से मारने की धमकी दी। अब प्रार्थिनी दोनों पुत्रों व पुत्र वधू के डर से रिश्तेदारी में रह रही है, अन्य दो पुत्र विरोध करते हैं तो आरोपी उन्हें भी जान से मारने की धमकी देते हैं। महिला को आशंका है कि दोनों पुत्र व पुत्रवधू उसकी हत्या कर सकते हैं। महिला की तहरीर पर पुलिस ने सुनील कुमार व उसकी पत्नी सीमा व रिशिपाल पर मामला दर्ज किया है।

## चारा ला रहे किसान को बाइक सवार ने रौंदा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत से चारा ला रहे किसान को बुलेट सवार ने रौंद दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उसे उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे काशीपुर ले गए।

सोमवार देर रात अब्दुल्लापुर लेदा निवासी सलीम पुत्र खैराती पशुओं का चारा खेत पर काटकर रखकर घर आ गया था। इसके बाद सलीम रात को खेत से चारा लेकर पैदल आ रहा था। इसी दौरान गांव के निकट बुलेट सवार ने सलीम को टक्कर मार दी। जानकारी पर घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। इसी दौरान बुलेट सवार युवक बाइक लेकर फरार हो गया। घायल के भाई हसनैन ने मंगलवार को तहरीर देकर कहा कि कोतवाली क्षेत्र के गांव रतुपुरा निवासी अमित बुलेट से गांव जा रहा था। उसने सलीम को टक्कर मार दी। जिसका उपचार काशीपुर के निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

# अधिक ब्याज मांगने पर आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक ने साधन सहकारी समिति चौहान तीन से ऋण लेने वाले किसानों से तीन प्रतिशत के स्थान पर सात फीसदी ब्याज की मांग का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

मंगलवार को जिन किसानों ने साधन सहकारी समिति चौहान तीन से फसली ऋण लिया है। वह ब्याज जमा करने बैंक पहुंचे तो एमडी सौरभ कुमार ने तीन प्रतिशत ब्याज के स्थान पर सात प्रतिशत जमा करने को कहा। जितेंद्र विश्नोई से भी सात प्रतिशत ब्याज की मांग की गई। बताया कि चार प्रतिशत की रकम खाते में आ जाएगी। किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें लूटा जा रहा है। 20 जून को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा जाएगा। संगठन के पदाधिकारियों ने जिला सहकारी बैंक कांठ पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।



नारेबाजी करते ठाकुरद्वारा क्षेत्र के भाकियू कार्यकर्ता।

### कृषि ऋण पर अधिक ब्याज वसूलने पर भड़के किसान

**ठाकुरद्वारा/सुरजननगर, अमृत विचार :** बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति सुरजननगर में किसानों द्वारा लिए कृषि ऋण पर तीन फीसदी वार्षिक ब्याज की दर के स्थान पर 10 .7 फीसदी ब्याज लगाने पर किसान भड़क गए। किसानों ने प्रदर्शन कर तीन फीसदी वार्षिक ब्याज लगाने की मांग की। किसानों ने बताया कि बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति से कृषि ऋण लेकर खेती करते हैं। जिस पर समिति एक अप्रैल से अगले वर्ष की 30 जून तक यानी 15 माह में ऋण जमा करने पर तीन फीसदी वार्षिक ब्याज लगाकर ऋण जमा किया जाता है। इस वर्ष भी कई किसानों ने 3 फीसदी वार्षिक ब्याज की दर पर ही ब्याज जमा कर दिया। लेकिन मंगलवार को जब कुछ किसान ब्याज जमा करने समिति पहुंचे तो 10 .7 फीसदी ब्याज लगाकर ऋण जमा करने को कहा गया तो किसानों ने आंदोलन की चेतावनी दी।

### बिजली कटौती के विरोध में नारेबाजी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भाकियू के हरिद्वार चिंतन शिविर से लौट कर किसानों ने बिजली समस्या के विरोध में नारेबजी की। कहा कि नलकूपों की बिजली आपूर्ति बंद होने से फसलें सूख रही हैं। भाकियू जिला सचिव घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में किसानों ने हरिद्वार चिंतन शिविर में हिस्सा लिया था। जहां राकेश टिकैत को समस्याओं से अवगत कराने के बाद लौटते समय भाकियू कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की। इसमें ठाकुरद्वारा क्षेत्र की बिजली समस्या को उठाया। कहा कि गांवों के साथ नलकूपों को सिंचाई के लिए आपूर्ति नहीं की जा रही है। जिसकी वजह से किसानों की खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं। आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो किसान आंदोलन करेंगे। इसमें राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, यदुवीर सिंह, हृदयांश, जतिन प्रताप, नौबहार सिंह, कोमल सिंह, विनोद कुमार, हरिराज सिंह, गुर्जर सिंह आदि थे।

## सार संक्षेप



शर्बत बांटते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाकियू नेता की स्मृति में शर्बत बांटा

**कांठ, अमृत विचार :** मोहल्ला पट्टीवाला निवासी धर्मवीर सिंह का पांच माह पहले देहांत हो गया था। मंगलवार को उनकी स्मृति में उनके पुत्रों द्वारा निर्जला एकादशी पर पुराना बस स्टैंड कांठ पर शर्बत बांटा गया। इस अवसर पर, संदीप कुमार, राजीव कुमार, संजीव कुमार, राजेंद्र विश्रोई, संजीव पाटिल, नितिन विश्नोई, यश विश्नोई, कपिल राना, अरविंद राना, वंश आदि लोग मौजूद रहे।

### पंखों और कूलरों से ट्रांसफार्मरों को कर रहे ठंडा

**कांठ, अमृत विचार :** क्षेत्र में अधिकतम तापमान 45 डिग्री पहुंच गया है। पिछले सप्ताह भीषण गर्मी में आपूर्ति के दौरान बिजली घर के कई उपकरण फुंक गए थे। जिससे कई घंटों तक आपूर्ति ठप रही थी। ज्ञात हो कि यहां दो फीडर द्वारा नगर में सप्लाई दी जाती है। गर्मी में आपूर्ति के दौरान उपकरणों के गर्म होने से लगातार ट्रिपिंग हो रही थी। जिससे लोगों को परेशानी हो रही थी। अब उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मरों और अन्य उपकरणों को गर्म होने से बचाने के लिए पंखे और कूलर लगवाए गए हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों को निर्बाध आपूर्ति मिल सके। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि बिजली घर पर उपकरणों को गर्म होने से बचाने के लिए कूलरों व पंखों की व्यवस्था कर दी गई है।



ट्रांसफार्मर के पास लगा पंखा।

### खुले में अवशेष फेंकने वालों पर कार्रवाई की मांग

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** ईद पर कुर्बानी के बाद कुछ लोगों ने अवशेष खुले में फेंक दिए। जिस पर दूसरे समुदाय के लोगों ने विरोध किया। सूचना पर पहुंची पीआरबी ने मामला शांत कराया। मामले में थाने में तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर कलां में मंगलवार सुबह कुर्बानी के बाद अवशेषों को कट्टे में भरकर दूसरे समुदाय के मोहल्ला के घर के सामने फेंका गया। इससे गांव के लोग नाराज हो गए। तभी किसी ने पीआरबी 112 को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने ही दो लड़के बाइक से आए और कट्टों को उठाकर भाग निकले। यह घटना पीआरबी 112 के सामने हुई। उसके बाद इसकी सूचना ग्रोथ सेंटर चौकी इंचार्ज प्रमोद कुमार को दी। स्थानीय लोगों ने तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर मोहल्ला चौधरखाना के प्रमोद सिंह, विक्रम, राजीव ठाकुर, विकास सिंह, सुभाष सिंह, सोनू, धीरेंद्र आदि रहे।

### शराब बना रहे दो युवक गिरफ्तार, जेल भेजा

**मैनाठेर, अमृत विचार :** क्षेत्र में सिंचाई विभाग के खाली पड़े मैदान में शराब बना रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुन्दरकी रोड पर डींगरपुर से गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम फहीम पुत्र मुस्तकीम निवासी बेगम सराय थाना कोतवाली सम्भल व गुलशाद पुत्र असलम निवासी मियां सराय थाना कोतवाली सम्भल बताया है। दोनों से दो किलो यूरिया व एक कैन और 10 लीटर शराब बरामद की गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### पशु से संबंध बनाने में रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव में युवक का पशु से संबंध बनाने का वीडियो वायरल हो रहा है। इसकी जानकारी विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों को हुई तो उन्होंने थाने का घेराव कर आरोपी पीलकपुर श्योराम निवासी भूरा के नाम तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने जांच कर मामला दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### शांतिभंग में 15 लोगों को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** थाना मझोला पुलिस ने शांतिभंग करने के आरोप में मंगलवार को 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इनमें अनिल निवासी कंजीवाली नया गांव थाना मझोला, मयंक उर्फ मन्नू, देशपाल, धीरेन्द्र, आयुष, निवासी लाकड़ी, संजय कुमार निवासी कांशीराम नगर, रियासत, निवासी तिकोनिया मस्जिद जयन्तीपुर मीनानगर, अनिल सैनी निवासी ग्राम मिलक खदाना, राहुल सैनी, विजय सैनी, बबलू, राशिद सलमानी, अनसार सलमानी, मेंहदी हसन, जुनैद आलम निवासी ग्राम खदाना थाना मझौला को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### निर्जला एकादशी पर विहिप ने शर्बत बांटा

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** निर्जला एकादशी पर विश्व हिंदू परिषद की टीम ने शर्बत वितरित किया। मंगलवार की शाम को विश्व हिंदू परिषद नया मुरादाबाद के अध्यक्ष सोनू शर्मा एवं उनकी टीम ने नया मुरादाबाद स्थित महाकालेश्वर धाम पर शर्बत वितरण किया। आते-जाते राहगीरों एवं मंदिर में दर्शन का करने आ रहे भक्तों को शर्बत पिलाया गया। सभी लोगों ने गर्मी में शर्बत पीकर राहत की सांस ली। इस अवसर पर देवेंद्र पाल, अजयवीरपाल, रमेश पाल, आशीष कुमार, मोनू शर्मा रहे।

### पूर्व ब्लाक प्रमुख बलराम सिंह का निधन



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पूर्व ब्लाक प्रमुख बलराम सिंह का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। ग्राम फैजुल्लागंज निवासी बलराम सिंह पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। 72 वर्षीय बलराम सिंह ने मंगलवार को अंतिम सांस ली। उनके निधन पर परिवार में गम का माहौल है। उनके निधन पर सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने घर पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी कर शुभम क्लीनिक को किया सील

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** जिला अधिकारी से की गई शिकायत के बाद तहसील प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने नगर में संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापामारी के दौरान एक क्लीनिक संचालक से लाइसेंस दिखाने को कहा गया। लेकिन वह लाइसेंस नहीं दिखा सका। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन के अभिलेख मौके पर न मिलने और पुड़ियों में दवा देने के मामले लापरवाही मानते हुए टीम ने क्लीनिक से मरीजों भेजकर क्लीनिक को सील कर दिया।

मंगलवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के आदेश पर एसडीएम मणि अरोड़ा, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने शाहाबाद रोड स्थित राजवीर के क्लीनिक पर छापामारी की। क्लीनिक शुभम नर्सिंग होम के नाम से चल रहा था। एसडीएम के निरीक्षण में रजिस्ट्रेशन के अभिलेख, चिकित्सक की डिग्री आदि मांगी गई, लेकिन कथित चिकित्सक कुछ भी दिखा नहीं पाया। इसके अलावा मरीजों को पुड़ियों में खुली दवा दी जा रही थी। टीम को मौके पर भारी मात्रा में खुली दवाएं मिलीं।



बिलारी में शुभम क्लीनिक की जांच करतीं एसडीएम मणि अरोड़ा व अन्य।

इसके अलावा अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र, अस्पताल संचालन संबंधित कागजात भी नहीं मिले। वहीं पड़ोस में मेडिकल स्टोर की भी जांच की गई और लाइसेंस दिखाने को कहा तो संचालक ने लाइसेंस दिखा दिया। एसडीएम ने क्लीनिक को सील करने के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को आदेश दिया। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के आदेश पर शुभम क्लिनिक के संचालक राजवीर सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिए गए हैं। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कही जा रही है।

## करंट से विद्युतकर्मी की मौत के मामले में दी तहरीर

**बिलारी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बकैनिया चांदपुर के ग्रामीण ने बेटे की करंट से मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है।

तहरीर में कहा है कि एक अप्रैल को उसका बेटा रामनिवास बिजली विभाग की आरडीएसएस योजना के तहत जलालपुर बिजली घर भटपुरा फीडर के गांव मकरंदपुर में बिजली का खंभा खड़ा करने के कार्य में लगा हुआ थ। जब वह खंभे को गड्ढे में खड़ा कर रहा था, तभी खंभा अनियंत्रित होकर सड़क के दूसरी ओर 11 हजार की लाइन से टकरा गया। जिससे करंट लगने से वह गंभीर घायल हो गया। मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती करने के बाद उसे दिल्ली रेफर किया गया। लेकिन पांच अप्रैल को इलाज के दौरान रामनिवास ने दम तोड़ दिया। अब मामले में तहरीर देकर कहा रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# 5 गांवों में होगी पंचायत सहायकों की नियुक्ति

संवाददाता, डिलारी

● **30 तक कर सकते हैं आवेदन, 14 जुलाई तक बनेगी सूची**

**अमृत विचार :** पंचायत सहायकों के रिक्त पदों पर आवेदक 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। शासन के निर्देश पर भर्ती प्रक्रिया को लेकर डीपीआरओ ने डिलारी एडीओ पंचायत को तैयारियों को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

डिलारी ब्लॉक की पांच ग्राम पंचायतों चांवड़, फरीदपुर हाजी, गुलड़िया माफी, सिहाली खद्दर, सालारपुर में पंचायत सहायकों के पद रिक्त हैं। इन पदों के सापेक्ष ग्राम पंचायत, ब्लॉक व जिला मुख्यालय के जरिये आवेदन लिए जाएंगे। विकास खंड डिलारी के एडीओ पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायतों द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित करने की सूचना ग्राम पंचायत में सूचना पट्ट एवं मुनादी करा दी गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय, विकास खंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र 30 जून तक लिए जाएंगे।

विकास खंड कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों को संबंधित ग्राम पंचायत में जमा करने की अवधि 30 जून नियत की गई है। ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदन पत्रों की वरिष्ठता सूची सात जुलाई से 14 जुलाई तक तैयार की जाएगी। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा 15 जुलाई से 21 जुलाई तक परीक्षण कर संस्तुति की जाएगी। ग्राम पंचायत द्वारा 22 से 24 जुलाई तक नियुक्ति पत्र निर्गत की जाएगी।

# ऊमरी कलां में कुर्बानी के अवशेषों को गड्ढों में दबाया

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** ऊमरी कलां में ईद उल अजहा पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रही। कुर्बानी के अवशेषों को समय से गड्ढों में दबा दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने खुद भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था का जाएजा लिया।

चेयरमैन हाजी उस्मान अली ने कर्मचारियों की बैठक कर पहले ही व्यवस्था बना ली थी और गड्ढों का भी इंतजाम कर लिया था। सफाई कर्मचारियों ने सुबह 8 बजे कुर्बानी शुरू होने के बाद से रात 10 बजे तक घर-घर जाकर अवशेष एकत्र कर गड्ढों में दबवा दिए। चेयरमैन हाजी उस्मान अली और उनके पुत्र सैयद आजम अली पूरे दिन नगर पंचायत के भ्रमण पर रहे और कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते रहे। उस्मान अली ने कहा कि भीषण गर्मी पड़ रही है, इसके उपरांत वर्षा ऋतु शुरू होने को है। घरों में एवं घर के बाहर सफाई करना हमारा उत्तरदायित्व है ताकि संक्रामक बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने इस संबंध में सफाईकर्मियों को भी सख्त निर्देश जारी किए हैं।



सफाई व्यवस्था का जायजा लेते नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली।

● **बारिश से पहले नगर में सफाई के कर्मचारियों को दिए निर्देश**

## रामगंगा में नहाने गए मजदूर की डूबने से मौत

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक मजदूर तीन साथियों के साथ रामगंगा में नहाने गया था। डूबने से उसकी मौत हो गई। मंगलवार को उसका शव नदी से बरामद हुआ।

कांठ-करनपुर मार्ग पर रामगंगा नदी के पुल के पास कुछ लोगों ने खनन का पट्टा ले रखा है और वहां कार्यालय खोल रखा है। यहां ओमपाल पुत्र जीवन सिंह ग्राम मोतियापुरा थाना भोट जनपद रामपुर मजदूरी करता था। 17 जून को ओमपाल तीन साथियों के साथ रामगंगा में नहाने के लिए गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लेकिन, तलाश करने पर भी ओमपाल नहीं मिला। ओमपाल के परिजनों को सूचना मिलने पर उन्होंने पुलिस को बताया। मंगलवार को गोताखोरों ने रामगंगा नदी से शव को बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेजा है।

# विधायक ने सुनीं लोगों की समस्याएं

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के विधायक कमाल अख्तर ने कांठ में शिविर कार्यालय पर विधानसभा के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं एवं लोगों की समस्याएं सुनीं।

शिविर कार्यालय में क्षेत्र से आए विभिन्न ग्रामों के लोगों ने विधायक को ईद की मुबारकाबाद दी एवं सीवरेज, पेयजल, गली, सड़क व बिजली के तारों के संबंध में समस्याएं रखते हुए समाधान की मांग की। विधायक ने अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के लिए कहा। मंगलवार सुबह कई लोग शिकायतें और समस्याएं लेकर विधायक के शिविर कार्यालय पर पहुंचे। लोगों ने राशन न मिलने, राशन के लिए पात्रता सूची में नाम न होने या गलत नाम दर्ज किए जाने, जमीन की पैमाइश न हो पाने, विधवा, वृद्धावस्था, दिव्यांग पेंशन की शिकायतें दर्ज कराईं। विधायक ने अधिकारियों से फोन पर वार्ता करके प्रकरण समझाया और उसका निस्तारण कराने की बात कही। विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि के नाते लोगों की समस्याओं का समाधान करवाना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समस्याओं के समाधान में कोई समस्या आ रही है, उस बारे उन्हें अवगत करवाएं। जनसुनवाई के दौरान लोगों ने विधायक से बिजली, सड़क, पानी, बारिश के पानी की निकासी व अन्य समस्याओं से संबंधित लिखित प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निदान कराने का अनुरोध किया। इस मौके पर विक्रम सिंह यादव, डॉ. अनवर, कविंद्र सिंह, चौधरी मनोज कुमार, डॉ. दानिश, सलमान, जुनैद, तस्लीम प्रधान रहे।




नागरिकों की समस्याएं सुनते विधायक कमाल अख्तर। ● अमृत विचार

● **विधायक ने मौके पर अधिकारियों को फोन कर समाधान के लिए कहा**

# रुपये के लेनदेन में गाली-गलौज मारपीट कर चाकू से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● **घायल आमिर को जिला अस्पताल से मेरठ किया रेफर**

**अमृत विचार :** रुपये के लेनदेन में साथी कर्मी से विवाद में आरोपी के भाई ने बिजली मिस्त्री के पेट में चाकू मार दिया। घायल बिजली मिस्त्री आमिर को सोमवार रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी बहन फरहाना ने बताया कि उसके घायल भाई के लीवर के पास चाकू लगा है। आमिर के बहनोई मोहम्मद फईम ने अमान, इसके पिता मुरसलीन एवं भाई सलमान पर नगर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। जिला अस्पताल से आमिर को मंगलवार को मेरठ रेफर कर दिया है।

उधर, आमिर ने बताया कि वह मुहल्ला मानपुर में हाजी शादी हाल के निकट का रहने वाला है। उसके साथ अमान भी बिजली का काम करता है। सोमवार शाम को अमान के पिता मुरसलीन से उसकी शिकायत कर रहे थे। बताया कि उन्होंने काम के लिए अमान को 10,000 रुपये दे रखे हैं। फिर भी वह 100-100 या 50-50 रुपये उनके नाम पर व्यापारियों से मांग रहा है। इसकी शिकायत उन्हें मिली थी तो वह उसके पिता से शिकायत कर रहे थे। उसी बीच अमान का भाई सलमान आ गया, उसके हाथ में बड़ी छूरी थी। बातचीत के दौरान सलमान अपने पिता के पीछे खड़ा था और उसने छूरी से उनके पेट पर वार कर दिया। आमिर ने बताया कि उन पर हमला करने वाला सलमान अपराधी प्रवृत्ति का है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ऊषा मलिक ने बताया कि घटना की एफआईआर दर्ज कर ली है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### पति और सास पर मारपीट का आरोप, तहरीर दी

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कोतवाली जाकर पति व सास पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यह ममाला गांव भीमा ठीकरी का है। यहां की निवासी उर्मिला पत्नी योगराज ने मंगलवार को अपनी मां के साथ कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। उसने अपने पति और सास जगवती पर मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाया। कहा कि वह उससे दहेज की भी मांग करते हैं। मंगलवार सुबह उसकी मां मिलने आई तो पति शराब पीकर घर आया। दोनों के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। इससे मां बेटी घायल हो गईं। कोतवाली पुलिस जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### दूसरे दिन भी कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा

**बुरावली, अमृत विचार :** ईद उल अजहा पर दूसरे दिन मंगलवार को भी कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा। अल्लाह की राह में बकरों व अन्य जानवरों की कुर्बानी दी गई। विभिन्न मोहल्ले में बुजुर्गों व युवाओं की महफिले सजीं। लोगों ने कुर्बानी कराकर हजरत इब्राहिम की याद को ताजा किया। दूसरे दिन मुस्लिम समुदाय में जश्न का माहौल रहा। मेहमान नवाजी के साथ दावतों का दौर चला। मौलाना अब्दुल वहाब अजहरी बताते हैं कि कुर्बानी करना वाजिब है। यह हजरत इब्राहिम की सुन्नत है। हजरत इब्राहिम अल्लाह की मर्जी व आदेश पर अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी करने लगे। जब से कुर्बानी वाजिब हुई। बताया कि अल्लाह को बकरीद के तीन दिन कुर्बानी से बड़ी कोई चीज कबूल नहीं है। नबी ने कहा कि कुर्बानी करने वाले को नेकियां मिलती हैं। हदीसों में कहा गया है, जो शख्स सच्ची नीयत से कुर्बानी करता है, उसके गुनाह माफ हो जाते हैं।

### मूंढाखेड़ा में दिखा तेंदुआ दहशत में ग्रामीण

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात क्षेत्र के गांव मूंढाखेड़ा के जंगल में मंगलवार सुबह ग्रामीणों को तेंदुए दिखा। इस दौरान किसान खेतों पर काम कर रहे थे। ग्रामीणों ने तेंदुए को रास्ता पार करते हुए देखा तो उनके होश उड़ गए। वे अपने घर लौट गए। गांव में सूचना फैलते ही ग्रामीण लाठी डंडे लेकर उसी स्थान पर पहुंचे। डीएफओ एसपी सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना मिली थी कि तेंदुआ दिखाई दिया है।

### किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी, एक सप्ताह में खातों में पहुंचेगी धनराशि

# दो लाख से अधिक किसानों को मिलेगा निधि का लाभ

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- किसान की मृत्यु होने के बाद सम्मान निधि का लाभ लेने वालों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जिले के दो लाख से अधिक किसानों को मिलेगी। इस किस्त की धनराशि किसानों के सीधे खाते में इस सप्ताह के अंत तक पहुंच जाएगी।

जिला कृषि अधिकारी बबलू कुमार ने बताया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। जल्द जिले के दो लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की धनराशि उनके खातों में मिलेगी। जिले के जो किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि ले रहे हैं, 17वीं किस्त के संबंध में जानकारी दे दी गई है। जिन किसानों के बैंक खाते बंद हो गए हैं। उनको जल्द खाते शुरू करने के आदेश दे दिए गए हैं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि इस सप्ताह के अंत तक जिले के सभी किसानों के खातों में प्रधानमंत्री सम्मान निधि की धनराशि पहुंच जाएगी। उन्होंने किसानों के परिजनो से कहा है कि वे सम्मान निधि की धनराशि आने पर उसकी जानकारी कृषि विभाग को दे। जिन किसानों की सम्मान निधि रुक गई है, वे भी इस संबंध में कृषि विभाग को जानकारी दें। किसी किसान की मृत्यु हो जाती है, तो उसकी जानकारी भी परिवार के लोग कृषि विभाग को दें और सम्मान निधि की धनराशि को तत्काल बंद कर दें। उन्होंने कहा कि अगर किसान की मृत्यु होने के बाद भी सम्मान निधि का लाभ लिया गया है, तो उसका पैसा किसान के परिजनों को वापस करना होगा अन्यथा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

#### मृतक किसानों के खाते में भी जा रहा था पैसा

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले के दो लाख से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि का लाभ मिल रहा है। इस मामले में कृषि विभाग की बड़ी लापरवाही देखने को मिली है। जिसमें किसानों के खाते में सीधे किसान सम्मन निधि भेजी जा रही थी। इसका खुलासा किसी में नहीं हुआ, बल्कि तब लगा जब मृतक किसानों के परिजनों ने खुद विभाग में आकर इसकी जानकारी दी। इस खबर के सामने आते ही विभाग में हड़कंप मच गया। विभाग ने अब इस मामले में कार्रवाई करते हुए मृतकों के परिजनों से किसान सम्मन निधि का पैसा वसूलने का काम शुरू कर दिया है।

# अमरोहा अड्डे से ई-बसों की सेवा जल्द होगी शुरू

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**सुविधा**

- ई-बसों को एक बार चार्ज करना होगा और दिन भर मार्ग पर दौड़ती रहेगी

**अमृत विचार :** अमरोहा डिपो को जल्द ही ई-बसें मिलने जा रही हैं। इन बसों के मार्ग पर चलने से परिवहन निगम के राजस्व नुकसान की भरपाई हो सकेगी। यात्रियों को यात्रा के दौरान आनंद भी मिलेगा।

प्रदेश शासन ने परिवहन निगम को ई-बसें जल्द उपलब्ध कराने की तैयारी शुरू कर दी है। पूरे प्रदेश में 5000 रोडवेज की ई-बसें मिलेंगी। इनमें से 10 बसें अमरोहा डिपो को मिलेंगी। इससे परिवहन निगम को नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा। अमरोहा डिपो के क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि शासन की तरफ से जल्द परिवहन निगम को ई-बसें उपलब्ध करा दी जाएंगी। इसमें अमरोहा डिपो को 10 बसें मिलने की उम्मीद हैं। उन्होंने बताया कि ई-बसों को मुरादाबाद-नूरपुर, मंडी धनौरा, गजरौला, हसनपुर के लिए चलाया जाएगा।

मुरादाबाद में ई-सिटी बसें चल रही हैं। इसकी तर्ज पर प्रदेश शासन ने अन्य मार्गों पर ई बसों को चलाने का निर्णय लिया है। इन बसों के चलने से खर्च भी कम आएगा और परिवहन निगम को नुकसान न के बराबर होगा। वर्तमान में रोडवेज बसों से परिवहन निगम को हर रोज दो लाख का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

बस में सवारी हो या न हो उसे मार्ग पर चलना ही है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी के कारण लोग घर से नहीं निकल पा रहे हैं और रोडवेज की बसों को सावरियां भी नहीं मिल पा रही हैं। अमरोहा डिपो की बसें अपने टारगेट भी पूरा नहीं कर पा रही हैं। ई-बस को एक बार चार्ज करना होगा और दिन भर मार्ग पर दौड़ती रहेगी। शाम को वर्कशॉप में ई-बसों को चार्जिंग के लिए खड़ा कर दिया जाएगा।

# जिलेभर में बिजली संकट, गर्मी से लोग बेहाल

## बिजली घर पर हसनपुर और चौधरपुर के ग्रामीणों ने की नारेबाजी

संवाददाता, चौधरपुर/मंडी धनौरा



चौधरपुर बिजलीघर में धरना देते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच तेज हवा के कारण जिलेभर में बिजली संकट गहरा गया। आपूर्ति नहीं मिलने से लोग गर्मी से बेहाल हो गए। कई जगहों पर लोगों ने विद्युत निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। देर शाम हवा की रफ्तार कम होने पर आपूर्ति बहाल होने से लोगों को राहत मिली।

बिजली संकट से जूझ रहे हसनपुर कला और चौधरपुर के ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। मंगलवार सुबह चौधरपुर बिजली घर पहुंचे ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया और विद्युत निगम हाय हाय कर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि दिन प्रति दिन बिजली कटौती की जा रही है। इससे फसलें भी सूखने लगी हैं। गर्मी से लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। अधिकारी बात सुनने को तैयार नहीं हैं। मजबूर होकर उनको यह कदम उठाना पड़ा। बिजली घर पहुंचे जेई यासिर अराफात ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। कहा कि हर फीडर से 18 घंटे बिजली दी जाएगी। दो घंटे की कटौती रहेगी। सहमति के बाद ग्रामीणों ने धरने को समाप्त किया। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करेंगे।

इस मौके पर कर्मवीर सिंह, गौरव गुर्जर, कोशिंदर भाटी, प्रवीण कुमार, वाजिद अली, सुनील शर्मा, धीरज कांत गुप्ता, राहत अली, बबलू नजाकत, मोहम्मद रफी, नूरा व रोबिन भाटी आदि मौजूद रहे। उधर, मंडी धनौरा क्षेत्र में विद्युत निगम के अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

नगरवासियों को बिजली कटौती से जूझना पड़ रहा है। मंगलवार को बिजली कटौती से लोग जूझते रहे और कई घंटे तक बिजली गायब रही। लगातार दूसरे दिन बिजली कटौती के चलते लोग भीषण गर्मी से परेशान रहे, तो वहीं लोग पीने के पानी तक को तरसते रहे। लोगों का कहना है कि तेज धूप व उमस से सभी परेशान हैं। बिजली की अघोषित कटौती परेशानी बढ़ा रही है। रात को लो वोल्टेज के कारण कूलर व पंखे नहीं चल पा रहे हैं। में कब बिजली आएगी और कब कटेगी, इसका कोई समय नहीं है। गर्मी में लोगों को नियमित रूप से बिजली नहीं मिलने से परेशानी और भी बढ़ गई है।

#### बिजलीकर्मी को पीटने में चार युवकों पर एफआईआर

**अमरोहा, अमृत विचार :** बिजली लाइन ठीक करने पहुंचे लाइनमैन और उसके सहयोगियों को युवकों ने घेर कर मारपीट कर दी। मामले में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह घटना थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव शकरपुर की है। दरअसल क्षेत्र के ही गांव मोहम्मदपुर निवासी अंकुर रजबपुर बिजली घर पर संविदा लाइनमैन है। सोमवार दोपहर वह क्षेत्र के ही गांव भटपुरा निवासी अपने सहयोगी अवनीश के साथ बिजली लाइन ठीक करने के लिए गांव शकरपुर पहुंचा था। आरोप है कि जब वह इरफान के मकान के सामने पहुंचे तभी दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे यश, अभिषेक, मयंक व कुशमेंद्र ने गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनों को गांव में दौड़ाकर कर पीटा। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

#### सलेमपुर गोसाईं में 6 घंटे नहीं मिली बिजली

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में मंगलवार को बिजली छह घंटे गुल रही। भीषण गर्मी में लोग बिलबिला गए। सुबह आठ बजे से गांव सलेमपुर गोसाईं में बिजली गुल हो गई। लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ा। बिजली आपूर्ति न होने की वजह से लोग सबमर्सिबल भी नहीं चला सके। दोपहर 12 बजे तक इन्वर्टर के सहारे लोगों ने समय बिताया, लेकिन बाद में इन्वर्टर भी जबाव दे गए। उपभोक्ताओं को परेशानी से जूझना पड़ा। उपभोक्ता कंट्रोल रूम व अधिकारियों से बिजली आपूर्ति के बारे में जानकारी लेते रहे। गर्मी बढ़ने पर बहुत लोग अपनी कारों को स्टार्ट कर एसी की हवा के सहारे बैठे नजर आए। शाम पांच बजे बिजली आपूर्ति सुचारू होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली निगम के जेई संतोष कुमार ने बताया कि हवा चलने के कारण बिजली आपूर्ति बाधित की थी। जैसे ही हवा कम हो जाएगी, तभी आपूर्ति सुचारू कर दी जाएगी।

# बिजली कटौती ने भीषण गर्मी में बढ़ाई परेशानी, जिम्मेदार बेखबर

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी के चलते लोग बेहाल हैं। ऐसे में बिजली कटौती होने से एसी व कूलर भी राहत नहीं दे रहे हैं। ओवरलोड के कारण ट्रांसफार्मर भी दम तोड़ रहे हैं। शहर में भीषण गर्मी के साथ विद्युत व्यवस्था को लेकर जनता परेशान है। नगर व ग्रामीण अंचल के लोग परेशान हैं।

चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी इस मौसम में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं। लोगों का कहना है कि तेज धूप व भीषण गर्मी से सभी परेशान हैं। एक दिन में आठ से 10 बार बिजली गुल होती है। आए दिन बिजली की समस्या कम होने की बजाए बढ़ रही है। इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।



बार-बार बिजली गुल होने से भीषण गर्मी में परेशान का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन विद्युत निगम के अधिकारी समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बिजली की आवाजाही परेशान कर रही है। **-देवराज सिंह**



तेज धूप व भीषण गर्मी में दिन में 15 से 20 मिनट में बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है। इससे परेशानी बढ़ रही है। बिजली गुल होने पर पयेजल संकट हो जाता हैं। गर्मी में बिजली दी जाए। **-संजीव कुमार**



बिजली की ट्रिपिंग होने से खेत में फसलों की सिंचाई भी नहीं हो पा रही। इससे फसलें सूखने लगी हैं। इसके बावजूद विद्युत निगम के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं। नियमित बिजली मिले तो राहत मिलेगी। **-नीरू नंदन**



दिन में कई बार बिजली गुल हो जाती है। इससे भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी बच्चों व बुजुर्गों को हो रही है। बिजली कब आएगी और कब कटेगी, इसका समय नहीं है। **-दीपक कुमार**



निरीक्षण करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

# कोर्ट में पैरवी कर मामलों में जल्द सजा कराने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस कार्यालय की सभी शाखाओं फील्ड यूनिट, डीसीआरबी, विशेष जांच प्रकोष्ठ, एलआईयू, जनशिकायत प्रकोष्ठ, सीसीटीएनएस, जन सूचना सेल का निरीक्षण कर कार्यों की समीक्षा की।

मंगलवार को एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने कार्यालय में दस्तावेजों के सही से रखरखाव व पत्रवालियों को चेक किया। रिसेप्शन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। इसके बाद लू फील्ड यूनिट, जन शिकायत प्रकोष्ठ, पेशी कार्यालय, विशेष जांच प्रकोष्ठ के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारी व कर्मचारियों को जिम्मेदारी के साथ काम करने के निर्देश दिए। राइस दौरान एसपी ने मानिटरिंग सेल प्रभारी को न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर मामलों में जल्द सजा कराने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान शाखा प्रभारी व पटल पर पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### चोरी बाइकें बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**आदमपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गईं तीन बाइकें बरामद की हैं।

थाना प्रभारी शौकेंद्र बालियान ने बताया कि सोमवार रात शहवाजपुर ढोला तिराहे के पास चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास कर रहे बाइक सवार चिन्टू निवासी ग्राम बहादुरपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि फर्जी नम्बर प्लेट की बाइक 15 दिन पहले आवास विकास कालोनी से चोरी की थी। उसकी निशानदेही पर दो अन्य बाइकें जो करीब 10 दिन पहले सरकारी अस्पताल के गेट के पास और दूसरी बाइक आठ दिन पहले कचहरी गेट के सामने से चोरी की थी। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी का चालान कर दिया है।

# भाकियू असली के कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय पर जड़ा ताला

संवाददाता, मंडी धनौरा



एसडीओ कार्यालय पर तालाबंदी करते किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को होली पार्क स्थित एसडीओ कार्यालय पर तालाबंदी कर दी। किसानों का आरोप है कि विद्युत उपकेंद्र धनौरा से संबंधित मलकपुर फीडर के दर्जनों गांव के किसानों को ट्यूबवेल के लिए बिजली आपूर्ति दो से तीन घंटे मिल पा रही है।

उसमें भी ब्रेकडाउन और रोस्टरिंग रहती है। कई बार उच्चाधिकारियों से मलकपुर फीडर की सप्लाई सुचारू रूप से करने की शिकायत की गई। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे गुस्साए किसान मंगलवार को होली पार्क स्थित एसडीओ के कार्यालय पर पहुंचे। एसडीओ प्रदीप यादव के मौके पर न मिलने पर भाकियू के कार्यकर्ताओं ने एसडीओ कार्यालय पर तालाबंदी कर दी। विद्युत निगम के खिलाफ नारेबाजी की और एक घंटे में एसडीओ को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। एक घंटे में एसडीओ प्रदीप यादव के न आने पर स्टेट हाईवे पर जाम लगाने की चेतावनी दी। कुछ ही देर में एसडीओ किसानों के बीच पहुंच गए। एसडीओ ने भरोसा दिया कि शेड्यूल के मुताबिक, विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से दी जाएगी। इस पर किसानों ने तालाबंदी समाप्त कर दी। इस मौके पर नरेश कुमार, कपिल चौधरी, धर्मपाल सिंह, दीपक सिंह, तेजप्रकाश सिंह, धर्म सिंह, शुभाष, प्रीतम आदि मौजूद रहे।

### केंद्र को भारी पड़ी किसान की अनदेखी : उपेंद्र सिंह

**अमरोहा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने अमरोहा में प्रेस वार्ता की। कहा कि एमएसपी पर गारंटी कानून बनाने में देरी, गन्ना मूल्य भुगतान में देरी, किसानों की अनदेखी केंद्र सरकार को लोकसभा चुनाव में भारी पड़ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने फसलों की सिंचाई के लिए निशुल्क बिजली देने की घोषणा की है, लेकिन किसानों के पास बिल जमा करने के लिए संदेश अभी भी भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में अंतर है। किसानों के नलकूपों के बोरिंग फेल हो रहे हैं। जलस्तर तेजी से नीचे जा रहा है। उन्होंने ग्रामीण इलाकों में अधिक से अधिक बिजली आपूर्ति देने की मांग की है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजवीर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष अंकित, रमेश सिंह आदि रहे।

### हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद बांटा गया

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री राम सेवा समिति के साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम के अंतर्गत घर-घर हनुमान चालीसा का पाठ व आरती हुई। मंगलवार को श्री बालाजी भगवान का चालीसा पाठ व आरती मुकेश गुप्ता के आवास पर संपन्न हुआ। चालीसा का पाठ करने के बाद श्री बालाजी भगवान की आरती कर प्रसाद का वितरण किया। चालीसा में नगर पालिका के अध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर, रानू रस्तोगी, मुकुल अग्रवाल, विजय पारछा, बबलू पाल, आकाश अग्रवाल आदि रहे।

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम Mohammad Phahim से बदलकर Mohammad Fahim कर लिया है। भविष्य में मुझे Mohammad Fahim के नाम से जाना व पहचाना जाए।

-मौहम्मद फहीम पुत्र मौहम्मद नसीम गांव पित्तान्हेड़ी जिया पोस्ट कोतवाली जिला बिजनौर

**नाम-परिवर्तन**

पहले मेरा नाम KM SOMA BAI था अब मैंने बदलकर SUMAN RANI W/o DAULAT RAY निवासी ग्राम पदमपुर, बगी, तहसील स्वार, रामपुर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

**योग सप्ताह** विकास भवन में अधिकारियों ने किया योगाभ्यास, लोगों से योग करने की अपील की

# मानसिक तनाव दूर करने के लिए योग महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



विकास भवन में योग करते जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, सीडीओ व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** योग सप्ताह के चौथे दिन मंगलवार को विकास भवन में योगाभ्यास किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी, सीडीओ और अन्य अधिकारियों ने योग किया। डीएम ने जिले के नागरिकों से समय निकाल कर योग करने की अपील की।

इस बार 10वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। 15 से 21 जून तक योग सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। मंगलवार को चौथे दिन विकास भवन परिसर में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इस योगाभ्यास कार्यक्रम में डीएम, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार मिश्र, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, यूनानी अधिकारी, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारियों ने योग की सभी विधाओं में योगाभ्यास किया। डीएम ने कहा कि 15 जून से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है, इसके तहत प्रत्येक ब्लॉक तहसील ग्राम पंचायत व शहरी क्षेत्र में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सभी नागरिकों से अपील है कि अपना अमूल्य समय निकालकर प्रतिदिन 10 से 15 मिनट तक योग करें। यह मानव जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग व्यक्ति को तनाव और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह मस्तिष्क और शारीरिक विकास के लिए भी लाभदायक है। नीतीश कुमार भारद्वाज और आयुष विभाग के कर्मचारियों ने योगाभ्यास कराया।

# अधिवक्ताओं ने की कलमबंद हड़ताल

संवाददाता, हसनपुर



हड़ताल के दौरान बैठक में मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- उप जिलाधिकारी से हुई वार्ता में नहीं हुआ कोई निर्णय
- वकीलों ने नायब तहसीलदार हटाने की उठाई मांग

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के पदाधिकारियों ने तहसीलदार कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं नायब तहसीलदार भारत प्रताप सिंह के खिलाफ नाराजगी जताई। अधिवक्ताओं ने कलम बंद हड़ताल की, जो पांचवें दिन भी जारी रही। नायब तहसीलदार के स्थानांतरण तक हड़ताल जारी रहेगी।

जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी ने अधिवक्ताओं को वार्ता का प्रस्ताव 18 जून को एक बार फिर भेजा। उप जिलाधिकारी के कक्ष में वार्ता हुई, लेकिन कोई निर्णय नहीं हो सका। तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता ने बताया कि तहसील बार एसोसिएशन की जनरल हाउस की बैठक 19 जून को 11 बजे बार सभागार में होगी। बार अध्यक्ष के निर्देशानुसार, उप निबंधक कार्यालय हसनपुर में मंगलवार को किसी भी दस्तावेज की रजिस्ट्री न हो, इसके लिए अधिवक्ता निगरानी समिति निगरानी रखेगी। इस दौरान बार अध्यक्ष गंगासरन, महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता, फतेह सिंह, रामचंद्र सिंह, धीरेंद्र सिंह, केशवराव, रमेश चंद्र प्रजापति, अरविंद शर्मा, चरन सिंह चौहान, विनोद त्यागी, संजीव कुमार, ठाकुर नरेश पाल सिंह, दिनेश गुप्ता, श्योराज सिंह राणा, ऋषि पाल सिंह चौहान, महावीर सिंह, मुजाहिद चौधरी, सुनील भटनागर मौजूद रहे।

**डॉलफिन पैथोलॉजी सेन्टर**
मुस्कान नर्सिंग होम के सामने
आशियाना फेस- 1
24 घन्टे
सुविधा उपलब्ध
सभी प्रकार की खून की जाँच
होम डिलीवरी की
सुविधा उपलब्ध
Mob:- 9027586572, 9927994700

प्रो. पंकज कुमार मो. 7505622049
**शरद डेयरी एण्ड कनफेक्शनरी**
हमारे यहाँ पर दूध, दही, पनीर, मावा, क्रीम, सफल मटर, मक्खन, बर्थडे का सभी सामान, कोल्ड ड्रिंग, पत्तल गिलास, दोने व चम्मच एवं जन्मदिन के केक भी मिलते है।
पता- गजरौला रोड, प्रथमा बैंक के पास सलेमपुर गौसाई, बाजार मार्केट (अमरोहा)

## एक नजर

### ट्रैक्टर निकालने को लेकर मारपीट, एक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** सैदनगली क्षेत्र के गांव पुटसल निवासी राजीव मंगलवार को अपने खेत से मैंथा ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर चकरोड पर ले जा रहा था। तभी गांव के चार लोगों ने उसे रोक लिया और कहासुनी होने लगी। दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। लोगों ने राजीव के सिर पर फावड़ा मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल परिजनों के साथ थाने पहुंचा और आरोपी लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। थानाध्यक्ष निशांत राठी ने बताया कि मारपीट के मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### पेड़ काटने की शिकायत पर मां-बेटे को पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में रात्रि में यूकेलिप्टिस के पेड़ काटने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस दौरान पथराव भी हुआ। इसमें मां-बेटा घायल हो गए। घायल पीड़ित कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल परीक्षण के लिए नगर के सीएचसी भेजा। गांव रखेडा निवासी संजय पुत्र बाबूराम अपनी मां ललतिया के साथ रात में खेत से यूकेलिप्टिस के पेड़ काटने की सूचना पर मंगलवार सुबह खेत पर पहुंचा। यहां देखा कि गांव के ही कुछ लोगों ने खेत की मेढ़ पर लगे पेड़ों को काट लिया था। पीड़ित ने आरोपी के घर जाकर शिकायत की तो वह आग बबूला हो गया। दोनों में मारपीट हो गई।

### छेड़खानी के आरोपी के खिलाफ दी तहरीर

**आदमपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार शाम छह बजे वह अपने बच्चों के साथ आराम कर रही थी। तभी गांव निवासी युवक उसके घर में घुस आया और गाली गलौज करने लगे। जब विरोध किया तो उसने छेड़खानी की। लाठी डंडों से मारा पीटा। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पति बचाने मौके पर पहुंचा तो आरोपी ने उसे भी पीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने तहरीर देकर कार्रवाई मांग की है।

### जिले में लू के थपेड़ों से नहीं मिल रही राहत, मंगलवार को 44 डिग्री सेल्सियस रहा तापमान

# दो डिग्री तापमान कम, फिर भी गर्मी से लोग हो रहे बेदम

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** इस माह के तीसरे सप्ताह में भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो रहे हैं। जिले का तापमान में दो डिग्री सेल्सियस कम होने के बाद भी लू के थपेड़ों से राहत नहीं मिल रही है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा।

एक सप्ताह से पूरा जिला भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। सुबह से ही गर्म हवा चलनी शुरू हो जाती है। तपिश और धूप के बीच लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है। दोपहर को बाजार में सन्नाटा और सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो रही है। लोग गर्मी व लू से बचने के लिए जरूरी काम से ही घर से बाहर निकल रहे हैं। घर से बाहर निकलते समय लोग सिर, चेहरे को कपड़े से ढककर निकल रहे हैं। दोपहिया वाहन सवार लोगों


चेहरे ढककर जातीं महिलाएं।

को अधिक परेशानी हो रही है। पंखे व कूलर से भी लोगों को राहत नहीं मिल रही हैं। जिले के तापमान की बात करे तो दो दिनों में तापमान 45 और 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मंगलवार को तापमान में दो डिग्री की कमी आई, लेकिन भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। मंगलवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस रहा। लोग धूप से बचने के लिए छांव की तलाश करते रहे। दोपहर को गर्मी से लोग बेहाल हो गए। जगह जगह लोगों ने राहगीरों को शर्बत पिलाया। मंगलवार को शहर में कई जगह शर्बत पिलाया गया। शहर के अतरासी रोड, टीपी नगर चौराहा, बिजनौरा रोड, आजाद मार्ग पर लोगों ने राहगीरों को शर्बत पिलाया।


शर्बत वितरण के दौरान मौजूद पालिकाध्यक्ष शशि जैन व बृजेश चौधरी।

### भाजपाइयों ने शर्बत वितरण में किया श्रमदान

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने निर्जला एकादशी पर शर्बत का वितरण किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष और अमरोहा लोकसभा क्षेत्र के संयोजक बृजेश चौधरी, पालिकाध्यक्षा शशि जैन मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहगीरों को शर्बत पिलाना मानव सेवा का कार्य है।

### गर्मी में बढ़ रहे बुखार व डायरिया के मरीज

**अमरोहा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कारण हर रोज बुखार और डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मरीज निजी अस्पताल, जिला अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंच रहे हैं।

अस्तपतालों में मंगलवार को भीषण गर्मी के बीच बुखार और डायरिया के मरीजों की भीड़ रही। सुबह से ही मरीजों की लाइन ओपीडी पर लग रही। जिला अस्पताल में सुबह से ही मरीजों की भीड़ रही। पर्चा बनवाने के लिए लंबी लाइन नजर आई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चरण सिंह ने बताया कि मंगलवार को 900 लोगों को ओपीडी में देखा गया। इनमें अधिकांश बुखार, डायरिया और त्वचा रोगों से संबंधित थे। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल के वार्ड में 25 मरीजों को भर्ती किया गया है। 15 मरीज डायरिया और 10 बुखार के शामिल थे। सभी का इलाज किया जा रहा है। गर्मी के बीच खानपान पर विशेष ध्यान दिया जाए। लापरवाही बीमारी का कारण बन जाती है।

# ईद मिलकर लौट रहे दंपति की हादसे में मौत

### रहरा मार्ग पर गांव हाकमपुर में कार ने बाइक को रौंदा

संवाददाता, बुरावली/रहरा

**अमृत विचार :** हसनपुर-रहरा मार्ग पर मंगलवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। दोनों ईद उल अजहा मिलकर घर लौट रहे थे।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव मछरिया निवासी ग्यासुद्दीन ने अपनी पुत्री मंतशा (24) की शादी दो साल पहले वसीम (25) पुत्र इलियास निवासी गलसुआ के साथ हुई थी। सोमवार को ईद उल अजहा पर महिला अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर मायके ईद मिलने आई थी। मंगलवार सुबह ईद मिलकर दोनों गलसुआ लौट रहे थे। हसनपुर-रहरा मार्ग पर गांव हाकमपुर में एसएलजे डिग्री कॉलेज के पास हसनपुर की दिशा से आ रही स्कार्पियो ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।


सड़क दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़। ● अमृत विचार


वसीम।


मंतशा।

पुलिस ने दोनों घायलों को एंबुलेंस से रहरा सीएचसी में पहुंचवाया, जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन दोनों को मेरठ ले जा रहे थे। तभी रास्ते में दंपति की मौत हो गई। मौत की खबर से मायके व ससुराल वालों में कोहराम मच गया। मंतशा के पास अभी कोई बच्चा भी नहीं था। वह सात माह की गर्भवती भी थी। थानाध्यक्ष रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### सब्जी विक्रेता की हार्टअटैक से जान गई

**हसनपुर, अमृत विचार :** सब्जी विक्रेता की हार्ट अटैक से मौत हो गई। नौ दिन बाद उसकी बेटी का निकाह भी होना है। नगर के मोहल्ला काला शहीद पूठ अड्डा निवासी लाईक अहमद ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज पढ़ने के बाद घर लौट रहे थे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में पानी पिया तो वह पीछे को गिर गए। राहगीर उन्हें उठाकर उसके घर ले गए। लेकिन तब तक हार्ट अटैक आने से लईक (42) की मौत हो चुकी थी। वह फल बेचकर परिवार का पालन पोषण करते थे। उन्होंने अपने पीछे तीन बच्चों व पत्नी को छोड़ा है। 26 जून को लईक की बेटी का निकाह होना है। लईक ने अपने मिलने वालों को बताया था कि वह बेटी का निकाह करने के बाद डॉक्टर को अपनी तबीयत दिखाने के लिए जाएगा।

### करंट से झूलसे युवक ने उपचार के दौरान दम तोड़ा



**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक आठ दिन पहले विद्युत लाइन पर काम करते समय करंट की चपेट में आकर झुलस गया था। परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे मेरठ रेफर कर दिया। मेरठ में उपचार के दौरान युवक की सोमवार को मृत्यु हो गई। परिजनों ने मंगलवार को अंतिम संस्कार कर दिया। गांव करनपुर माफी निवासी लोकेश (25) गांव लुहारी भूड़ निवासी कलुआ ठेकेदार के पास रहकर विद्युत लाइन का कार्य करता था। आठ दिन पहले वह नौगांवा सादात के गांव महमूदपुर में विद्युत लाइन पर काम कर रहा था। तभी विद्युत लाइन में करंट आने से वह झुलस गया था। मेरठ में उसकी मौत हो गई। मृतक लोकेश ने अपने पीछे पत्नी रजनी एवं सवा वर्षीय बेटी को रोते बिलखते छोड़ा है। मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था।

# हादसे में निसपा के प्रदेश सचिव और पत्नी घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** चौकी इंचार्ज की कार व बाइक की भिड़ंत होने से निषाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव और उनकी पत्नी, पुत्र घायल हो गए। पति-पत्नी को हायर सेंटर फर किया गया है।

मंगलवार दोपहर बाद बलराज प्रजापति पत्नी सोनिया प्रजापति व बेटे टिंकू के साथ बाइक पर सवार होकर नगर में रिश्तेदारी से अपने घर प्रजापति नगर अमरोहा लौट रहे थे। अमरोहा मार्ग पर रजोंहा के पास सामने से आ रही कार से बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें बलराज, उनकी पत्नी और पुत्र घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घायल बलराज प्रजापति निषाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव है। उन्होंने बताया कि कोतवाल हसनपुर को चार बार फोन किया। लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। वह उनके परिवार दर्द के कारण अस्पताल में तड़पते रहे। आरोप लगाया कि कार किसी चौकी इंचार्ज की है। इसके चलते पुलिस ने उन्हें तवज्जो नहीं दी है।

### वैन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

**रहरा, अमृत विचार :** हसनपुर दिशा से आ रही वैन और गवां की ओर से आ रही बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें बाइक सवार दूर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी गुड्डू पुत्र लाखन सिंह मंगलवार शाम बाइक से अपने गांव वापस जा रहा था। रहरा में बस स्टैंड पर पहुंचा, तो हसनपुर की दिशा से आ रही वैन ने जोरदार टक्कर मार दी।

### गंगा में स्नान करते समय डूबे दो युवक, बचाया

**गजरौला, अमृत विचार:** रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने आए दो युवक तिगरी गंगा में स्नान करते समय डूब गए। पास में स्नान कर रहे श्रद्धालु की चीख-पुकार सुनकर गोताखोरों ने युवकों को बचाया।

मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी निखिल कुमार व प्रवीण अपने किसी रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए तिगरी गंगा धाम आए थे। अंतिम संस्कार के बाद दोनों गंगा में स्नान करने लगे। इसी बीच गहरे पानी में दो युवक डूबने लगे। दोनों युवकों को डूबता देख आसपास स्नान कर रहे श्रद्धालुओं ने शोर मचा दिया। घाट के पास बैठे गोताखोर गंगा में कूद गए और उन्होंने दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंदा एक की मौत, दो लोग जख्मी

संवाददाता, गजरौला

**हादसा**

- गजरौला-तिगरी मार्ग पर गांव कुमराला के पास हुई दुर्घटना
- परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी आरोपी पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** सोमवार देर रात गजरौला-तिगरी मार्ग पर ट्रैक्टर ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। इसमें एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि हादसे में उसका भाई समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

शहर के मोहल्ला आंबेडकर नगर निवासी कुलदीप की तिगरी मार्ग स्थित गांव शाहपुर में ससुराल है। कुलदीप व उसका भाई सचिन व परिवार का ही टीटू दो बाइकों से कुलदीप की ससुराल गए थे। वहां से देर रात लौटते समय एक बाइक पर टीटू व सचिन, जबकि दूसरी बाइक पर कुलदीप सवार था। इसी बीच रास्ते में गांव कुमराला के पास सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने दोनों बाइक सवारों को टक्कर मार दी। इसमें सचिन की मौत हो गई और टीटू व कुलदीप घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं राहगीरों की सूचना पर घायलों के परिजन व पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित पक्ष ने मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### किसान की मौत मामले में हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**हसनपुर, अमृत विचार :** रविवार सुबह वृद्ध किसान का शव घेर के आंगन में पड़ा मिला था। गले पर मिले निशान के आधार पर छोटे भाई ने हत्या की आशंका जताई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है।

गांव सिरसा गुर्जर निवासी भीमसेन उर्फ कालिया (65) का घेर और घर गांव के बाहरी छोर पर है। सुबह छोटे भाई सल्लू के बच्चे खेलते हुए कालिया की चारपाई के पास पहुंचे तो उन्होंने देखा कि चादर ढकी हुई है। मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे और कालिया का शव चारपाई पर देखा। छोटे भाई सल्लू का कहना है कि मृतक के गले पर जो निशान थे उससे हत्या की आशंका लग रही थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### भाकियू ने किया प्रदर्शन एसडीएम को सौंपा पत्र

**मंडी धनौरा, अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में मंगलवार को धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

भाकियू शंकर के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आजमपुर में चकबंदी प्रकिया में 300 किसान परिवारों की जमीन झील में दर्शा दी गई। जबकि वह किसानों के नाम खसरा खतौनी में दर्ज है। जब तक इस समस्या का समाधान नहीं होता तब तक चकबंदी प्रकिया पर तत्काल रोक लगाई जाए। किसानों के बकाया गन्ने का भुगतान दिलाया जाए। मध्य गंगा नहर फेस-2 में पानी छुड़वाया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बृजघाट से मुरादाबाद तक सभी अवैध कटों को बंद कराया जाए। पशुओं से किसानों की फसलों को बर्बाद होने से बचाया जाए। गजरौला में ट्रामा सेंटर बने। ज्ञापन देने वालों मे राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह, जिला अध्यक्ष सत्यपाल सिंह, उमेश पाल आदि रहे।

**मानव सेवा** जगह-जगह किया गया शर्बत वितरण, विधायक ने मिठाई भी बांटी

# निर्जला एकादशी पर जनता की सेवा करना बड़ा पुण्य

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की तीसरी बार सरकार बनने और अमरोहा लोकसभा सीट से चौधरी कंवर सिंह तंवर की जीत की खुशी में विधायक राजीव तरारा ने समर्थकों के साथ शर्बत व मिठाई का वितरण किया।

मंगलवार को विधायक ने नगर के कमेलपुर रोड स्थित आनंद धाम आश्रम के पास मिठाई बांटी। विधायक ने कहा कि नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से देश में रुके काम पूरे होंगे। इस दौरान कमल अग्रवाल, राजीव, कपिल भाड़ना, निहार त्यागी, महकपाल सिंह, चरण सिंह प्रधान, सतवीर सिंह, गितेश अग्रवाल, गौरव सागर, हरेंद्र सिंह, प्रिंस चावला आदि


प्रसाद वितरण करते विधायक राजीव तरारा।


राहगीरों को शर्बत पिलाते राहुल अग्रवाल व अन्य।


शर्बत पिलाते पूर्व पालिका अध्यक्ष।

कार्यकर्ता मौजूद रहे। उधर, नगर के ब्लू वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल ने निर्जला एकादशी पर अमरोहा रोड स्थित स्कूल के सामने शर्बत वितरित किया। प्रबंधक ने कहा कि जनता की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य है। यहां निर्देशिका राखी अग्रवाल, प्रधानाचार्या अंजलि दुबे, पीटीआई सचिन धारीवाल सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। उधर, श्री भैरव मंदिर की समीति के सदस्यों ने शेरपुर रोड पर शर्बत का वितरण किया है। पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश सैनी ने धनौरा फिलिंग स्टेशन पर राहगीरों को शर्बत पिलाया। इस मौके पर डोली सैनी, संजीव कुमार, शशि रानी, रोशनी सैनी, निशु चौधरी, ओमप्रकाश सैनी, नीतू रानी, रजनी शर्मा, राधा रानी, चंचल रानी, पूनम सैनी, पूजा रानी, रितिक कुमार, रवि कुमार, रामकिशोर, विनेश सैनी आदि मौजूद रहे।

### गंगा प्याऊ मंदिर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटा शर्बत

**गजरौला, अमृत विचार :** केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने और चौधरी कंवर सिंह तंवर के सांसद निर्वाचित होने पर शर्बत बांटा गया। शहर निवासी दिनेश अग्रवाल ने मंगलवार को शहर के इंदिरा चौक स्थित गंगा प्याऊ मंदिर पर शर्बत वितरण किया। इस दौरान सौरभ जैन, डॉ .उत्तम सिंह प्रजापति, मनमोहन सिंह, सैन सुरेश प्रजापति, प्रमोद कुमार पाल, सतपाल सिंह पाल, डॉ . विजेंद्र सिंह, डॉ . सुमेरचंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



शर्बत वितरण करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### व्यापारियों ने राहगीरों को बांटा शर्बत

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर स्थित आंबेडकर पार्क के पास उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी ने निर्जला एकादशी पर राहगीरों को शर्बत पिलाया। मंगलवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने शिविर लगाकर शर्बत का वितरण किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि समय-समय पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी सामाजिक कार्य करते रहते हैं। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष शिखर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, अमित अग्रवाल, मनोज गोयल, अभिषेक अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, विवेक शर्मा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


हसनपुर रहरा मार्ग पर शर्बत पिलाते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### भाकियू अंबाबता के कार्यकर्ताओं ने पिलाया मीठा पानी

**हसनपुर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते भारतीय किसान यूनियन अंबाबता के कार्यकर्ताओं ने रहरा मार्ग पर राहगीरों को मीठा पानी बांटा। मंगलवार को भाकियू अंबाबता के युवा जिला अध्यक्ष लोकेश सिंह विधूड़ी के नेतृत्व में पदाधिकारी ने नगर के रहरा मार्ग स्थित गांव दौलतपुर कुटी के शिव मंदिर के पास शर्बत का वितरण किया गया। इस मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह, तहसील अध्यक्ष तेजपाल सिंह प्रजापति, जितेंद्र सिंह, सोनू गुर्जर, युवा जिला महासचिव हिमांशु गुर्जर, अनुज, इतेंद्र, अमित, शिवा, प्रिंस , टिंकू गुर्जर आदि मौजूद रहे।


ढबारसी में शर्बत वितरण करते जिला पंचायत सदस्य। ● अमृत विचार

### जिला पंचायत सदस्य ने किया शर्बत वितरण

**ढबारसी, अमृत विचार :** पूर्व सीओ व जिला पंचायत सदस्य शीशराम सिंह ने आजाद किसान सेवा केंद्र पर लोगों को शर्बत किया। शर्बत पीकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। इस अवसर पर इरकान अली युवा जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल, अंकित सागर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, रिंकू गुर्जर, जयपाल सिंह, मनीष कुमार, गुनगुन, आयुष कुमार, शिवम, प्रियांशु, हिमांशु, मयंक आदि उपस्थित रहे।


राहगीरों को शिकंजी बांटते सेवा ट्रस्ट के सदस्य। ● अमृत विचार

### सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने पिलाई शिकंजी

**अमरोहा, अमृत विचार :** निर्जला एकादशी पर मोहन चंद्र अग्रवाल सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने राहगीरों को शिकंजी का वितरण किया। मंगलवार को मोहन चंद्र अग्रवाल सेवा ट्रस्ट की ओर से सर्राफा बाजार में शिकंजी का वितरण किया गया। सुबह शिकंजी वितरण शुरू होकर दोपहर दो बजे तक चला। ट्रस्ट के प्रबंधक कुंवर विनीत अग्रवाल ने बताया कि सनातन धर्म में निर्जला एकादशी का बहुत महत्व है। इस एकादशी को भीम सैनी एकादशी भी कहा जाता है। इस दिन लोगों को शर्बत, शिकंजी व पानी पिलाना पुण्य का कार्य होता है। इस मौके पर मनोज वर्मा, विवेक अग्रवाल, शार्दुल अग्रवाल, अभय आर्य, प्रदीप रस्तोगी, दीप खंडेलवाल, अमित अग्रवाल, वंश अग्रवाल, अंश अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, निशा अग्रवाल, काकुल अग्रवाल आदि लोगो रहे।


शर्बत पिलाते गुर्जर महासभा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### एकादशी पर मीठा पानी बांटा गया

**हसनपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की ओर से मंगलवार को रहरा बस अड्डे पर चौराहे के पास शिविर लगाकर पेयजल एवं शर्बत का वितरण किया गया। इसका आरंभ भोले सिंह पवार, रामचंद्र सिंह, इकबाल सिंह एवं किरन पाल सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान 1500 से अधिक लोगों ने इसका लाभ लिया। बार एसोसएशिन के पूर्व अध्यक्ष महिपाल सिंह ने कहा कि एकादशी पर लोगों को मीठा पानी पिलाने का चलन बरसों से चल रहा है। इस मौके पर यशपाल सिंह, अशोक कुमार, कुंवरपाल सिंह, रणवीर सिंह फौजी, गौरव नागर, राजा गुर्जर, विनोद आदि रहे।


डिडौली में शर्बत का वितरण करते लोग। ● अमृत विचार

### शर्बत वितरण कर धर्म लाभ कमाया

**डिडौली, अमृत विचार :** निर्जला एकादशी के अवसर पर खाटू श्याम संस्था की ओर से भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने राहगीरों को शर्बत वितरण कर धर्म लाभ कमाया। इस अवसर पर विजय गुप्ता, हरिओम कपासिया, सौरभ गुप्ता, ठाकुर पौपाल सिंह ,नरेंद्र कुमार वर्मा, तुषार गुप्ता, गिरीश गुप्ता, सनी ठाकुर, राहुल ठाकुर, शिवम कुमार, आकाश, हर्षित अग्रवाल, यश गुप्ता, गौरव गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बिजली चोरी करते मिले 12 लोग, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/जुनावई अमृत विचार :** बिजली विभाग के अवर अभियंता सोरन सिंह व नोडल अधिकारी अमरीश कुमार के नेतृत्व में जुनावई में चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 12 लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा। इनमें बिना कनेक्शन के चोरी की बिजली से एसी चलाने और बिजली का घरेलू उपयोग करने वाले 10 लोग रहे। दो उपभोक्ताओं की बिजली बकाये पर पूर्व में काटी गई थी लेकिन फिर से लाइन जोड़कर बिजली चोरी करते पकड़े गए। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी गई। अवर अभियंता सोरन सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र पर ओवरलोडिंग की समस्या रहती है। बिजली चोरी रोकने के लिए चेकिंग अभियान जारी रहेगा।

### शराब के लिए रुपये नहीं देने पर पीटा

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर मढ़ी निवासी देवेंद्र ने मंगलवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि सोमवार की रात आठ बजे घर पर ही मौजूद था।गांव का ही युवक देवेंद्र के घर पहुंचा। आरोप है कि युवक देवेंद्र से शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। रुपये नहीं होने की बात कहते हुए देवेंद्र ने युवक से रुपये देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर युवक देवेंद्र के साथ गाली गलौज करने लगा। गाली गलौज की आवाज को सुनकर युवक का भाई व चाचा भी मौके पर आ गया। जिसके बाद तीनों ने मिलकर मारपीट करते हुए देवेंद्र को घायल कर दिया और धमकी देते हुए तीनों भाग गए। सुबह तहरीर मिलने पर पुलिस ने देवेंद्र का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया।

### अस्पताल से बाइक चोरी

**संभल, अमृत विचार :** मंगलवार को सरायतरीन निवासी मुकीम अपनी पत्नी नगमा को बाइक पर सवार होकर दवा दिलाने जिला अस्पताल आया था। परिसर में बाइक खड़ी कर दंपति पर्ची कटवाकर डॉक्टर से दवा लेने अस्पताल में गए थे। वापस लौटकर आए तो परिसर से बाइक गायब थी। आसपास में मुकीम ने बाइक की तलाश की, लेकिन बाइक का पता नहीं चला। मुकीम ने बताया कि बाइक दो वर्ष पहले ही शादी में मिली थी।

# बड़ी कार्रवाई:गुन्नौर कोतवाल सहित 39 पुलिस कर्मचारी लाइन हाजिर

## लोकसभा चुनाव के बाद गोपनीय रिपोर्ट के आधार पर एसपी ने कार्रवाई की

संवाददाता,बहजोई/संभल

- कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में मचा हड़कंप



**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव व ईद का त्योहार निपटने के बाद तमाम आरोपों से घिरे पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। गुन्नौर के कोतवाल के साथ ही एक दर्जन से ज्यादा दरोगाओं सहित विभिन्न थानों में तैनात 39 पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर किया है। पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मचा है।

एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने पुलिस कर्मियों को लाइन हाजिर करने का जो आदेश जारी किया है उसमें सबसे पहला नाम गुन्नौर के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार बालियान का है। अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना तथा महिला की हत्या के मामले में गुन्नौर कोतवाल पर गाज गिरने की बात कही जा रही है।

वहीं जिन दरोगाओं को लाइन हाजिर किया गया है उनमें थाना नखासा से सैयद खान, असमोली से राज सिंह, संभल के चौकी प्रभारी चौधरी सराय सुनील कुमार, चौकी प्रभारी एकता थाना संभल जितेंद्र कुमार, बहजोई से अर्पणा बंसल, चौकी प्रभारी पतरिया थाना जुनावई से योगेश कुमार, चौकी प्रभारी कस्बा गुन्नौर सत्येंद्र कुमार, थाना धनारी से सुरेशपाल सिंह, चौकी प्रभारी लक्ष्मण गंज थाना चंदौसी से सचिन भाटी, थाना चंदौसी से कुंवरपाल सिंह, बनियाठेर की चौकी आटा के प्रभारी राधेश्याम शर्मा, एचौड़ा कंबोह के मनोज कुमार और सुभाष चंद्र सहित 13 दरोगाओं के नाम शामिल हैं।

### थाना प्रभारियों के खास पुलिस कर्मियों व सीओ असमोली के ड्राइवर पर भी गाज

**बहजोई/संभल,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने हजरत नगर गढ़ी से मुख्य आरक्षी हेमराज सिंह, हयातनगर से गजेंद्र सिंह, बहजोई से गोपालचंद्र, जुनावई से जावेद अली, गुन्नौर से विकास मलिक और रोहित यादव, रजपुरा से नवनीत चौधरी और गौरव चौधरी, चंदौसी से तेज सिंह को भी लाइन हाजिर किया है। आरक्षियों में हयातनगर से आयुष, नखासा से चालक मोहम्मद रफी, सीओ असमोली के वाहन चालक राकेश शर्मा, असमोली से विकेश बालियान, बहजोई से प्राशु तोमर, नरेश कुमार, कुलदीप सिंह, जुनावई से कादिर, गुन्नौर से सिद्धार्थ मलिक और मोहित मलिक, धनारी से दीपक राठी और आदित्य राठी, रजपुरा से सुरेंद्र सिंह, बनियाठेर से धर्मेंद्र शर्मा और एचोड़ा कंबोह से शुभम आर्य को भी लाइन हाजिर किया गया है।

### जिला मुख्यालय के मुद्दे पर एनएचआरसी में याचिका

**संभल , अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुमित कुमार रस्तोगी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में संभल में जिला मुख्यालय बनाए जाने को लेकर याचिका दायर की है। कहा कि वर्ष 2011 में संभल को जिला बनाया गया था लेकिन अस्थाई मुख्यालय बहजोई से संचालित हो रहा है। संभल बुनियादी शिक्षा में पिछड़ा हुआ है। लोकसभा क्षेत्र संभल होने के साथ ही संभल तहसील सर्वाधिक राजस्व देती है। यहां के एआरटीओ को सरकार हटाना चाहती है।

कहा कि प्रदेश सरकार पर यह आरोप है कि 70 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम वर्ग की आबादी होने के कारण संभल को जिला मुख्यालय नहीं दिया गया जबकि सरकार का नारा सबका साथ सबका विकास है। रोडवेज बस अड्डा की सुविधा भी नहीं है। बहजोई में अस्थाई जिला मुख्यालय होने के कारण संभल और दूसरी तहसीलों के लोगों को लाभ नहीं मिल रहा। संभल के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने करीब 6 लाख की आबादी से इंसाफ करने की मांग उठाई।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई



दुकान का जला सामान देखता दुकानदार। ● अमृत विचार

- सोमवार को देर रात लगी आग में परचून का सामान जलकर राख
- ग्रामीणों ने पानी डालकर कड़ी मशक्कत कर बुझाई आग

**अमृत विचार :**जुनावई थाना क्षेत्र में शॉर्ट सर्किट से बंद परचून की दुकान में आग लग गई। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से दुकान का तमाम सामान जल गया।

थाना क्षेत्र के गांव दबथरा हिमंचल निवासी कृपाल सिंह की परचून की दुकान जुनावई-असदपुर मार्ग पर सड़क के किनारे है। सोमवार को देर रात दुकान में बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। उस वक्त कृपाल सिंह मक्का फसल की रखवाली के लिए खेत पर था। दुकान के पास कृपाल सिंह का भतीजा योगेंद्र पुत्र कल्यान सो रहा था। जैसे ही योगेंद्र ने दुकान के दरवाजे से धुएं को बाहर निकलते देखा तो उसके होश उड़ गए। योगेंद्र ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए। आनन फानन में दुकान के ताले को खोला तो अंदर आग धधक रही थी। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से पानी डालकर आग बुझाने का काम शुरू कर दिया लेकिन आग भड़कती रही। कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया जा सका। आग से दुकान में रखा काफी सामान जल गया। कृपाल सिंह तीन दिन पहले ही 66 हजार रुपये का समान लाया था जबकि काफी सामान पहले से रखा था। आग की घटना में छह चीनी के कट्टे, पांच पेटी रिफाइंड, दो कट्टे बेसन, तीन कट्टे बूरा, दो कुंतल सरसों का तेल, चाय पत्ती, नमकीन, बिस्किट, हल्दी, मिर्च मसाले जल गए। कृपाल सिंह के अनुसार, करीब डेढ़ लाख रुपये का नुकसान हुआ।

### विद्युत उप केंद्र परिसर में लगी आग

**संभल, अमृत विचार :**मुहल्ला मंडी किशनदास सराय में स्थित विद्युत उप केंद्र परिसर में मंगलवार को हाईटेंशन लाइन में फाल्ट होने से तारों से निकली चिंगारी से घास फूस में आग लग गई। आनन फानन में आपूर्ति बाधित कर तमाम बिजली कर्मचारी मौके पर पहुंचे। देखते देखते ही आग बिजलीघर में उगी घास फूस में फैलने लगी। जिसके बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाल्टियों से पानी डालकर आग को बुझाया।

# चोरों ने नकब लगाकर आयरन स्टोर से समेटा लाखों का सामान

संवाददाता, गुन्नौर

**अमृत विचार :** चोरों ने आयरन स्टोर में कूमल लगाकर नकदी, इनर्टर, बैटरी, सीसीटीवी की डीवीआर और लोहे का सामान सहित करीब पौने दो लाख रुपये का सामान चोर किया है। वहीं, प्रदूषण जांच केंद्र की दीवार काटने के बाद भी चोरी करने में सफल नहीं हुए।

सोमवार की रात चोरों ने कोतवाली क्षेत्र में गैस गोदाम के पास स्थित अनीश पुत्र असलम के आयरन स्टोर को निशाना बनाया। दीवार में नकब लगा लिया और दुकान में रखा इनवर्टर, बैटरी, सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर और लोहे का अन्य सामान चोरी कर लिया। रात में ही दूसरी वारदात गुन्नौर पुलिया स्थित प्रदूषण जांच केंद्र में हुई। यहां भी चोरों ने दुकान की दीवार काट ली लेकिन किसी कारण से चोरी करने में सफल नहीं हुए। केंद्र संचालक गांव इटौआ निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसकी दुकान में कोई नुकसान नहीं हुआ है। समाजवादी पार्टी के जिला मंत्री विभोर अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक से चोरी की वारदातों का संज्ञान लेने की मांग की है।



दुकान में लगा नकब देखता कर्मचारी।

## सार-संक्षेप



कल्कि धाम ऐंचोड़ा कम्बोह में पूजा अर्चना करते चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार।

### चुनाव आयुक्त ने श्री कल्कि धाम में किया दर्शन-पूजन

**संभल, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बाद चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को संभल में श्री कल्कि विष्णु मंदिर और ऐंचौड़ा कम्बोह में श्री कल्कि धाम के गर्भगृह में दर्शन पूजन किया। चुनाव आयुक्त ने कहा कि श्री कल्कि धाम आकर उन्हें अत्यंत सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐंचौड़ा कम्बोह में स्थित श्री कल्कि धाम के गर्भगृह में शिलाओं को स्थापित किया था। श्री कल्कि धाम के दर्शन करने के लिए मंगलवार को चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सपत्नीक पहुंचे। श्री कल्कि धाम में प्रधान लवकुश शर्मा और ऐंचौड़ा कम्बोह थाना प्रभारी रेनू देवी ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का स्वागत किया। यहां श्री कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के प्रतिनिधि सत्यानंद महाराज ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को गर्भगृह स्थान का दर्शन कराकर पूजन कराया। चुनाव आयुक्त ने प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित की गईं शिलाओं के दर्शन किए। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि यहां आकर अत्यंत सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति हो रही है। चुनाव आयुक्त ने संभल के मुहल्ला कोट पूर्वी में प्राचीन श्री कल्कि विष्णु मंदिर में भी दर्शन किए। यहां पंडित शोभित शास्त्री ने पूजन कराया। उन्हें श्री कल्कि मंदिर का इतिहास और भगवान श्री कल्कि के संभल में अवतरण के बारे में बताया। इस दौरान श्री कल्कि सेना निष्कलंक दल के कुलदीप कुमार गुप्ता, गगन वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

### समीक्षा तिवारी को मिला नव उदय साहित्यकार सम्मान



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित समीक्षा तिवारी।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नव उदय पब्लिकेशन हाउस की ओर से लखनऊ में 17 जून को काव्य सम्मेलन और साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश भर से आये विभिन्न साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया। नव उदय पब्लिकेशन प्रतिवर्ष नवोदित साहित्यकारों का सम्मेलन आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम में चन्दौसी की नवोदित रचनाकार समीक्षा तिवारी ने अपनी कविता 'ख्याल कुछ कहते हैं' का पाठ किया। उन्हें नव उदय साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया गया। समीक्षा तिवारी बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। कार्यक्रम का संचालन रितु अग्रवाल ने किया।

### 28 परीक्षार्थियों ने छोड़ी पॉलीटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** राजकीय पॉलीटेक्निक चन्दौसी में संयुक्त प्रवेश परीक्षा का मंगलवार को समापन हो गया। परीक्षा के अंतिम दिन पंजीकृत 106 परीक्षार्थियों में 78 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रात: पाली में 36 में से 29 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 35 में से 26 उपस्थित रहे। 9 ने परीक्षा छोड़ दी। तृतीय पाली में 35 में से 23 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। टोटल 106 में से 78 उपस्थित रहे 28 अनुपस्थित रहे। नकलविहीन परीक्षा जिला प्रशासन की ओर से स्टेटिक व जोनल मजिस्ट्रेट की देख रेख में हुई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।



निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### निर्जला एकादशी व्रत रखकर की पूजा अर्चना

**बबराला, अमृत विचार :**पुण्य कार्यों में वृद्धि और सांसारिक दुखों से छुटकारा पाने की कामना के साथ श्रद्धालुओं ने निर्जला एकादशी व्रत रखा और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया। वहीं ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर भक्तों ने मंदिरों में बुद्धि, बल के दाता बजरंगबली की पूजा अर्चना की। मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष में निर्जला एकादशी व्रत करने से सभी एकादशियों का फल प्राप्त होता है। एकादशी के दिन श्रीहरि और मां लक्ष्मी की पूजा-अर्चना का विधान है। समाज में एकता, धर्मनिष्ठा, आत्मशुद्धि और मन को संयम सिखाने वाले निर्जला एकादशी व्रत के दौरान भक्तों ने मंगलवार को सूर्योदय से निर्जल रह कर उपवास किया। तुलसी की मंजरी, पीला चन्दन, रोली, अक्षत, पीले पुष्प, ऋतु फल और धूप-दीप, मिश्री आदि से भगवान विष्णु का भक्तिभाव से पूजन किया। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगलवार हनुमान गढ़ी और बांकेबिहारी मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ रही। यहां विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

### युवक ने फंदे पर लटक कर दी जान

**जुनावई,अमृत विचार :**गांव ढडूमरा निवासी 28 वर्षीय संजय गृह क्लेश के चलते अपनी पशु शाला में रस्सी का फंदा डालकर झूल गया। बताया जा रहा है कि संजय का किसी बात को लेकर पत्नी से झगड़ा हो गया था। इसी को लेकर सोमवार को रात्रि में घर से जाकर उसने आत्महत्या कर ली। जब पत्नी ने जाकर देखा तो वह फंदे पर झूला हुआ था। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के मंगलवार को राजघाट गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता,बहजोई

धोखाधड़ी

- न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार:** लखनऊ की कंपनी में काम करने वाले युवक ने बहजोई कोतवाली क्षेत्र के पांच लोगों पर नौकरी के नाम पर लाखों रुपए ठगने के साथ ही धोखाधड़ी के आरोप लगाते हुए विशेष सीजीएम लखनऊ न्यायालय के आदेश पर बहजोई कोतवाली में मुकदमा दर्ज दर्ज कराया है।

बस्ती जिले के गांव गौहनिया के रहने वाले दिन दीनानाथ शर्मा ने बताया कि वह पिछले वर्ष गाजीपुर क्षेत्र के गणेशपुर स्थित एक कंपनी में बतौर कंप्यूटर ऑपरेटर काम करते थे। उनकी कंपनी के द्वारा संभल स्थित महिला कल्याण विभाग में भी एक कर्मचारी को आउटसोर्सिंग पर रखा गया था। जहां पर कभी-कभी उन्हें आना पड़ता था। इसी दौरान यहां के पांच लोगों ने मिलकर नौकरी के नाम पर साढे चार लाख रुपए ले लिए। नौकरी का ज्वाइनिंग लेटर देते समय 3 लाख 90 हजार देने का भी करार हुआ। 15 सितंबर 2023 को वह ज्वाइनिंग लेटर लेने आये तो उनके साथ मारपीट की गई।

इस मामले में बहजोई पुलिस ने अदालत के आदेश पर अरविंद कुमार मौर्य निवासी चितौरा रोड बहजोई, रविंद्र कुमार अतरासी, मनवीर सिंह यादव कालोनी व अंकुर यादव के अलावा मंजू यादव के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी ने बताया कि मामले में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचारः** नखासा थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने पड़ोस में रहने वाली युवती के साथ प्रेम प्रसंग के बाद शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई तो पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

गांव के नाजिम का एक वर्ष से मुहल्ला की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि नाजिम ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ कई बार संबंध भी बना लिए। जब भी युवती शादी करने के लिए नाजिम पर दबाव बनाती तो नाजिम थोड़े दिन बाद युवती से शादी करने के लिए कह देता। आरोप है कि 13 जून को की रात में भी नाजिम ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। लोगों ने नाजिम को पकड़ लिया लेकिन किसी तरह नाजिम मुहल्ला के लोगों से हाथ छुड़ाकर भाग गया। मंगलवार को युवती की तहरीर पर पुलिस ने नाजिम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और चंद घंटों बाद ही पुलिस ने नाजिम को गिरफ्तार कर लिया।

# आईजीआरएस की शिकायतों का गंभीरता से निस्तारण करें अधिकारी

संवाददाता,बहजोई



आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा करते डीएम मनीष बंसल।

- सुबह 10 बजे से 12 तक दफ्तर में जनसुनवाई करने की बात कही

**अमृत विचार:** आईजीआरएस (समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) डिफॉल्टर व लंबित सन्दर्भों की समीक्षा के दौरान डीएम मनीष बंसल ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सुबह 10 बजे से 12 तक दफ्तर पर बैठकर जनसुनवाई करने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम मनीष बंसल ने विद्युत विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग,जिला पूर्ति अधिकारी,जिला कार्यक्रम अधिकारी,पशुपालन विभाग आदि विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत को संज्ञान में लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। क्षेत्र में जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायत का निस्तारण करें। डीएम ने अधिकारियों से कहा कि शिकायत का समय से निस्तारण करें जिससे शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में न जा सकें। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, सीडीओ ज्ञान सिंह, सीवीओ डॉ. दिनेश चंद्र, डीडीओ रामाशीष, एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा, चंदौसी नीतू रानी, डिप्टी कलेक्टर दीपक चौधरी, डीआईओएस बेदराम, बीएसए चंद्रशेखर, डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडे ,डीआईओ बृजेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

प्रयास | दो स्थानों को लेकर ट्रांसपोर्टरों से हुई चर्चा,जाम से मिलेगी निजात

# ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने की कवायद तेज

कार्यालय संवाददाता, संभल



ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के साथ बैठक करते एआरटीओ व एसडीएम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :**संभल शहर में अवैध रूप से मार्गों के किनारे खड़े वाहनों और जाम से निजात दिलाने के लिए ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना को लेकर कवायद तेज हुई है। एआरटीओ कार्यालय में अधिकारियों ने ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक कर इस मुद्दे को लेकर चर्चा की। ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना के लिए दो स्थानों के बारे में चर्चा की गई। अब ट्रांसपोर्टर ही तय करेंगे कि किस स्थान पर ट्रांसपोर्ट नगर की स्थापना की जाए।

एआरटीओ कार्यालय में मंगलवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज, एआरटीओ प्रवर्तन जयप्रकाश गुप्ता के अलावा ट्रक ऑपरेटर्स, बस ऑपरेटर्स, वाहन स्वामियों ने हिस्सा लिया। बैठक में संभल शहर में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना को लेकर चर्चा की गई। इसे लेकर ट्रांसपोर्टरों की राय भी ली गई। कहा गया कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थापना की मांग काफी समय से चली आ रही है। ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित होने से बड़ी सहूलियत मिलेगी। ट्रांसपोर्टरों एवं वाहन स्वामियों से विचार विमर्श करने के बाद एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने कहा कि संभल-मुरादाबाद मार्ग पर चंदौसी बाईपास और संभल-चंदौसी मार्ग पर मुरादाबाद बाईपास पर ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित किया जा सकता है। इसे लेकर ट्रांसपोर्टरों को ही फैसला लेना है। कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित होने से अवैध रूप से मार्गों के किनारे खड़े वाहनों और जाम आदि की समस्या से निजात मिल सकेगी। इस दौरान गुलफाम, नवाब, कल्लू हाजी, गुड्डू, नरेश कुमार, मुकेश कुमार, जहीर अहमद, इफ्तेकार हाजी, जावेद अहमद, मोहम्मद आकिल, दिलशाद, हाजी रईस, बाबू खां, चेतन कुमार, मोहम्मद इरफान आदि रहे।

### एडीएम के निर्देश पर सक्रिय हुए अधिकारी

**संभल, अमृत विचार :** शनिवार को संभल में लगे संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रदीप वर्मा ने परिवहन विभाग को संभल में ट्रांसपोर्ट नगर स्थापित कराने को लेकर निर्देश दिए थे। जिसके बाद एआरटीओ प्रशासन एवं एआरटीओ प्रवर्तन के बीच चर्चा हुई थी। मंगलवार को इस संबंध में बैठक भी कर ली गई। एआरटीओ प्रशासन डॉ.पीके सरोज ने बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर जहां सुविधाजनक रहेगा, उस स्थान के बारे में ट्रांसपोर्टरों को ही फैसला लेना है। जिसके बाद अगली प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# नियमों के उल्लंघन पर 1410 वाहनों के चालान

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** यातायात निदेशालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे विशेष अभियान के तहत मंगलवार को यातायात पुलिस एवं थाना पुलिस द्वारा संयुक्त चेकिंग की। पुलिस ने अभियान में 7550 वाहनों को चेक किया। जिसमें 1410 वाहनों का चालान किया गया।

जनपद संभल में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चलाकर उन वाहनों पर कार्रवाई की जो नियमों का पालन नहीं कर रहे थे। पुलिस ने लाल नीली बत्ती एवं हूटर, सायरन के 74 वाहनों के चालान किए। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर पुलिस कलर्स का प्रयोग करने पर 263 चालान हुए। दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर उत्तर प्रदेश शासन एवं भारत सरकार अनाधिकृत रूप से लिखने पर 79 वाहनों का चालान किया गया। यातायात नियम उल्लंघन करने पर एमवी एक्ट की अन्य धाराओं में 994 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने आम जनमानस एवं वाहन चालकों को जागरूक करने के लिए जनपद के प्रमुख चौराहा एवं तिराहों पर हूटर, सायरन, प्रेशर हॉर्न द्वारा ध्वनि प्रदूषण न करने के लिए पंपलेट भी बांटे। वाहन चालक वाहनों को हिदायत दी कि ध्वनि प्रदूषण न किया जाए। लोगों से दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमों का पालन करने और दूसरों को भी प्रेरित करने की अपील की।

### बाइक से टकराकर कार खेत में पलटी

**संभल, अमृत विचार :** ऐचोड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव नंदपुर बीटा निवासी नईम मंगलवार को बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलखना में स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। थाना क्षेत्र के गांव तुर्तीपुर चौराहे के पास नईम की बाइक कार से टक्करा गई। जिसके कारण कार सड़क किनारे खेत में पलट गई।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### चोरी हुआ ई रिक्शा बरामद, तीन गिरफ्तार

**बबराला, अमृत विचार :** नगर में लोहिया कॉलोनी से डेढ़ माह पूर्व चोरी हुआ ई रिक्शा बदायूं में बरामद हुआ है। 22 मई को लोहिया कॉलोनी से ई रिक्शा चोरी हो गया था। चौकी के उपनिरीक्षक मुआज खान ने उघैती पुलिस के सहयोग से बदायूं जनपद के सहसवान निवासी सोपाली यादव, अरशद व सुल्तान के कब्जे से ई रिक्शा बरामद किया है।

### जेठ, जेठानी व सास पर मारपीट का आरोप

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र के गांव बायभूड़ निवासी राहुल की पत्नी ललीता ने मंगलवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि पति राहुल बाहर रहकर काम करते हैं। जिसकी वजह से ललीता घर पर ही रहती है। मंगलवार की सुबह दस बजे ललीता कमरे में सो रही थी। आरोप है कि ललीता की सास ने कमरे में चल रहे पंखे का तार बिजली के बोर्ड से हटा दिया। शिकायत करने पर दो जेठों, जेठानी व सास ने मिलकर ललीता के साथ मारपीट की। सूचना मिलने पर मायके वाले पहुंचे तो उसके साथ भी मारपीट की।

### बाइक निकालने को लेकर पल्लेदार को पीटा, घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मंडी समिति में बाइक निकालने को लेकर पल्लेदार को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। घटलेश्वर गेट निवासी अमर पुत्र दयाराम मंडी समिति में पल्लेदार का कार्य करता है। मंगलवार को उसका भाई आकाश बाइक से मिलने आया। तभी दूसरी बाइक पर सवार युवकों से बाइक निकालने को लेकर कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट होने लगी। तभी पल्लेदार अमर भी पहुंच गया और भाई को बचाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे घायल कर दिया।

### घर में घुसकर मारपीट

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव रतनपुर खुर्द निवासी नन्हीं पत्नी विजेंद्र कुमार ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसका घर गांव खनुपुरा रोड पर है। सोमवार की रात करीब साढ़े 10 बजे वह घर में थी। उसी समय कुछ लोग स्कूटी से उसके घर पर पहुंचे ओर गाली देते हुए घर में घुस आए। उसने गाली देने से मना किया तो अश्लील शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की।

## सरकारी और निजी अस्पतालों में पहुंच रहे मरीज, डॉक्टर दे रहे धूप में कम निकलने और ज्यादा पानी पीने की सलाह

# गर्मी में बढ़े डायरिया, बुखार व स्किन इंफेक्शन के मरीज, सेहत को लेकर रहें संजीदा

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- न तो दिन में सुकून मिल रहा है और न ही रात में चैन की नींद आ रही है
- स्किन व फंगल इंफेक्शन से संबंधित मरीजों की संख्या ज्यादा

**अमृत विचार :** 46 डिग्री सेल्सियस पारा पहुंचने के बाद भी अगर घर से बाहर निकल रहे हैं तो जरा सेहत के प्रति संजीदा हो जाइये क्योंकि वर्तमान में बुखार, स्किन व फंगल इंफेक्शन के साथ डायरिया भी तेजी से पांव पसार रहा है। सरकारी अस्पतालों के साथ ही निजी अस्पतालों में इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों की भरमार है तो डॉक्टर भी बचाव को लेकर सलाह दे रहे हैं।

जून के महीने में प्रचंड गर्मी रहने के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त है। न तो दिन में सुकून मिल रहा है और न ही रात में चैन की नींद आ रही है। शरीर में पानी की कमी के कारण बीमारियां लोगों को चपेट में ले रही हैं। फिर भी लोग तेज धूप होने के बावजूद बाहर घूमने से परहेज नहीं कर रहे हैं। जिला अस्पताल में मंगलवार को भी तमाम ऐसे मरीज दवा लेने के लिए पहुंचे जो गर्मी के कारण फैली बीमारियों की चपेट में थे। इनमें डायरिया, बुखार, स्किन व फंगल इंफेक्शन से संबंधित मरीजों की संख्या ज्यादा रही।



संभल जिला अस्पताल में पहुंचे मरीज। ● अमृत विचार

### पानी का अधिक करें सेवन



डॉ .जियाउल का कहना रहा कि इस समय डायरिया, बुखार, स्क्रीन, फंगल इंफेक्शन जैसी बीमारियों से पीड़ित मरीज ज्यादा आ रहे हैं। बीमारियों से बचाव के लिए ज्यादा पानी का सेवन किया जाए और धूप में जाने से बचें। खानपान का भी ध्यान रखें।

### पेट के रोगों से बचाव को खानपान का रखें ध्यान



डॉ .चमन प्रकाश ने कहा कि बुखार, खांसी और पेट दर्द के मरीजों में भी इजाफा हुआ है। इस समय सेहत को लेकर एहतियात बरतने की जरूरत है। बताते चलें कि निजी अस्पतालों में भी डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा देखी जा रही है। कई अस्पतालों में भी मरीजों को भर्ती करके इलाज चल रहा है।

## 45 डिग्री तापमान में जनजीवन बेहाल, लोग बारिश के लिए कर रहे दुआ

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी लगातार तेवर दिखा रही है। तापमान में 44 से 46 डिग्री तक उतार- चढ़ाव हो रहा है। मंगलवार को 45 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा तो लोग परेशान हो गए। इतना ही नहीं पशु-पक्षी भी बौखला गए हैं। जगह-जगह राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए शर्बत आदि का वितरण किया जा रहा है। आलम ये है कि अब तो हर कोई बारिश के लिए दुआ करता नजर आ रहा है। मंगलवार को सुबह साढ़े छह बजे धूप खिली और आठ बजे तक सूर्यदेव आग उगलने लगे। सुबह 10 बजे के बाद घर से निकलना दुश्वार हो गया। धूप की तपिश इस कदर थी कि चप्पल में भी पैर जल रहे थे। अधिकांश लोग सिर व चेहरे को कपड़े से ढक कर निकले। दोपहर में लू के थपेड़ों से लोग दोपहिया वाहनों पर फर्राटा भरने का साहस भी नहीं कर पा रहे थे। जरुरी कामकाज निपटाने के बाद लोगों ने घर का रुख किया। दिन ढलने पर भी उमस कम नहीं हुई जिससे कूलर की हवा भी गर्मी से राहत नहीं दे पा रही थी।



कुढ़फतेहगढ़ के गांव दियोरा खास में भीषण गर्मी में एक घर के आंगन में पानी भरी बाल्टी से पानी पीकर प्यास बुझाते बंदर।

### गर्मी से बौखला रहे पशु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जहां जनमानस परेशान है। वहीं पशु भी बेबस नजर आ रहे हैं। प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकते बंदर घरों में घुस कर पेयजल की तलाश कर रहे हैं तो वहीं जगह-जगह लगे शर्बत के स्टालों पर छुट्टा गोवंशीय पशु भी पहुंच रहे हैं।

### चिकित्सक भी दे रहे बचाव की सलाह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी के चलते सीएचसी समेत निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ रही है। पंद्रह दिनों से बच्चे पीलिया, बुखार की चपेट में हैं तो वहीं बड़े डायरिया से पीड़ित हैं। सीएचसी में जहां कुल 800 मरीज रोजाना आ रहे हैं। उनमें मंगलवार को 200 मरीज पीलिया, डायरिया और बुखार से पीड़ित पहुंचे।

# तालाब पर अवैध कब्जे की जांच को नहीं पहुंच सकीं एसडीएम, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## बनियाखेड़ा गांव में तालाब पर अवैध कब्जे से गांव की सड़कों पर हो रहा जलभराव

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर**

**अमृत विचार:** बनियाखेड़ा गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर गांव के तालाब पर कब्जे को हटवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि कब्जा हटवाने के लिए तालाब का सुंदरीकरण कराया जाए। जबकि मंगलवार को एसडीएम को तालाब के निरीक्षण को जाना था, मगर किसी कारणवश नहीं जा सकी। ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया।

गांव बनियाखेड़ा के तालाब में गांव के घरों से निकलने वाला गंदा पानी जमा होता है, जबकि बरसात का पानी भी तालाब में जाता है। इस तालाब में जाने के लिए नालियां भी बनाई गई हैं। पिछले कुछ समय पहले एक परिवार के लोगों ने दबंगई के चलते तालाब पर ट्रैक्टर-ट्राली से मिट्टी डालकर पाटना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों के विरोध करने पर ये लोग लड़ाई झगड़े पर अमादा हो जाते हैं। जिससे गंदे पानी की निकासी बाधित हो गई है और गांव की सड़कों पर जलभराव हो रहा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तालाब से अवैध कब्जा हटवाने के लिए ग्रामीणों ने दो दिन पहले एसडीएम नीतू रानी को ज्ञापन दिया था। घटना का संज्ञान लेते हुए मंगलवार को एसडीएम को तालाब का निरीक्षण करना था। इसको लेकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और एसडीएम का इंतजार करते रहे। मगर किसी कारण एसडीएम तालाब का निरीक्षण करने नहीं पहुंच सकीं। इससे क्षुब्ध होकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर तालाब पर अवैध कब्जा कर लिया जाएगा तो घरों से निकलने वाला पानी कहां जाएगा। बरसात का मौसम आने वाला है।



बनियाखेड़ा में तालाब पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

- दो दिन पूर्व ग्रामीणों ने एसडीएम से की थी शिकायत

> मंगलवार को तालाब का निरीक्षण करने जाना था। मगर ऑफिशियल कार्य के चलते नहीं जा सकी। बुधवार की सुबह निरीक्षण कर पूरे मामले की जानकारी ली जाएगी। इसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी। -नीतू रानी, एसडीएम



> गांव में वर्षों पुराना तालाब है, जिस पर एक परिवार के लोग कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। तालाब को मिट्टी से पाटा जा रहा है। अगर तालाब खत्म हो गया तो परेशानी का सामना करना पड़ेगा। -सोमवती, बनियाखेड़ा

## 150 की बर्फ की सिल्ली 300 रुपये में बिक रही

**चन्दौसी, अमृत विचार:** भीषण गर्मी में बर्फ की मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी से बचने के लिए ठंडे पानी का सहारा ले रहे हैं। जिससे जो बर्फ की सिल्ली 20 दिन पहले 150 रुपये की बाजार में उपलब्ध थी, वह अब 300 रुपये में ग्राहकों को मिल रही है। जिससे जरुतमंद लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्योंकि जो बर्फ पहले 10 रुपये में खरीद लेते थे, उतना बर्फ 20 से 25 रुपये में मिल रहा है।

इस समय गर्मी से हर तबके का व्यक्ति परेशानी है। हर कोई गर्मी से राहत पाने के लिए प्रयत्न कर रहा है। एक तबका ऐसा भी है, जो गर्मी से राहत पाने के लिए ठंडे पानी पर निर्भर हैं। ऐसे लोगों की संख्या अधिक है। जो रोजाना 10 से 20 रुपये का बाजार से बर्फ खरीद कर परिवार की प्यास बुझा रहे हैं। बर्फ के दाम बढ़ने से कमजोर वर्ग के लोग ज्यादा प्रभावित हैं।

## सार-संक्षेप

### शीतल जल सेवा कार्यक्रम का समापन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भारत विकास परिषद शाखा चन्दौसी की ओर से सुभाष रोड पर सात जून से आयोजित शीतल जल सेवा कार्यक्रम का समापन निर्जला एकादशी के अवसर पर मंगलवार को शर्बत वितरण के साथ किया गया। लगातार 12 दिन से सुबह सात बजे से शाम तक शीतल जल की व्यवस्था की जा रही थी। कार्यक्रम संयोजक विपिन गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी के चलते इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि राहगीरों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिल सके। सचिव डॉ . दुर्गा टंडन ने कहा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य सेवा भाव होना चाहिए। सेवा से जीवन को सार्थकता मिलती है। पुराणों में भी मीठे जल की सेवा का महत्व सर्वोपरि बताया गया है। कार्यक्रम में वित्त सचिव डीसी गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, भावना गुप्ता, आशा गोस्वामी, मनोज कुमार गुप्ता, श्वेता गुप्ता, पूजा गुप्ता, अर्पित गुप्ता, अर्चित गुप्ता, ईशान गुप्ता, वंश गुप्ता आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**चन्दौसी , अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने स्टूडेंट फॉर सेवा के तहत एकादशी पर्व पर विभाग संयोजक आकाश कुमार के नेतृत्व में फव्वारा चौक पर शर्बत वितरण किया। मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, प्रांत प्रमुख गिरिराज सिंह और प्रांत संयोजक अमन गोयल ने फीता काट कर सेवा आरंभ की। कार्यकर्ताओं ने जहां राहगीरों को शीतल शर्बत पिला कर गला तर किया तो वहीं स्टाल पर पहुंचे छुट्टा पशुओं को भी बाल्टी से ठंडा मीठा पानी पिला कर गर्मी से राहत देने का प्रयास किया। प्रांत प्रमुख गिरीराज सिंह ने कहा कि हम पूरे प्रांत में स्टूडेंट फॉर सेवा के माध्यम से सभी जिलों व नगरों में शर्बत वितरण और मंदिरों में पेयजल के मिट्टी के घड़े रखने के कार्यक्रम चला रहे हैं। प्रांत संयोजक अमन गोयल कहा कि विद्यार्थी का भाव सेवा करना है इसके माध्यम से जिले की इकाइयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर नगराध्यक्ष राहुल रॉय, आकाश कुमार, अभिनव शर्मा, विक्की कश्यप, शगुन ठाकुर, चेतन करोतिया, विवेक त्रिपाठी, अखिलेश श्रीवास्तव, रोहित ठाकुर, भुवनेश बघेल, लक्ष्मण यादव, हरेंद्र यादव, यश ठाकुर, गौरव कुमार आदि उपस्थित रहे।



फव्वारा चौक पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं के साथ शर्बत वितरण करतीं पालिकाध्यक्ष।

# गर्मी में खूंखार हो रहे कुत्ते व बंदर, 200 से अधिक घायलों ने लगवाया टीका

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी के चलते आवारा कुत्ते व बंदर खूंखार होते जा रहे हैं। इन्हें भरपेट भोजन उपलब्ध नहीं होने पर ये लोगों पर हमलाकर उन्हें घायल कर रहे हैं। सीएचसी में एंटीरेबीज इंजेक्शन लगवाने की कतार लग रही है। इसमें सबसे अधिक संख्या 4 से 10 वर्ष तक के बच्चों की है।

कुत्ते गर्मी से राहत पाने के लिए नालियों में लेटे रहते हैं, तो बंदरों के झुंड गलियों में छांव में बैठे मिलते हैं। गर्मी से परेशान इन जानवरों को भरपेट भोजन भी नहीं मिल रहा है। जिससे ये इंसानों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा संख्या महिला व बच्चे की होती है।

20 दिन से सीएचसी में एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने वालों की कतारें लग रही हैं। रोजाना 150 से 200 लोग रेबीज लगवाने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी 200 से अधिक लोग रेबीज का टीका लगवाने सीएचसी पहुंचे।



सीएचसी में बच्चे को एंटी रेबीज का टीका लगाता स्वास्थ्य कर्मी। ● अमृत विचार

- महिलाओं व बच्चों का घर से अकेले निकलना हुआ दूभर
- रोजाना 150 से 200 मरीज रेबीज का लगवा रहे हैं टीका

> भीषण गर्मी से कुत्ते व बंदर परेशान हैं।वह खूंखार होते जा रहे हैं। ये आपस में भी लड़ते नजर आते हैं। अगर इंसान गुजरता है, तो उस पर हमलाकर देते हैं। इसलिए महिलाएं व बच्चे घर से अकेले न निकले। -डॉ . हरवेंदर सिंह, प्रभारी, सीएचसी

## जगह-जगह बांटा गया राहगीरों को शर्बत

**संभल, अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन शंकर के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को निर्जला एकादशी पर संभल विकासखंड के गांव चमरौआ में आने जाने वाले राहगीरों व ग्रामीणों को शर्बत का वितरण किया। भीषण गर्मी में राहगीरों व ग्रामीणों ने शर्बत पीकर राहत की सांस ली।

संगठन के युवा जिलाध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमें समय-समय पर ऐसे मानवीय कार्यों व सामाजिक कार्यों में भाग लेना चाहिए। इसी के साथ विकासखंड के गांव सिंहपुरसानी, कुरकावली और रिठाली में संभल हसनपुर मार्ग पर राहगीरों को शर्बत बांटा गया। इस दौरान कुलदीप शर्मा, अंकुर शर्मा, बिट्टन शर्मा, प्रिंस शर्मा, अभिषेक भाटी, तरुण शर्मा, शोभित भाटी, महेंद्र सैनी, अनिकेत गुर्जर, विकास कश्यप, आजम खान आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रंजिश के चलते महिला को घसीट कर पीटा, कपड़े फाड़े

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़**

- पुलिस ने नहीं सुनी तो पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र भेज कर लगाई मदद की गुहार

**अमृत विचारः** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में पिकअप सवार लोगों ने रंजिशन महिला को घसीट कर पीटा और कपड़े फाड़ दिए। बचाने आए पति के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने नहीं सुनी तो पीड़िता ने एसपी को शिकायती पत्र भेज कर मदद की गुहार लगाई है।

पीड़ित महिला का शिकायती पत्र में कहना है कि गांव के कुछ लोग उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। 17 जून दिन सोमवार को अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे वह मंदिर के पास स्थित सरकारी नल पर पानी भरने गई थी। उसी समय एक पिकअप गाड़ी वहां आकर रुकी। जिसमें से कुछ लोग गाली-गलौच करते हुए बाहर आए और उस पर हमला बोल दिया। कहा कि तेरा पति उनके खिलाफ बहुत शिकायतें देता है। विरोध करने पर बाल पकड़ कर घसीटते हुए उसे जम कर पीटा। उसके कपड़े फाड़ दिए। जिससे उसकी लज्जा भंग हो गई। बचाने आए पति को भी लात घूसों से जम कर पीटा। शोर शराबा होने पर मोहल्ले के लोग आ गए। जिससे हमलावर आगे से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता का कहना है कि इस संदर्भ में उसने थाना पुलिस को जानकारी देते हुए कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन पुलिस ने नहीं सुनी। महिला ने पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
● बी. फार्मा (4 वर्षीय) ● एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय) ● बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
● डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● एम.एच.ए. (2 वर्षीय) ● एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
● बी.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
● बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) ● एम.ए. (अंग्रेजी)
● एम.ए. (जर्नलिज्म) ● एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
● बी.कॉम. (ऑनर्स) ● एम.कॉम.
● बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) ● एम.बी.ए.
● बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

## स्वास्थ्य

### 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह में योगासन से निरोगी रहने तरीके बताए

# प्राणायाम करने से दूर हो सकेंगे हृदय और फेफड़े के रोग

**कार्यालय संवाददाता,संभल**

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद की और से भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति के सहयोग से 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह कार्यक्रम में योगासन से निरोगी रहने के तरीके बताए गये। जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर योगेंद्र सिंह ने लोगों को योग के प्रति जागरूक किया।

मंगलवार को योग दिवस सप्ताह के चौथे दिन शंकर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान योगाचार्य कुलदीप ऐरन, योग महिला शिक्षक कृष्णा ग्रेवाल व संजय देवल ने योगासन कराया। योगासन कार्यक्रम दीप प्रज्वलित और ओउम नाम के जप के साथ शुरू हुआ। सर्वप्रथम व्यायाम, गोमुख आसन, सूर्य नमस्कार, बैठक, हनुमान दंड, अलोम-विलोम, मंडूक आसन, ताली और हंसी के आसन के साथ शांति पाठ का कार्यक्रम हुआ।

भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं योगाचार्य कुलदीप ऐरन ने कहा कि आज के सेशन में हृदय और फेफड़े संबंधित योग का अभ्यास और प्राणायाम कराया गया। उनकी औषधीय के विषय में भी बताया गया।

योग साधकों से कहा कि वह यदि प्राणायाम को अपने जीवन में अपनाएंगे तो उनके हृदय और फेफड़े के सारे रोग बहुत आसानी से खत्म हो जाएंगे।

कार्यक्रम में अमित शुक्ला, अनुराग सुधांशु, प्रियांशु जैन एड., सचिन गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अवधेश शर्मा एडवोकेट, कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट, भूरे भारद्वाज, महिपाल सिंह, बीनू अग्रवाल, मुदिता गुप्ता, सारिका अग्रवाल, मंजू आर्य, ममता अग्रवाल, अंजू गुप्ता, भाजपा सभासद चंचल सनी गुप्ता आदि मौजूद रहे।



शंकर कॉलेज में योगासन करती महिलाएं। ● अमृत विचार

### योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा

**संभल,अमृत विचार :** जीएसटी डिप्टी कमिश्नर योगेंद्र सिंह ने कहा कि योग हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। हम सभी लोगों को योग प्रतिदिन करना चाहिए। निरंतर योग करें क्योंकि योग हमें रोग से ही नहीं भगाता है बल्कि एक सामान्य जीवन में इतनी अच्छी चीज लेकर आता है कि हम स्वस्थ रहते हैं और बहुत ही शांति प्रिय रहते हैं, मिलजुल कर रहते हैं। योग हमारे शरीर के साथ-साथ समाज और लोगों को भी जोड़ता है।



योगाभ्यास करतीं जायंट्स महिला शक्ति की सदस्य।

## रोग दूर करने के लिए महिलाओं ने किया योगाभ्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार:** जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एवं जायंट्स के संस्थापक नाना चुडास्मा के जन्मदिवस के अवसर पर घंटाघर लाठी बाजार स्थित श्री राजयोग पीठ पर 18 से 27 जून तक 10 दिवसीय योग शिविर आरंभ किया गया। जायंट्स प्रार्थना के साथ शिविर का आरंभ हुआ। योग प्रशिक्षिका अनीता राज एवं ऐश्वर्या राज ने कार्यशाला के पहले दिन सभी सदस्यों को विभिन्न तरह के योगासन व प्राणायाम करवाए। कहा कि दिनचर्या में योग को शामिल करें। क्योंकि योग करके निरोग रहा जा सकता है। इस योग कार्यशाला के पहले दिन फेडरेशन प्रेसिडेंट पदमा भार्गव ने कहा कि योग करने से मनुष्य का शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक विकास होता है। इसलिए प्रतिदिन योग करें। इस अवसर पर ग्रुप की अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, सचिव अनुराधा, मृदुल अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, शैलेश आदि उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### शिविर लगाकर बांटा शर्बत

**नगीना, अमृत विचार** : निर्जला एकादशी पर नगर में मंगलवार को कई स्थानों पर शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। भाजपा नेता रोशन लाल की ओर से मोहल्ला बिश्नोई सराय चौक में शिविर लगाकर राहगीरों को शर्बत पिलाया गया। इस दौरान रोशन लाल ने बताया कि समाज सेवा के कार्य करने से उन्हें खुशी होती है। यहां खाटू श्याम, अमित विश्नोई, बृजेश विश्नोई, भूपेंद्र सिंह, अजय कुमार, विजय विश्नोई, चौधरी राजेंद्र सिंह, हितेंद्र, डॉ. रतेद्र बिश्नोई, राकेश प्रजापति आदि मौजूद रहे। उधर, श्री वैश्य लोहिया अग्रवाल संगठन के सदस्यों ने राहगीरों को शर्बत का वितरण किया। अध्यक्ष विशाल गुप्ता के नेतृत्व में मनदीप मित्तल, अमित गुप्ता, नीरज गुप्ता, मनोज गुप्ता, संजीव, नितिन, रोहित, अपुल जैन, मोहित गर्ग का सहयोग रहा।

### हादसे में बाइक सवार किशोर घायल

**नहटौर, अमृत विचार** : हल्दौर मार्ग पर गांव बैरमाबाद गढ़ी के पास साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। गांव बैरमाबाद गढ़ी निवासी गुड्डू अंसारी (18) किसी काम से नहटौर आया था। वापस जाते समय गांव के पास ही साइकिल सवार को बचाने के प्रयास में बाइक गिर गई।

### पशुओं के अवशेष प्रधान ने गड्ढे में दफन कराए

**नहटौर, अमृत विचार** : गांव फरीदपुर उर्फ फरीदाबाद के पास बान नदी में पशुओं के अवशेष फेंक दिए गए। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्राम प्रधान की मदद से अवशेषों को गड्ढा खोदकर दबवा दिया। पुलिस ने ग्राम प्रधान फरमान अहमद के सहयोग से अवशेषो को बान नदी से निकालकर गड्ढा खोदकर दबा दिए गए।

### दो पक्षों के बीच मारपीट में सात लोग घायल

**नहटौर, अमृत विचार** : पुलिस से मारपीट की शिकायत कर लौटे दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। घायलों को पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गांव बैरमपुर खजूरी में विनित कुमार व जसराम पक्ष में तीन बजे विवाद हो गया था। मारपीट में विनित व जसराम घायल हो गए। दोनों पक्षो के लोग घायल विनित कुमार व जसराम को लेकर थाने पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि जब पुलिस से शिकायत करके घर लौटे तो दोनों पक्षो के लोग दोबारा से भिड़ गए। विनित कुमार, नरेंद्र कुमार, जोगेंद्र सिंह, सोनू कुमार व दूसरे पक्ष के मनोज व जसवंती, जसराम घायल हो गए।

### नशे में धुत डॉक्टर का बीच सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : डॉक्टर ने महिला दोस्त के साथ शराब पीकर बीच सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा कर दिया। पुलिसकर्मियों को नौकरी से हटवाने तक की धमकी दे डाली। पुलिस मामले में कार्रवाई कर रही है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात फव्वारा चौक पर शहर के डॉक्टर ने महिला दोस्त के साथ शराब पीने के बाद हंगामा करना शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस डॉक्टर और उनके दोस्त को पकड़कर थाने ले गई। थाने में महिला पुलिसकर्मियों को धमकाने लगी। छेड़छाड़ करने के आरोप में सभी की नौकरी खा जाने की धमकी देने लगी। पुलिस ने कुछ देर तक हंगामा बर्दाश्त किया। फिर कार को बरामद कर दोनों को पुलिस कार्रवाई होने तक थाने में ही बैठा लिया।

# किशोरी मिलने से पहले दो युवकों का चालान, फिर थाने बुलाया गया

## लापरवाही को लेकर पुलिस की कार्यशैली की हो रही फजीहत

संवाददाता, नगीना

**अमृत विचार** : आठ दिन पहले लापता हुई किशोरी को बरामद करने से पहले ही पुलिस ने दो युवकों का चालान कर दिया। हालांकि बाद में पुलिस ने चालान वापस लेकर दोनों को थाने बुला दिया। इस लापरवाही को लेकर पुलिस की कार्यशैली की फजीहत हो रही है।

नगर के एक मोहल्ले की 18 वर्षीया किशोरी 12 जून की शाम घर से लापता हो गई थी। वह अपना मोबाइल घर छोड़ गई। पिता ने मोबाइल नंबर देखकर किशोरी के एक परिचित युवक पर बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया। पुलिस को तहरीर देकर किशोरी बरामद करने की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसे बरामद करने का प्रयास किया। इस बीच नगर के मोहल्ला विश्नोई सराय निवासी आदित्य विश्नोई व मोहल्ला कलालान निवासी फैज को पुलिस ने उठा लिया। कई दिन तक थाने में रखकर दोनों से पूछताछ की। लेकिन फिर भी किशोरी की बरामदगी नहीं हुई। सोमवार को पुलिस ने मामले में हिरासत में लिए गए दोनों युवकों का सीएचसी में मेडिकल परीक्षण कराकर उनका चालान कर दिया। चालान करने से पहले पुलिसकर्मियों ने दोनों युवकों के साथ फोटो भी खिंचवाए। लेकिन बाद में शाम को किसी समय पुलिस ने चालान वापसी कर दोनों को वापस थाने बुला लिया। मंगलवार को जब मीडिया कर्मियों ने थाना प्रभारी प्रवेश पाठक से मामले की सही जानकारी मांगी तो वह संतोष जनक बात नहीं बता सके। थाना प्रभारी ने बताया कि लापता किशोरी का अभी पता नहीं लगा है। हिरासत में लिए गए युवक अभी थाने में ही मौजूद हैं। पुलिस ने अभी इसलिए चालान नहीं किया कि किशोरी की बरामदगी नहीं हो सकी है। बरामदगी होने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पंचायत ने नाबालिगों का कराया निकाह

**हल्दौर, अमृत विचार** : ईद के दिन क्षेत्र के गांव अम्हेडा में एक नाबालिग आशिक अपनी प्रेमिका से मिलने आया था और उससे बात करते हुए गांव से बाहर निकल गए थे। मोहल्ले वाले दोनों को पकड़कर घर ले आए। पुलिस को पूछताछ में खुद को नहटौर निवासी बताया। प्रेमी को पुलिस थाने ले गई। जहां दोनों के परिजन भी पहुंच गए। प्रेमिका के परिजन कोई भी कार्रवाई करने को तैयार नहीं हुए। पुलिस ने दोनों को हिदायत देकर छोड़ दिया। मोहल्ले वालों ने बैठक कर रात्रि 11 बजे नाबालिग जोड़े का निकाह पढ़वा दिया।



योगासन के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

# शरीर को स्वस्थ रखता है योग

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार** : विकास भवन में मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण लाल बोरा के निर्देशन में योगासन और प्राणायाम ध्यान कराया गया। योग गुरु डॉ. नरेंद्र सिंह ने ज्ञान योग, भक्ति योग, कर्म योग, क्रिया सन्यास, क्रिया योग, लय योग, अष्टांग योग, हठयोग के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि योग एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो वेद में ईश्वर की वाणी है। योग का उद्देश्य शरीर को स्वस्थ रखना है। सोमदत्त शर्मा ने योगासान और प्राणायाम किए। योग गुरु देवेंद्र सिंह ने एक घंटे का शीर्षासन लगाया।

डॉ. लीना तोमर ने स्वस्थ रहने के उपाय बताए। ओम प्रकाश शर्मा ने मंच का संचालन किया। किरतपुर से महेंद्र मास्टर ने स्वस्थ रहने के उपाय बताए। मनोज मेहरा ने फलों के लाभ बताए।

वसीम अहमद ने सभी योगाचार्य को जलपान कराया। डॉ. नरेंद्र सिंह ने कहा आधुनिक विज्ञान केवल भौतिक चिकित्सा करते हैं। इस दौरान विकास भवन के 17 विभाग के आधिकारिक कर्मचारी उपस्थित रहे। आरबी यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, डॉ. एलके अग्रवाल, डॉ. गजेंद्र कुमार शर्मा, रामवीर सिंह आदि रहे।

## सड़क हादसे में लापता मानसिक रूप से कमजोर युवक की मौत

**नगीना, अमृत विचार** : वाहन की चपेट में आने मानसिक रूप से कमजोर युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुचाया। चिकित्सा प्रभारी ने घायल को मृत घोषित कर दिया।

मोहल्ला जती, साहुवान निवासी मयंक कुमार (30) वर्ष पुत्र राजकुमार मानसिक रूप से कमजोर होने के कारण दो-तीन दिनों से घर से लापता था। सोमवार रात आठ बजे नगीना बढ़ापुर मार्ग स्थित ग्रामीण नंदपुर निकट किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ. नवीन कुमार ने मयंक कुमार को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मयंक का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद उसका अंतिम संस्कार किया गया।

# किसान को पीटने वालों पर हो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार** : पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल चांदपुर में पुलिस द्वारा किसान की पिटाई के संबंध में पुलिस अधीक्षक से मिला। उन्होंने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह निराला के नेतृत्व में ग्राम मानपुर के सैनी समाज के लोग एसपी से मिले। 15 जून को खेत पर पानी देने जा रहे किसान के साथ थाना चांदपुर के पुलिस कर्मियों ने गलत व्यवहार किया था। इसमें दो पुलिस कर्मियों को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया था। लेकिन किसान विनोद कुमार सैनी इस पर संतुष्ट नहीं है। उनका कहना है कि मुझे मदद चाहिए, क्या कानून पुलिस के लिए अलग हैं और जनता के लिए अलग।



थाने से बाहर आते पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने की शिकायत

उन्होंने कहा कि मेरे ऊपर जो इन लोगों ने व्यवहार किया। इस पर पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह निराला अपनी टीम के साथ एसपी से मिले। एसपी ने एसपी देहात को इस मामले की जांच सौंपी है। रणवीर सिंह निराला ने उन पुलिस वालों के खिलाफ मामला दर्ज करने की मांग की। एसपी देहात ने 24 घंटे का समय दिया है। निराला कहा कि अगर उन पर उचित कार्रवाई नहीं होती है तो पिछड़ा समाज संयुक्त संघर्ष मोर्चा इनके खिलाफ आंदोलन करेगा। इस अवसर पर संगठन के जिला उपाध्यक्ष सोनू सैनी, जिला महामंत्री सुधीर, लोकेंद्र सैनी, राजवीर, सैंपल आदि रहे।

## महिला के हत्यारोपियों पर कार्रवाई की मांग

**नगीना, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने क्षेत्राधिकारी राकेश वशिष्ठ को ज्ञापन दिया। ब्लॉक क्षेत्र के अध्यक्ष रावेंद्र राठी, बढ़ापुर ब्लॉक क्षेत्र के अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, तहसील क्षेत्र अध्यक्ष नमेन्दर चौधरी, नगर अध्यक्ष कुंवर हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने क्षेत्राधिकारी नगीना राकेश वशिष्ठ को दिए गए ज्ञापन में पीडितों के साथ पुलिस द्वारा अभद्र व्यवहार व सीओ सर्किल थाना क्षेत्र के ग्राम हरिया वाला की महिला नाजमा की हत्या को पांच माह बाद भी हत्या का खुलासा नहीं हो सका है।

महिला की हत्या खुलासा न होने के कारण व पुलिस द्वारा पीड़ितो के साथ अभद्र व्यवहार व पुलिस की कार्यशैली को देखते हुए भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक शीघ्र ही क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर एक बड़ा आंदोलन करेगी।

# करंट लगने से युवक की मौत गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

संवाददाता सैदनगली/उझारी

**अमृत विचार** : क्षेत्र के कस्बा उझारी के युवक की ट्यूबवेल पर बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने बिजली कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाकर हसनपुर-संभल मार्ग पर जाम लगा दिया। पुलिस ने परिजनों को समझने का प्रयास किया। लेकिन देर रात उन्होंने जाम नहीं खोला।



पप्पू सिंह।

कस्बा उझारी के मोहल्ला सादात चमनपुरा निवासी पप्पू सिंह (22) पुत्र रतन सिंह जाटव मंगलवार को इसरार के साथ बिजली घर से शटडाउन लेकर अपने खेत पर स्थित ट्यूबवेल पर तार जोड़ रहा था। तभी दोनों करंट की चपेट में आ गए। इससे पप्पू की मौत हो गई। इसरार झुलस गया। उसे संभाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वही, सूचना के बाद मृतक के परिजन रोते-बिलखते मौके पर पहुंच गए। गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हसनपुर संभल मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया।

जाम लगने की सूचना मिलते ही सैदनगली थाना प्रभारी निशांत राठी व क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन वे मांग को लेकर अड़े रहे।

## पति को गायब करने में पत्नी समेत चार पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार** : पति को गायब करने के मामले में कोर्ट के आदेश पर टांडा पुलिस ने पत्नी और तीन रिश्तेदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

टांडा थाना क्षेत्र के नया गांव निवासी तस्वीर हुसैन का कहना है कि उसके बेटे मुनव्वर अली का निकाह मोहनपुरा निवासी नरगिस से हुआ था। शादी के बाद से ही बेटा-बहू अलग रह रहे हैं। कुछ माह पूर्व मुनव्वर अली ने बताया कि पत्नी उसका ख्याल नहीं रखती है। उससे झगड़ा करती है। उसका कहना था कि पत्नी के किसी ओर से संबंध है। आरोप है कि चार माह से मुनव्वर घर से गायब है। पूछने पर बहू अपने पति के बारे में कुछ भी सही से नहीं बता रही है। 30 अप्रैल को तस्वीर हुसैन बहू के मायके गए और अपने बेटे के बारे में पूछा तो सभी ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें पीट कर भगा दिया।

# छेड़खानी के विरोध पर मंगेतर ने जड़ा थप्पड़

संवाददाता, स्वार (रामपुर)

- सीओ के आदेश पर मंगेतर और बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार** : रिश्ता तय होने के बाद मंगेतर ने अपने बहनोई के साथ होटल में ले जाकर युवती के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर युवक ने उसे थप्पड़ जड़ दिया और शादी करने से भी साफ इन्कार कर दिया। सीओ के आदेश पर पुलिस ने मंगेतर और उसके बहनोई के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली के एक गांव निवासी युवती अपनी रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गई थी। वहां युवती की मुलाकात तहसील मिलक के गांव हाशमीनगर निवासी आसिफ से हुई। दोनों के परिजनों ने उनका रिश्ता तय कर दिया था। इसके बाद दोनो फोन पर बातें करने लगे। आरोप है कि मंगेतर ने कई बार होटल में खाना खिलवाने के बहाने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी बहाना बनाकर टाल देता था।

पीड़िता के अनुसार 28 मई को मंगेतर ने उसे होटल में बुलाया। वहां मंगेतर के साथ उत्तराखंड के थाना कालाढूंगी निवासी उसका बहनोई सलीम भी था। खाना खाने के बाद मंगेतर व उसके बहनोई बाइक पर बैठाकर गांव छोड़ने जा रहे थे। रास्ते में दोनों उसके साथ छेड़छाड़ करते हुए अश्लील बातें करने लगे। विरोध करने पर मंगेतर आग-बबूला हो गया। उसने बाइक रुकवाई और युवती को थप्पड़ मार दिया। रिश्ता तोड़ने की धमकी दी। 11 जून को फोन पर शादी करने से साफ इन्कार कर दिया। पीड़िता ने सीओ से शिकायत की। सीओ के आदेश पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार संक्षेप

### युवती को ब्लैकमेल करने का आरोप, पुलिस से शिकायत

**नहटौर, अमृत विचार** : एक युवती के अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। आरोपी जबरन संबंध बनाने का दबाव बनाने के लिए युवती को ब्लैकमेल कर रहा है। क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिनों से उसकी पुत्री सहमी हुई थी। परिजनों ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि गांव का ही एक युवक काफी दिनों से उसे ब्लैकमेल कर रहा है। शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। बात नहीं मानने पर उसके अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। परिजन युवती को लेकर थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पुलिस से शिकायत की।

### यतीमखाने से जुड़े मामले में इंस्पेक्टर से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार** : यतीमखाने से जुड़े एक मामले में मंगलवार को इंस्पेक्टर से जिरह हुई। अब इस मामले में छह जुलाई की तारीख नियत की गई है। इस मामले की एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई चल रही है। वर्ष 2019 में शहर कोतवाली की यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर मारपीट, लूटपाट, डकैती समेत कई धाराओं में 12 मुकदमे दर्ज कराए गए थे। इनमें सपा नेता आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, इस्लाम ठेकेदार समेत कई सपाइयों को आरोपी बनाया गया था। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। मंगलवार को इस मामले में इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा से जिरह हुई। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि अब इस मामले की सुनवाई छह जुलाई को होगी।



बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ के सदस्य।

### संगठन की मजबूती और समाज के मुद्दे पर की चर्चा

**बिजनौर, अमृत विचार** : राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जन जागृति महासंघ की कोर कमेटी की बैठक अंबे विहार कॉलोनी में पूर्व महामंत्री चंद्रहास सिंह के आवास पर बैठक हुई। बैठक में संगठन की मजबूती और समाज के मुद्दे पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर ने हमें बैक सोसायटी का संदेश दिया। हमें धरातल पर इस कार्य को करना है। समाज से हम है, समाज हमसे नहीं। बैठक में कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य शेर सिंह, सलूजा, उमेश कुमार, विक्की, डॉ. जीतेन्द्र कुमार. धर्मवीर सिं, रामकुमार सिंह, धर्मपाल सिंह, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, जिला कोषाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष रामनाथ सिंह, पूर्व महामंत्री चंद्रहास सिंह, डॉ. रामकुमार सिंह आदि रहे। सर्वसम्मति से प्रो. रामकुमार रामनाथ सिंह, चंदू सिंह, कुडवा सिंह एवं चंद्रपाल सिंह को कोर कमेटी का सदस्य बनाया गया।



मजार पर दुआ मांगते सांसद जियाउर्रहमान बर्क व अन्य। ● अमृत विचार

### सांसद जिया उर रहमान बर्क ने चादरपोशी कर दुआ मांगी

**बिलारी, अमृत विचार** : मोहल्ला बाजार स्थित दादा करम अली शाह की मजार पर उर्स का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क एवं बिलारी विधायक के प्रतिनिधि ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद सभी ने मजार पर चादरपोशी कर मुल्क और कौम की सलामती एवं खुशहाली की दुआ की। मजार पर तीन दिनों तक कव्वाली का कार्यक्रम होता है। जिसमें उत्तर प्रदेश के मशहूर कव्वाल दादा मियां की शान में कव्वाली पेश करते हैं। इस दौरान उर्स कमेटी के सेक्रेटरी सरफराज हुसैन सैफी, अख्तर हुसैन सैफी, अब्दुल्ला, सैफी, जकवान, सोहेल असगर, फरहत अली, नजाकत अली, यूनुस सैफी, वकील फारुकी, मोहम्मद आलम उर्फ पप्पू, चिराग अग्रवाल, जरीफ अहमद, जुम्मा फारुकी रहे।

### झुलसे मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**अमरोहा, अमृत विचार** : पटाखा फैक्ट्री में आग से झुलसे मजदूर की उपचार के दौरान दिल्ली में मौत हो गई। जबकि झुलसी एक महिला आईसीयू में भर्ती है। रजबपुर थाना क्षेत्र में अतरासी मार्ग स्थित गांव सूदनपुर में पटाखा फैक्ट्री में दो दिन पहले आग लग गई थी। फैक्ट्री मालिक कामरान अहमद के ही मोहल्ले निवासी भोला सहित गांव मंगूपुरा निवासी ममता व रीता तथा गांव देवीपुरा निवासी अनीता व मनीषा भी गंभीर रूप से झुलस गए थे। अग्निशमन विभाग की टीम व थाना पुलिस ने आग पर काबू पाया था। पांचों लोगों को झुलसी हालत में फैक्ट्री से बाहर निकाला गया था। उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। ममता व भोला को गंभीर हालत में दिल्ली हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सोमवार रात हापुड़ निवाड़ी भोला की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि गांव मंगूपुरा निवासी ममता गंभीर हालत में दिल्ली आईसीयू में भर्ती है।

### इलाज के लिए तांत्रिक का सहारा लेना पड़ा भारी

**काशीपुर, अमृत विचार** : गांव धीमरखेड़ा निवासी नजर हुसैन ने न्यायालय को दिये प्रार्थना पत्र में कहा कि फेसबुक के विज्ञापन के माध्यम से एक तांत्रिक से संपर्क हुआ। इस दौरान उन्होंने अपनी व उनकी बहन की काफी समय से तबीयत खराब होने की बात बताई। तांत्रिक ने बताया कि उन लोगों पर ऊपरी हवा जिन्न का साया है। इसका इलाज तंत्र मंत्र से करते हैं। मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने सतीश व धीरज नाम के व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षाएं अब 11 जुलाई को होंगी

**अमृत विचार** : संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा और भर्ती परीक्षा 2024 की वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ा दी है। 7 जुलाई को होने वाली परीक्षाएं अब निर्धारित समय सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक 1 से 2:30 बजे तक होंगी।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी और एलएलएम की परीक्षा सुबह पहली पाली और एमएड की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 4992 पंजीकरण हुए हैं। एलएलबी में सीटों के सापेक्ष पांच गुना से अधिक पंजीकरण हुए हैं।

प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीकरण 18 मई से 17 जून तक हुए। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा सिर्फ बरेली कॉलेज की 320 और केजीके कॉलेज की 300 सीटों के लिए हो रही है। एलएलएम की विश्वविद्यालय परिसर की 90, स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज शाहजहांपुर की 20, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ बिजनौर की 20 और हाकिम मेहताबुद्दीन हाशमी कॉलेज लॉ कॉलेज अमरोहा की 20 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। एलएलएम की 150 सीटों के लिए 759 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इसके अलावा एमएड की विश्वविद्यालय परिसर की 50 और हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की 50 सीटों के लिए प्रवेश परीक्षा होगी। इन सौ सीटों के लिए 717 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

## बरेली कॉलेज में हुए बीएससी जीव विज्ञान में सबसे अधिक आवेदन

**बरेली, अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अब तक करीब सात हजार पंजीकरण हो गए हैं। इनमें सबसे अधिक जीव विज्ञान की 720 सीटों के लिए 1595 पंजीकरण हुए हैं। ऐसे में इसकी मेरिट काफी हाई जाएगी।

वहीं बीए की 1840 सीटों के सापेक्ष 2784 पंजीकरण हुए हैं। बीएससी गणित और बीकॉम में सीटों से कम पंजीकरण हुए हैं, जिसमें बीकॉम की 1040 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 795 और बीएससी गणित की 840 सीटों के सापेक्ष सिर्फ 568 पंजीकरण हुए हैं। आने वाले दिनों में सीटों की संख्या तक पंजीकरण होना मुश्किल लग रहा है। इसके अलावा बीबीए में 409, बीसीए में 468 और बीकॉम ऑनर्स में 244 पंजीकरण हुए हैं।

# कल से 22 ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : रेल यात्रियों को अगले एक सप्ताह तक सफर करना आसान नहीं होगा। मुरादाबाद-बरेली रेल खंड के बीच दुगनपुर स्टेशन यार्ड में मरम्मत की वजह से 19 से 26 जून तक मेगा ब्लॉक की वजह से 24 ट्रेनों की रफ्तार पर ब्रेक लग जाएगा। ब्लॉक की वजह से नौ ट्रेनों को रेग्युलेट और नौ ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है। इसके अलावा चार ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार 20504 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 22 जून को, 20506 नई दिल्ली डिब्रूगढ़ राजधानी 23 जून को, 15211 दरभंगा अमृतसर 20 से 22 जून को, 12204 अमृतर-सहरसा गरीब रथ 22 व 23 जून को, 14603 अमृतसर जनसाधारण 21 जून को अपने-अपने निर्धारित स्टेशन से 75-75 मिनट की देरी से चलाई जाएंगी। वहीं 04067 दरभंगा दिल्ली स्पेशल 19 व 23 जून को 90 मिनट, 04096 आनंद विहार अयोध्या स्पेशल 20 जून को 180 मिनट व 24 जून को 120 मिनट, 04680 गुवाहटी स्पेशल ट्रेन 21 जून को 240 मिनट देरी से चलेंगी। इसके अलावा 20506 डिब्रूगढ़ राजधानी एक्सप्रेस 20 जून को, 20504 डिब्रूगढ़ राजधानी 24 जून को, 15211 अमृतसर जननायक एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मार्ग में 30-30 मिनट रेग्युलेट की जाएंगी, जबकि 12326 गुरमुखी सुपरफास्ट 22 जून को, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस 22 व 23 जून को 45-45 मिनट नियंत्रित की जाएंगी। 05531 आनंद विहार स्पेशल 23 जून को 60 मिनट, 04624 वाराणसी स्पेशल 23 जून को 120 मिनट, 04028 सहरसा स्पेशल 24 जून को 120 मिनट और 05310 मऊ स्पेशल 24 जून को 120 मिनट मार्ग में नियंत्रित की जाएगी।

### डायवर्ट चार ट्रेनें जंक्शन पर रहेंगी निरस्त

रेल प्रशासन की तरफ से चार ट्रेनों को डायवर्ट भी किया गया है। जिनका मार्ग बदलने के कारण इन ट्रेनों का संचालन बरेली जंक्शन पर निरस्त रहेगा। अधिकारियों के मुताबिक 12204 अमृतसर-सहरसा 22 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। 15909 अवध असम एक्सप्रेस 18 व 22 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद रे रास्ते चलेगी। 12369 कुंभ एक्सप्रेस 19 व 23 जून को बरेली कैंट-चंदौसी-मुरादाबाद के रास्ते से होकर गुजरेगी। 15910 अवध असम एक्सप्रेस 19 व 23 जून को मुरादाबाद-चंदौसी-बरेली कैंट के रास्ते चलेगी। इन ट्रेनों का ठहराव बरेली जंक्शन और रामपुर में नहीं होगा।

# धक्का देने से बेहोश हुआ युवक फिर नहर में डुबाकर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- नशा ज्यादा होने पर गाली-गलौज की तो युवक को दिया था धक्का

**अमृत विचार** : जिला बिजनौर के चरन सिंह का अपहरण करके हत्या कर दी गई थी। दो लोगों ने उसे धक्का दिया। युवक बेहोश हो गया तो उसे मरा जानकर अलीगढ़ में नहर में फेंक दिया। दातागंज कोतवाली पुलिस ने दो हत्यारोपियों को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों से पूछताछ करके जेल भेज दिया।

जिला बिजनौर के थाना धामपुर क्षेत्र के गांव फतेहपुर लाल उर्फ उदुपुरा निवासी चरन सिंह चौहान ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांवों में डाली जा रही पाइपलाइन के लिए अपना ट्रैक्टर किराए पर दिया था। वह सात जून को लापता हो गए थे। 10 जून को उनके परिजन प्रशांत कुमार ने अलीगढ़ के थाना अतरौली क्षेत्र के गांव जमना खेड़िया निवासी ठेकेदार गोपाल पुत्र भानू प्रकाश और बबलू पुत्र राजेंद्र के खिलाफ अपहरण के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। दातागंज पुलिस ने मंगलवार को गोपाल को अलीगढ़ के बह्मपुर चौराहे और बबलू को अलीगढ़ के बौरा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गोपाल ने बताया कि वह जल जीवन मिशन के अंतर्गत दातागंज के गांव पड़ेली बझेड़ा और बराही में पानी की टंकी के लिए पाइपलाइन डालने का काम करता है। लगभग एक साल पहले उसने फतेहपुर लाल उर्फ उदुपुरा निवासी चरन सिंह पुत्र विक्रम सिंह के गांव में पाइपलाइन डालने का काम किया था। तभी से चरन सिंह से पहचान हो गई थी। जिसके चलते उन्होंने चरन सिंह को गांव पड़ेली बझेड़ा व बराही में काम के लिए बुलाया था।

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं, वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की जान की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# विदेश व्यापार घाटा

भारत को वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण माना जाता है। देश का व्यापार परिदृश्य वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के बीच विकसित हो रहा है। मौजूदा व्यापार नीतियां तथा मौद्रिक सुधार जैसे पहलू इसमें योगदान दे रहे हैं। देश बुनियादी ढांचे और तकनीकी प्रगति को भी प्रोत्साहित कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में वित्तीय क्षेत्र के लिए अनुकूल है। इस बीच भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 बिलियन डॉलर हो गया, जो अर्थशास्त्रियों के 19.5 बिलियन डॉलर के अनुमान से कम है। चिंता की बात यह है कि मसालों की शिपमेंट में 20.3 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जबकि समुद्री उत्पादों का निर्यात एक बार फिर से लुढ़क गया है। दूसरी ओर इंजीनियरिंग सामान, वाणिज्यिक वाहनों और स्मार्टफोन के शिपमेंट में वृद्धि से मई में देश का व्यापारिक निर्यात एक साल पहले की तुलना में 9 प्रतिशत बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। राहत की बात है कि पिछले पांच महीनों में से चार महीनों के दौरान आयात के साथ-साथ निर्यात भी बढ़ा है। भारत से निर्यात की जाने वाली शीर्ष 30 वस्तुओं में से 20 ने इस साल पिछले मई के निर्यात के आंकड़ों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि अप्रैल में सिर्फ 13 वस्तुओं के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। मई में जिन क्षेत्रों में सुधार हुआ उनमें परिधान, मानव निर्मित धागा और इंजीनियरिंग के सामान जैसे रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्र शामिल हैं।

व्यापार सचिव सुनील भरथवाल ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को और बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे आयात की मांग बढ़ेगी। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोई देश विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल या मध्यस्थ उत्पादों का आयात कर रहा है, तो घाटा हमेशा बुरा नहीं होता है। हालांकि यह घरेलू मुद्रा पर दबाव डालता है। इसी के चलते अधिकारियों ने बढ़ते व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं को ज्यादा महत्ता नहीं दी है। उनका तर्क है कि भारत के निर्यात की मांग जल्द ही आयात संबंधी मांग को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि यह बाकी दुनिया के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। गौरतलब है कि जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। खुशी की बात है कि हमारे निर्यात के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। केंद्र को बजटीय परिव्यय में वृद्धि के साथ माल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाओं और प्रयासों को पुनर्जीवित करना चाहिए।

# हिंदुस्तान की आर्थिक गिरावट और सामाजिक संकीर्णता



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया।

मध्ययुग की लूटों और लगातार चलने वाले युद्धों की देन-उत्पीड़क लगान व्यवस्था के बावजूद विश्व में भारत की अद्वितीय निर्यात क्षमता और तज्जनित समृद्धि कायम रही। लगभग तीन सहस्राब्दियों की उत्तरोत्तर आनुवंशिक कुशलता से अर्जित सर्वोन्नत हस्तकला व हस्त उद्योग तथा कृषि भूमि पर (यूरोप के सामंतों एवं भूदासों के बरक्स) किसानों के स्वामित्व एवं विशिष्ट जलवायु के चलते कपास, रेशम, चावल, गन्ना व नील जैसे तब तक के ज्ञात विश्व के लिए दुर्लभ उत्पादों पर भारत का वर्चस्व अक्षुण्ण बना रहा। अठारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध हिंदुस्तान के लिए अतिशय राजनीतिक विश्रृंखलन का काल था, किंतु एक विडंबना के तहत, यह विश्व बाजार में उसके निर्यात वर्चस्व और आर्थिक समृद्धि का भी काल था।

भारत की संस्थागत, सुव्यवस्थित लूट और उसकी उत्पादन व्यवस्था को ध्वस्त करने का ईस्ट इंडिया कंपनी ने कार्य किया। जाति व्यवस्था की विषमता का तीक्ष्णतम रूप, जो देश के आजाद होने पर हमें विरासत में मिला, काफी हद तक इसी लूट और विध्वंस का परिणाम था। जब सुनिश्चित हो गया कि दुनिया गोल है, पूरब और पश्चिम दोनों ओर से हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने की होड़ लग गई। स्पेन और पुर्तगाल ही यूरोप की दो महाशक्तियां थीं। हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने के लिए इन्हीं दोनों में प्रतिद्वंद्विता चली। भारत का समुद्री मार्ग खोजने के लिए पश्चिम की ओर बढ़ता स्पेन का कोलंबस अमेरिका के एक तटवर्ती द्वीप पर पहुंच गया (12अकटूबर 1492) जिसे वह भारत का हिस्सा समझ बैठा।

व्यापार के साथ-साथ स्पेन दक्षिण अमेरिका और मध्य अमेरिका में अपने उपनिवेश बनाने दौड़ पड़ा। बाद में मालूम हुआ, वह तो एक नई दुनिया है। दोनों महाशक्तियों में टकराव न हो, इसलिए पोप सिकंदर चतुर्थ ने एक पापल बुल जारी कर दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया (4 मई 1493) और पूरब का हिस्सा पुर्तगाल तथा पश्चिम का स्पेन के हवाले कर दिया (जैसे पोप को पूरी दुनिया पर प्रभुत्व हासिल हो)। दोनों को भारत का समुद्री मार्ग खोजना था और जो भी हिस्से मिले उन पर अपने-अपने कानूनों के अनुसार राज करना था, केवल व्यापार के लिए पूरे यूरोप के ईसाई जगत को छूट देनी थी। पुर्तगाल का वास्को डि गामा 20 मई 1498 को कालीकट पहुंचा और यही हिंदुस्तान, बल्कि एशिया के पराभव और यूरोप के उत्थान का बीज-बिंदु साबित हुआ। पहले पुर्तगाल के व्यापारी भारत आए (1600), फिर डच (1610), फिर ब्रिटिश (1611), फिर फ्रांसीसी (1667) और अंत में आए डेनमार्क-नार्वे वाले (1799)। (पांडिचेरी के उत्तर, तमिलनाडु के थरंगंबादी कस्बे और बंगाल के सेरामपुर में डेनिश अड्डे थे, थरंगंबादी में समुद्रतट पर उनकी टूटी-फूटी व्यापारिक कोठी अभी भी मौजूद है।)

> दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे।

1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना मुख्यतः भारत से समुद्री व्यापार करने के लिए ही हुई थी। 1614 में सर टॉमस रो ब्रिटिश संसद के सदस्य बने। रो की पहले से मशहूर राजनयिक सफलता के चलते कंपनी ने राजा जेम्स से उन्हें हिंदुस्तान के बादशाह जहांगीर के पास इंग्लैंड का राजदूत बनाकर भेजने की सिफारिश की, जो मान ली गई। रो 1615 में आगरा पहुंचे। वे 1615 से 1618 तक तीन साल आगरा में रहे और जहांगीर के करीबी तथा हम प्याला बनने में सफल हुए। आखिर जहांगीर ने कंपनी को सूरत में व्यापारिक कोठी (गोदाम या कारखाना) खोलने की अनुमति दे दी। भारत के भावी दुर्भाग्य का यह दूसरा काल बिंदु साबित हुआ। सूरत के बाद कंपनी की व्यापारिक कोठियां आगरा, अहमदाबाद, भड़ौच और बड़ौदा में भी खुल गईं। बंगाल में कंपनी की पहली कोठी खुली हुगली में (1650-51), फिर एक और कोठी कासिम बाजार में खुल गई। हुगली में कंपनी के उद्धत कर्मचारियों द्वारा की गई लूटपाट से बौखलाए औरंगजेब के हुक्म से मुगल सेना ने अंग्रेजों की बस्ती उजाड़कर उन्हें समुद्र में खदेड़ दिया (1686)। दो साल बाद चटगांव पर कब्जा करने की उनकी कोशिश भी नाकाम कर दी गई।

दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे। बड़े मुगलों में से किसी को भी पहले के चोलों, चालुक्यों और पल्लवों की तर्ज पर अपना शक्तिशाली समुद्री बेड़ा खड़ा करने की नहीं सूझी, जिसे करने में वे पूर्णतः समर्थ थे। इतिहास में दूरगामी असर वाले ऐसे आकस्मिक हादसे होते रहे हैं। छोटे मुगलों के काल में, पहले प्लासी, फिर बक्सर युद्ध (1764) में अंग्रेजों की विजय और अगले साल इलाहाबाद की संधि ने व्यापारी कंपनी को सत्ता और राजनीति की विस्तीर्ण दीर्घा में छलांग लगाने का अवसर उपस्थित कर दिया। इस तरह भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया। सीमित हुए संसाधनों की इस छीनाझपटी में जाति व्यवस्था अपने क्रूरतम, अमानुषिक रूप में उभरकर सामने आई।

कंपनी द्वारा नए-नए इलाकों पर कब्जा करने हेतु लड़ी गई लड़ाइयों के संसाधन जुटाने और बैलेंस शीट बेहतर दिखाने के लिए कृषि लगान की दरें लगातार बढ़ाई जाती रहीं। सूखे और बाढ़ में भी कोई रियायत नहीं दी जाती थी। बाद में लगान वसूली के बिचौलियों का एक वर्ग विकसित हो गया, जो सरकार को निश्चित दर पर मालगुजारी देता था, किंतु वह किसानों से कितना वसूल करता था, इस पर कोई नियंत्रण नहीं था, जानकारी तक नहीं थी। इस तरह कारीगर के साथ-साथ किसान भी बर्बाद हो गए। मुख्यतः इंसानी कारणों से उद्भूत बंगाल के भयानक दुर्भिक्ष (1769-73) से वहां की जनसंख्या एक तिहाई रह गई। मुगल काल का सबसे संपन्न सूबा सबसे विपन्न बन गया। इतिहासकारों ने स्वीकार किया है कि इस दुर्भिक्ष का मुख्य कारण कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार और कर के नाम पर कंपनी के कर्मचारियों की व्यक्तिगत लूट थी। ठीक वैसा ही अकाल ब्रिटिश शासन के अंतिम चरण में 1943 में पड़ा जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक नहीं, मानवीय था जिसमें जापान से पराजय की ओर उन्मुख अंग्रेजों की पीछे हटने की स्थिति में शत्रु के लिए झुलसी धरती छोड़ने की अग्रिम नीति अपनाने का भी जबरदस्त योगदान रहा। 1943 के बंगाल दुर्भिक्ष में कम से कम 30 लाख लोगों को तड़प-तड़प कर जान देनी पड़ी। कंपनी राज से शुरू होकर बाद के मुकुट राज में भी भारत को कच्चे माल का उत्पादक और तैयार माल के उपभोक्ता में बदलने की प्रक्रिया जारी रही। अंग्रेजों का इरादा स्वेच्छा से भारत का औद्योगीकरण करने का कभी नहीं रहा, किंतु युद्धकाल में बाधित यातायात की मजबूरी के चलते दोनों विश्वयुद्धों के दौरान भारत के उद्यमियों को स्वदेशी उद्योग लगाने की सहूलियत देनी पड़ी।

ब्रिटिश काल में हस्त शिल्प और कृषि कार्य में लगे होने से शूद्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। बाद में वैश्विक औद्योगीकरण के चलते हस्त उद्योग वैसे भी लाभप्रद नहीं रह गए। शूद्र वर्ग की आर्थिक स्थिति में क्षरण के साथ प्रकृत रूप से उसकी सामाजिक स्थिति में भी गिरावट आई, लेकिन सबसे बुरा हाल हुआ पेशे की अशुचिता के आधार पर अस्पृश्य मान ली गई जातियों का। वे द्विजों से ही नहीं, शूद्रों से भी कटकर अलग-थलग पड़ गईं, शूद्र भी उन्हें अस्पृश्य मानने लगे। उनकी मानवीय गरिमा पूरी तरह रौंद दी गई। भारत के इतिहास का यह सबसे गर्हित अध्याय है। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा कलंक भी। महाभारत काल तक जन्मना अस्पृश्यता का कोई सुराग नहीं मिलता, चातुर्वर्ण्य और जातिप्रथा का जरूर मिलता है। अस्पृश्यता के उद्भव और पुष्टीकरण का जघन्य कार्य बहुत बाद की देन है।

## प्रसंगवश

# अकेले अयोध्या पर शब्द बाण क्यों

उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट जिसमें पुराण प्रसिद्ध सप्त पुरियों में प्रथम अयोध्या आती है, से भाजपा की पराजय हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी प्रचार के साथ यहां राम की मूर्ति स्थापना की थी। वे यह मान बैठे थे कि 'वे ही राम को लाए हैं' और अब प्रत्युपकार करने की राम की बारी है। ऐसा नहीं हुआ। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 63 सीट घट गई और फैजाबाद हार गई। बस फिर क्या था, पार्टी के समर्थक और आईटी सेल वाले अयोध्या नगरी को ही कोसने लगे। खूब शब्द बाण चले। वे ये भूल गए कि स्वयं राम को यह नगरी बैकुंठ से भी ज्यादा प्रिय है। देश की जनता से अयोध्यावासियों को दंड देने की अपीलें की गईं। उन हिंदुओं को जयचंद से लेकर दोगला तक कहा गया, जिन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया। हद तो तब हो गई, जब एक धर्माचार्य भी इस विवाद में कूद पड़े और इन गैर भाजपा मतदाताओं को मंथरा का वंशज करार दे डाला। इन सब मर्यादाहीन आलोचकों का हम यहां ज्ञानवर्द्धन करना चाहते हैं। केवल अयोध्या में ही क्यों, भाजपा तो उन सभी जगह चुनाव हारी है, जहां-जहा राम रहे, बसे, अनुष्ठान किए।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब आप कहां-कहां की जनता को गाली दोगे? चित्रकूट में राम बहुत समय रहे, किंतु बांदा-चित्रकूट सीट सपा की झोली में गई। पंचवटी कौन नहीं जानता! माता सीता का हरण यहीं से हुआ। यह महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां भाजपा तो खड़ी नहीं थी, उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना का प्रत्याशी खड़ा था, जो हार गया। किष्किंधा में राम सुग्रीव की मित्रता और हनुमान मिलन हुआ था। यह स्थान आज 'हम्पी' है, जो कर्नाटक की बेल्लारी सीट का हिस्सा है। यहां से कांग्रेस जीती है। रामेश्वरम में तो श्रीराम ने प्रसिद्ध शिव ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और सेतुबंध किया था। यह रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र में आता है। यहां भी 'इंडिया' गठबंधन जीता है और भाजपा समर्थित निर्दलीय हारा है। तब फिर अकेले अयोध्या को कोसना क्यों जारी है? राम की आवाज सुनिए। वे अपने नाम और भक्ति का राजनीतिकरण नहीं चाहते। वे समदर्शी हैं और "सब मोहि प्रिय सब मम उपजाय" उनका उद्घोष है।

# मनुष्य की भावनाएं ही उसे बड़ा बनाती हैं

वॉयजर 1 अंतरिक्ष यान के लगभग सभी खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। लगभग 47 वर्ष से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा वॉयजर वन इस समय पृथ्वी से लगभग 24 अरब किलोमीटर दूर है। यहां से वहां तक रेडियो सिग्नल जाने में उसके प्रकाश की गति (3 लाख किलोमीटर प्रति सेकंड) के हिसाब से चलते हुए 22 घंटे का समय लगता है। यहां से रेडियो सिग्नल भेज कर ये खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। क्या यह मानव की मेधा को नमन करने का अवसर नहीं है?

जब यह वॉयजर वन पृथ्वी से 6.4 अरब किलोमीटर दूर था, तब इसने पृथ्वी के चित्र लिए थे। उसमें पृथ्वी अनंत अंतरिक्ष में एक बिंदु के समान दिखाई पड़ रही थी। उसे देखकर प्रसिद्ध खगोल शास्त्री और विज्ञान लेखक कार्ल सैगन ने 1994 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'पेल ब्लू डॉट: ए विजन ऑफ द ह्यूमन फ्यूचर इन स्पेस' में इन शब्दों को कहा था। उनके ये शब्द मानव जाति के लिए कितने प्रेरणादायक हैं।

'उस बिंदु को दोबारा देखें। वो जगह यह है, वो घर है, वो हम हैं। इस पर वो सभी लोग हैं जिन्हें तुम प्यार करते हो, जानते हो, सुनते हो, जितने भी मनुष्य आज तक हुए हैं। हमारी खुशी, हमारी वेदना, हमारे धर्म, विचार, मत, शिकारी, नायक, कायर, सभ्यताओं को बनाने और बिगाड़ने वाले, राजा और किसान, प्यार में डूबे युवा, प्रत्येक माता-पिता, आशावान बच्चा, आविष्कारक और खोजी, नैतिकता के शिक्षक और भ्रष्ट नेता, हर एक सुपरस्टार और महान नेता, हर संत और पापी, सब कुछ जो हमारे इतिहास में हुआ, इस नीले बिंदु के भीतर सूर्य के प्रकाश में दीखने वाली धूल की तरह लुप्त हो गया।' 'इस अनंत ब्रह्मांड में पृथ्वी बहुत ही छोटा हिस्सा है। उन शासकों के बारे में सोचिए जिन्होंने इस बिंदु पर कब्जा करने के लिए खून की नदियां बहा दी थीं। अंतहीन निर्दयता जो एक तरफ के लोगों ने दूसरे तरफ के लोगों पर की थी। वे लोग कितनी अज्ञानता से भरे थे, एक-दूसरे को मारने की तड़प से भरे, कितनी गहरा था उनका द्वेष।'



डॉ.राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

> कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है।

'हमारा दिखावा, अहंकार, यह भ्रम कि हम इस ब्रह्मांड में विशेष हैं, इस बिंदु ने यह सब भ्रांतियां तोड़ दी हैं। हमारा ग्रह इस अनंत अंधेरे ब्रह्मांड में एक अकेले कण के समान है। इस अंधकार और विस्तार में कोई संकेत नहीं है कि कोई हमें, हमसे बचाने कहीं और से आएगा।' 'कहते हैं कि खगोल विज्ञान विनय और चरित्र निर्माण देता है, लेकिन वे तस्वीर मानव अहंकार की अज्ञानता का बेहतरीन उदाहरण है। वे हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करती है कि हमें एक दूसरे से और भी कृतज्ञता और नम्रता के साथ व्यवहार करना चाहिए ताकि हम इस धरती को संजोकर रख सकें। धरती, वह एक नीला बिंदु, जो हमारा एकमात्र घर है।' कितना सही कहा था कार्ल सैगन ने। वास्तव में अंधेरे, काले, गहन अंतरिक्ष में एक बिंदु-जो पृथ्वी है-हमें दिखाता है कि हम इस ब्रह्मांड में कितने महत्वहीन हैं। हमारा अहंकार कितना खोखला है। पृथ्वी के एक भाग पर अधिकार करने के लिए किए गए हमारे झगड़े और युद्ध कितने तुच्छ हैं। हमारी स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ और सदैव सत्य समझने की भावना कितनी उथली है। हमारी स्थिति पृथ्वी के समस्त महासागरों के तटों पर बिखरी हुई रेत के एक कण से भी कम है।

मानव में बहुत सी कमियां हैं। यहां दूसरों को कष्ट देने की भावना है, यहां धर्म के नाम पर अन्य प्राणियों के प्राण लेने की भावना है, यहां अहंकार है, क्रोध है, असत्य है, यहां अज्ञान है। हम सिकंदर को महान कहते हैं। क्यों कहते हैं? क्या इसलिए कि उसने मकदूनिया से निकलकर तलवार के बल पर पृथ्वी के एक छोटे से भाग पर अधिकार कर लिया था? क्या महान होने की यह कसौटी होनी चाहिए? कैसे हम अपने धर्म की कमियां दिखाई जाने पर आपे से बाहर हो जाते हैं, कैसे हम तर्कसंगत विचार न करके अपने तथाकथित धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और उसके लिए मरने-मारने को तैयार हो जाते हैं।

कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है। इस ब्रह्मांड के रहस्य ज्ञात करने के लिए किया गया उसका परिश्रम तुच्छ नहीं है। उसकी यह भावना गलत नहीं है। यही वह मेधा है, वह इच्छा है और वह परिश्रम है जिसने उसे एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक लाकर खड़ा किया है, जहां वह स्वयं अपना और अपने ब्रह्मांड का उद्गम खोज रहा है। मनुष्य की यह भावना उसे बड़ा बनाती है। उसकी यह भावना उसकी अनेक कमियों के बावजूद उसे एक अलग स्थान पर खड़ा करती है।

## सोशल फोरम

# प्रकृति के परिवर्तन का यथार्थ

जीवन में कई बार ऐसे मुकाम आते हैं, जब हमें लगने लगता है कि हमारी समझ परिपक्व हो गई है और किसी विषय या चीज के विषय में अब हम, जो विचार, राय या धारणा बनाएंगे, वह परिपक्वता की दृष्टि से सबसे अच्छी होगी और उसमें किसी प्रकार के सुधार या परिष्कार की कभी आवश्यकता नहीं होगी।

कुछ दिन, महीने या साल बाद जब हम अपने उस परिपक्व विचार, राय या धारणा को देखते हैं, तब हमें उसमें कुछ कमी महसूस होने लगती है। इसका कारण है कि हमारी समझ अध्ययन, मनन, अनुभव, परिवेश और समय-सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में निरंतर हो रहे बदलावों के साथ समायोजन करते हुए सतत बदलती रहती है।

यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि एक मनुष्य अपने जीवन में जानते, समझते, अनुभव करते, पढ़ते-लिखते और समय के साथ समायोजन करते हुए सतत संशोधित और परिष्कृत होता रहता है, यानी विकसित होता रहता है। यह बदलाव या विकास सदैव सीधी रेखा में ही नहीं होता, कई बार यह टेढ़ा-मेढ़ा भी होता है। सतत बदलाव प्रकृति का नियम है। मनुष्य और उसका परिवेश भी बदलता रहता है। यह बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन हमारे समाज का सोच कहावतों, काव्यांशों, दोहों, चौपाइयों, श्लोकों आदि से इस कदर प्रदूषित है कि इस समाज में बदलने को स्वाभाविक और सकारात्मक अर्थ में नहीं लिया जाता। बदलने का अर्थ हम अविश्वसनीयता, अमानवीयता, धूर्तता आदि से लगाते हैं, जबकि सकारात्मक दिशा में बदलना प्रगति करना है और इस बदलाव को प्रसन्नता से स्वीकार करना चाहिए।



अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

हम भूल जाते हैं कि जब हम अपने जीवनकाल में ही बदलते रहते हैं, तब हमारे पूर्वजों के विचार आज संभव है कि प्रासंगिक और उपादेय न रह गए हों, मगर धर्म, संस्कृति और प्राचीनता की भक्ति में डूबा समाज उनके विचारों के पुनर्मूल्यांकन का साहस ही नहीं करता। इस प्रवृत्ति से समाज में पाखंड और भेद बढ़ता है। दुनिया के उन्नत और आधुनिक समाजों के साथ समायोजन और बदलना करना कठिन हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

# भीषण गर्मी में योगदान देने वाले कारक

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की लहर सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और समग्र सामाजिक कल्याण के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करती है। भारत में अत्यधिक गर्मी की चिंताजनक स्थिति का विभिन्न क्षेत्रों और दैनिक जीवन के पहलुओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। हालांकि सरकार ने जलवायु कार्य योजनाओं, ताप कार्य योजनाओं और शहरी हरित पहलों के माध्यम से प्रभाव को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन चुनौतियां महत्वपूर्ण बनी हुई हैं।

अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए सरकारी नीतियों, उद्योग अनुकूलन और उपभोक्ता जागरूकता के संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण हैं। ग्लोबल वार्मिंग के मूल कारणों को संबोधित करके और गर्मी की लहरों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर, भारत भावी पीढ़ियों के लिए अपनी आबादी, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की रक्षा कर सकता है। बढ़ते तापमान का प्राथमिक चालक ग्लोबल वार्मिंग है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट मानवीय गतिविधियों, विशेष रूप से जीवाश्म ईंधन जलाने, वनों की कटाई और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच एक स्पष्ट संबंध का संकेत देती है। सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, अपनी आबादी और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। 2008 में लांच की गई, जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए भारत की रणनीति की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, टिकाऊ कृषि और जल संरक्षण पर मिशन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। कई राज्यों और शहरों ने हीट एक्शन प्लान विकसित किए हैं, जो गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए डिजाइन किए गए व्यापक ढांचे हैं। इन योजनाओं में आम तौर पर शामिल हैं: आसन्न गर्मी की लहरों के बारे में जनता को समय पर जानकारी प्रसारित करना, नागरिकों को गर्मी की लहरों के खतरों और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना। गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और उनका इलाज करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण देना तथा शीतलन केंद्र बनाना, हरित आवरण बढ़ाना और जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार करना।



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> 'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है।

शहरी ताप द्वीप प्रभाव से निपटने के लिए सरकार हरित पट्टियों और शहरी वनों के विकास को बढ़ावा दे रही है।

'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा में भारी निवेश कर रहा है। लक्ष्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर परिवर्तन महत्वपूर्ण है। भारत में अत्यधिक गर्मी विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करती है, प्रत्येक को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और विशिष्ट अनुकूलन की आवश्यकता होती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि अत्यधिक गर्मी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उच्च तापमान के कारण निम्न हो सकते हैं: गर्मी का तनाव फसल की वृद्धि और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गेहूं, चावल और दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होते हैं। वाष्पीकरण दर बढ़ने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कम हो जाती है जिससे पहले से ही गंभीर पानी की कमी की समस्या और बढ़ जाती है। पशुधन गर्मी के तनाव से पीड़ित हैं जिससे दूध उत्पादन कम हो गया है और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। अत्यधिक गर्मी में माल परिवहन करना समस्याग्रस्त हो सकता है जिससे आपूर्ति श्रृंखला दक्षता प्रभावित हो सकती है। गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनावपूर्ण है: गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर: अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और अन्य संबंधित स्थितियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की लागत प्रणाली पर वित्तीय बोझ डालती है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं, इसलिए लक्षित स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों की आवश्यकता है।

पर्यटन-पर्यटन उद्योग, विशेष रूप से अपने ग्रीष्मकालीन आकर्षणों के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करता है, जो अत्यधिक गर्मी पर्यटकों को रोकती है जिससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य और अच्छाई गर्मी की लहरों के दौरान उपभोक्ताओं को कई स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जैसे हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और पुरानी स्थितियों का बिगड़ना आम है। आर्थिक बोझ-उपभोक्ताओं पर आर्थिक प्रभाव में शामिल हैं। जैसे उपयोगिता बिलों में वृद्धि: घरों और कार्यालयों को ठंडा करने की लागत के कारण बिजली का बिल बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी से जीवन की समग्र गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत्यधिक गर्मी बाहरी गतिविधियों और गतिशीलता को सीमित कर देती है, जिससे समग्र आराम कम हो जाता है।

# महंगाई दर कम दिखाने का नुस्खा

4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार चीजों के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। अगर सुबह-सुबह अखबार पर नजर डाले तो रोज ही किसी न किसी रोजमर्रा की चीजों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल जाती है।

विगत दिनों में दूध, आटा-दालों, सब्जियों, सीएनजी, एटीएम से धन निकासी आदि के दामों में बढ़ोतरी की खबरे पढ़ने को मिलती हैं। जिस देश के चुने गए सांसदों में 99 प्रतिशत करोड़पति हों, वहां की संसद में शायद महंगाई पर न तो कोई गूंज होगी न ही कोई गंभीर चर्चा, लेकिन देश की जनता के लिए बढ़ती महंगाई केवल चिंता का विषय न होकर एक बड़ी चुनौती भी होती है।

केंद्र सरकार के पास हर कमी को ढंकने का कोई न कोई रास्ता रहता है, उसी के तहत महंगाई को कम कर दिखाने का भी नुस्खा निकल आया है। सरकार के हर बार के आंकड़ों में हैरानी की बात है कि थोक महंगाई दर बढ़ रही है, लेकिन खुदरा महंगाई घट रही है। इस गुत्थी को तो शायद बड़े अर्थशास्त्री ही समझ सके, लेकिन मई माह में थोक मंहगाई दर 1.20 प्रतिशत की अप्रैल की थोक मंहगाई दर से बढ़ कर 2.61 प्रतिशत हो गई यानी दुगने से भी ज्यादा हो गई, लेकिन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर इस अवधि में 4.85 प्रतिशत से घटकर 4.79 प्रतिशत रह गई। मामूली सी ही सही, लेकिन इन आंकड़ों के हिसाब से इसमें कमी आई।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

असल में सरकार ने महंगाई दर कम दिखाने का नया नुस्खा निकाल लिया है। नए नुस्खे में खाने-पीने की चीजों का महत्व कम कर दिया गया है। पहले खाने-पीने की चीजों का वेटेज 49.86 प्रतिशत था जिससे खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई का आंकड़ा बढ़ जाता था। अब इसे घटाकर 39 प्रतिशत कर दिया है जिससे खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से इस महंगाई दर पर असर नहीं दिखाई देता।

देश की जनता इस मार से त्रस्त है। क्या देश के चुने हुए नुमाइंदे इस तरफ कोई ध्यान देंगे?

## घर के बाहर सो रहे व्यक्ति की गला रेतकर हत्या

**सहारनपुर, एजेंसी।** जिले में कुतुबशेर थानाक्षेत्र में घर के बाहर सो रहे एक व्यक्ति की अज्ञात बदमाशों ने रात गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना कुतुबशेर अंतर्गत ग्राम खत्रीवाला निवासी बॉबी (50) अपने घर के बाहर सड़क पर ही चारपाई डालकर सो रहा था। मंगलवार सुबह चार बजे जब बॉबी के परिजन उसे जगाने के लिए गए तो उन्हें बॉबी मृत मिला और उसकी गर्दन पर धारदार हथियार से वार किया गया था। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी तुरंत ही कुतुबशेर थाने को दी गई। सूचना मिलते ही थाने की पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से नमूने इकट्ठा किए गए। बॉबी के पुत्र मनीष का कहना है कि उसके पिता मजदूरी करते थे और रोजाना की तरह वह देर रात भोजन करने के बाद घर के बाहर सोये थे।

# महिला ने विमान में किया हंगामा

## गुस्साई महिला यात्री ने सुरक्षा अधिकारी का काटा हाथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ से मुंबई जा रही थी आकासा एयरलाइंस की फ्लाइट




**अमृत विचार :** लखनऊ से मुंबई जा रही एक महिला यात्री ने विमान में जमकर हंगामा किया। यात्रियों से बदतमीजी की। शिकायत करने पर जब क्रू मेंबर ने उसे समझाने की कोशिश की तो वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। महिला यात्री से परेशान होकर सिक्योरिटी ऑफिसर ने जब उसे विमान से नीचे उतारा तो महिला ने उसके हाथ में काट लिया। बाद में सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

सोमवार की शाम करीब 4:40 बजे लखनऊ से मुंबई जाने वाली आकासा एयरलाइंस उड़ान में आगरा की रहने वाली महिला तनवी मुंबई जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची थी। यहां विमान के अंदर पहुंचते ही उसने अन्य यात्रियों से बेवजह बदतमीजी शुरु कर दी। जब यात्रियों ने विरोध करते हुए इसकी शिकायत विमान के क्रू मेंबर अंकिता से की तो क्रू मेंबर ने उसे काफी समझाया। लेकिन महिला यात्री ने उसकी कोई बात नहीं मानी। बाद में क्रू मेंबर ने विमान के बाहर मौजूद सिक्योरिटी अफसर को मामले से अवगत कराया। इसके बाद महिला को विमान से नीचे उतार दिया गया। लेकिन बाद में उक्त महिला यात्री जोर जबरदस्ती करते हुए विमान के अंदर जाने लगी। इस पर सिक्योरिटी अफसर जय पांडेय ने उसे रोकने की कोशिश की। जिससे महिला यात्री भड़क गई और जय पांडेय को धक्का देकर उनके बाएं हाथ में काट लिया। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों को बुलाया गया जहां उसे पकड़कर विमान से नीचे उतार दिया। बाद में सुरक्षा कर्मियों महिला यात्री को पकड़कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में उक्त महिला यात्री ने अपना नाम तनवी आगरा जिले के शमशाबाद थाना नगला की रहने वाली बताया। उधर इस मामले में आकासा एयर के सिक्योरिटी अफसर व सरोजनीनगर के ही आजाद नगर, चिल्लावां में रहने वाले जय पांडेय ने तनवी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी का कहना है कि सिक्योरिटी अफसर जय पांडेय की तहरीर पर तनवी के खिलाफ दांत से काट कर घायल करने व यात्रियों और विमान स्टाफ से बदतमीजी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। शुरुआती जांच में उक्त महिला यात्री मानसिक रूप से बीमार लग रही है।

## अमित शाह से मिले दुर्गा शंकर, चौथे सेवा विस्तार की चर्चाएं तेज

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र को चौथी बार सेवा विस्तार मिलेगा अथवा किसी अन्य वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मुख्य सचिव की जिम्मेदारी मिलेगी?

इस सवाल को लेकर शासन के गलियारे में चर्चाएं तेज हैं। मुख्य सचिव पद पर रहते हुए तीन बार सेवाविस्तार पा चुके दुर्गा शंकर मिश्र का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। दरअसल, उन्हें चौथा सेवा विस्तार मिलने की चर्चा प्रदेश की ब्यूरोक्रेसी में उस वक्त तेज हुईं जब मंगलवार को दुर्गा शंकर मिश्र की गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आयी।

हालांकि, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर को अगर सेवा विस्तार नहीं मिलता है, तो इस पद के लिए उप्र. कैडर के 1987, 1988 और 1989 बैच के कई अधिकारी दावेदार बताए जा रहे हैं। इसके लिए अंदर खाने प्रयास भी शुरु हो गए हैं।

इलाहाबाद हाईकोर्ट से

# धर्मांतरण से जुड़े मामले की आरोपी को कोर्ट ने जमानत से किया इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- याची के खिलाफ ही लगा सहयोग करने का आरोप

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से जुड़े एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण विरोधी अधिनियम, 2021 एक नया कानून है, जिसे समाज में व्याप्त एक कुप्रथा को रोकने के लिए अधिनियमित किया गया है। उक्त अधिनियम के तहत आने वाले मामलों में अगर लगातार हस्तक्षेप किया जाता है तो यह कानून अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में विफल हो जाएगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने रुक्सार द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में आईपीसी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद करने के लिए प्रार्थना की गई थी। याची के खिलाफ आरोप है कि उसने न केवल पीड़िता को घर बुलाकर उसके दुष्कर्म में सहयोग दिया बल्कि दुष्कर्मी के साथ धर्मांतरण कर विवाह करने का प्रस्ताव भी दिया। मामले के अनुसार याची का पति रहमान शादी से पहले पीड़िता का पीछा करता था। एक बार उसने पीड़िता को घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। शादी के बाद रहमान का भाई इरफान पीड़िता का पीछा करने लगा। याची पर आरोप है कि उसने पीड़िता को उसकी प्रतिष्ठा व सम्मान खोने और जिंदगी बर्बाद होने का डर दिखाकर इस्लाम धर्म अपनाकर इरफान से शादी करने का सुझाव दिया। सुझाव न मानने पर पीड़िता कई बार पुरुष आरोपियों द्वारा दुष्कर्म की शिकार हुई। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप पुरुष आरोपियों के खिलाफ था न कि याची के खिलाफ। इस पर कोर्ट ने कहा कि याची ने न केवल एक महिला को सामाजिक, पारिवारिक और मानसिक क्षति पहुंचाई है बल्कि उसे उसकी परंपराओं और मान्यताओं एवं मूल्यों से भी अलग करने का दुष्कर्म किया है। यह सत्य है कि भले ही याची द्वारा पीड़िता का शारीरिक दुष्कर्म नहीं किया गया, लेकिन उसके द्वारा पीड़िता का मानसिक शोषण करने का प्रयास अवश्य किया गया है और एक सीमा तक याची पीड़िता का मानसिक शोषण करने में सफल भी हुई, इसलिए उसे किसी भी प्रकार की राहत देना अधिनियम, 2021 के तहत निषिद्ध है।

## ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर फरार तीन अभियुक्तों में से एक गिरफ्तार

- तीनों को ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र ले जाया जा रहा था

**इटावा, एजेंसी :** ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र ले जाये जा रहे धोखाधड़ी मामले के तीन आरोपी इटावा और इकदिल स्टेशन के बीच चलती ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर फरार हो गए थे, जिनमें से जीआरपी ने एक को गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) इटावा थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) शैलेश कुमार निगम ने बताया कि मंगलवार को सुबह साढे छह बजे इकदिल रेलवे स्टेशन के निकट फरार अभियुक्त अनीस को गिरफ्तार कर लिया गया है, वह प्रतापगढ़ जिले के रामपुर फतनपुर का रहने वाला था।

गिरफ्तार आरोपी अनीस को इटावा न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय से रिमांड मंजूर होने पर जीआरपी अनीस को महाराष्ट्र पुलिस के सुपुर्द करेगी और शेष दो फरार अभियुक्तों की तलाश जारी है। इससे पहले सोमवार को निगम ने बताया था कि महाराष्ट्र के पालघर जिले के थाना नालासोपारा पुलिस के उपनिरीक्षक मिलिंद तापडे. और हर्षल रउस के नेतृत्व में पुलिस टीम की अभिरक्षा में रामपुर फ़तनपुर निवासी मो. अनीस तथा राजन पुर कुंडा के रहने वाले रेहान फारुकी व अकील अहमद को धोखाधड़ी, दस्तावेज में हेराफेरी समेत विभिन्न आपराधिक मामलों में ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ट्रेन से महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा जा रहे थे। सोमवार सुबह करीब 5:20 बजे जब ट्रेन इटावा स्टेशन से लगभग पांच किमी पहले इकदिल स्टेशन के बीच गुजर रही थी तभी तीनों आरोपी पुलिस को धक्का मार कर चलती ट्रेन से हथकड़ी समेत कूदकर भाग निकले। ट्रेन जब इटावा स्टेशन पर रुकी तब घटना की जानकारी जीआरपी इटावा प्रभारी को महाराष्ट्र पुलिस द्वारा दी गई।

# ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला नियामक आयोग में पहुंचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर की जाय कठोर कार्रवाई
- उपभोक्ता परिषद ने दाखिल की अवमानना याचिका
- निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की कराई जाय जांच



**अमृत विचार :** प्रदेश में शहरों से सटे ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला राज्य विद्युत नियामक आयोग पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर कठोर कार्रवाई करने व निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात के दौरान कहा कि पावर कॉरपोरेशन का निदेशक मंडल उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई में लगा है, इस पर सख्त कार्रवाई कर नजीर स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉरपोरेशन के पूरे निदेशक मंडल के कार्यकाल की समीक्षा करने व उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई कर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे निदेशकों को तत्काल बर्खास्त उनकी संपत्ति की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि कुछ निदेशक अपना कार्यकाल 65 वर्ष कराने में लगे हैं, यह गंभीर मामला है। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन निदेशक मंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग के लिए बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किया है।

### अधिक वसूली पर कॉरपोरेशन ने नहीं दी आयोग को रिपोर्ट

उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सप्लाई टाइप बदलकर बिजली आपूर्ति बढाए जाने के मामले में प्रदेश के कई जिलों में की गई अधिक वसूली पर नियामक आयोग ने 29 अगस्त 2023 को 10 दिन में रिपोर्ट मांगी गई थी, पर 10 महीने बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने रिपोर्ट तो नहीं दाखिल किया पर प्रदेश के लगभग दो करोड 85 लाख ग्रामीण उपभोक्ताओं को संकट में डालने की साजिश की गई है।

## सरकार की 40 साल से लंबित अपील खारिज

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वर्ष 1982 के एक हत्या मामले में आरोपियों को बरी करने के फैसले को रद करने की राज्य सरकार की विशेष अपील को खारिज करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के चश्मदीद गवाहों की गवाही में कई विरोधाभास थे, साथ ही जांच भी दोषपूर्ण पाई गई है। इस तरह की विरोधाभास गवाही और दोषपूर्ण जांच ने पूरे मामले को प्रभावित किया है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति शिव शंकर प्रसाद की खंडपीठ ने पुलिस स्टेशन कोतवाली, एटा में दर्ज मामले में बरी हो चुके आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए पारित किया।

## कोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के दावे को खारिज करने पर लगाई फटकार

- संभल के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की टिप्पणी

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में प्रशासनिक उदासीनता पर एक बार फिर अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि अनुकंपा नियुक्ति के दावे पर विचार करते समय संबंधित विभाग ने इस तथ्य पर अधिक ध्यान दिया कि परिवार 12 वर्षों तक सामान्य जीवनयापन करते हुए अपनी दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करने में कामयाब रहा।

परिवार के कमाऊ व्यक्ति की मृत्यु के कारण एक परिवार को पर्याप्त समृद्ध या सामान्य जीवन के बीच की स्थिति में अपने खर्चे पूरे करने के लिए कितना और कैसा संघर्ष करना पड़ता है, यह विचारणीय है, जिस पर विभाग ने विचार नहीं किया। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति जे जे मुनीर ने अमन पाठक की याचिका को स्वीकार कर याची के आवेदन पर एक महीने के भीतर पुनर्विचार कर यथोचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया। याची के पिता संजय पाठक जिला गन्ना अधिकारी, संभल के कार्यालय में स्टॉक क्लर्क थे। उनकी मृत्यु के उपरांत उनके बेटे द्वारा किए गए अनुकंपा नियुक्ति के दावे को इस आधार पर खारिज कर दिया गया कि याची ने पिता की मृत्यु के लगभग 9 साल बाद आवेदन किया था।

## निर्धारित समय में ही पूरा होगा राम मंदिर का निर्माण

अयोध्या कार्यालय



ट्रस्ट की ओर से जारी मंदिर परिसर में निर्माण कार्य की तस्वीर।

- राम मंदिर के प्रथम तल के बाद चल रहा है द्वितीय तल का निर्माण

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि के शेष बचे निर्माण कार्य में तेजी लाई जा रही है। मंदिर के साथ परकोटे के पूरब के दोनों क्षेत्र में शिव मंदिर और हनुमान मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने चल रहे निर्माण कार्य की कुछ तस्वीरों को साझा कर यह जानकारी दी है।

राम मंदिर के प्रथम तल के बाद द्वितीय तल का निर्माण चल रहा है। 31 दिसम्बर तक शिखर का भी निर्माण हो जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बन रहे परकोटा और उसमें 6 पंचायती मन्दिर का भी निर्माण मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलांवा राम जन्मभूमि परिसर में शेषावतार और सप्त ऋषियों के मंदिर निर्माण की डेड लाइन तय कर दिया गया है, जिसके तहत निर्माण के कार्य की गति को भी बढ़ा दिया गया है। ट्रस्ट की मानें तो वर्तमान में 2500 से 3000 के लगभग में प्रतिदिन वर्कर कार्य कर रहे हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक मंदिर परिसर में निर्माण कार्य अपने निर्धारित समय अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य अपने समय पर पूरा हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इस साल के अंत तक बचे हुए निमार्ण कार्य को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### फिर नहीं आये राहुल गांधी, अब 26 को होगी सुनवाई



**सुलतानपुर, अमृत विचार :** विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेसवार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष ने राहुल गांधी के मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया। मामले में राहुल गांधी की जमानत कोर्ट से हो चुकी है जिसमें मंगलवार उनका बयान विशेष कोर्ट में दर्ज किए जाने के लिए तारीख नियत थी परंतु कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण सुनवाई 26 जून को होगी।

### बहराइच में युवक ट्रेन के आगे कूदा, मौत

**बहराइच, एजेंसी :** जिले के जरवलरोड तिराहे पर मंगलवार को एक युवक चलती ट्रेन के आगे कूद गया। हादसे में युवक की कट कर मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार जरवलरोड थाने के जरवलरोड तिराहे के पास गोरखपुर लखनऊ रेलवे प्रखंड के पश्चिमी दिशा पर आज लगभग दस बजे तेज रफ्तार ट्रेन के आगे युवक कूद गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई।

### बलिया में महिला के साथ दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बलिया, एजेंसी :** जिले के बैरिया थाना क्षेत्र में युवक ने महिला को झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया। बैरिया थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी उपाध्यायपुर गांव निवासी अजीत कुमार (22) को गिरफ्तारी के बाद बलिया की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## वर्ग पहेली-105

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
4. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत, नियतिवाद।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।



### वर्ग पहेली -104 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | ■ | 3 ला | हौ | ल |
| ■ | दी | ■ | 4 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 5 फ़ | त | ह | ■ | 6 मू | ■ |
| ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ढ़ | ■ |
| 7 ल | ■ | 8 ढ | म | ढ | म | ■ |
| गा | ■ | ■ | ■ | ■ | ति | ■ |
| 9 म | ख़ | सू | स | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | 8 | | | | 6 |
| | 8 | 7 | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | | 4 | 3 | | | 8 | |
| 1 | | 4 | | | 7 | | | 8 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | | 9 | | | 5 | | 3 |
| | 4 | | | 6 | 8 | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | | 2 | 6 | |
| 7 | | | | 4 | | | 9 | 1 |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 |
| 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 1 | 5 | 3 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 3 | 2 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 8 | 5 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 7 | 6 | 9 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 8 | 2 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 1 |
| 9 | 2 | 7 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 9 | 2 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी-07.28 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी सावधान रहना चाहिए। मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। दूसरों की कमियों में ध्यान देने के बजाय अपने ऊपर ध्यान दें। आप अध्यात्म में काफी रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन में अशांति होने की संभावना है।

**वृष** – आज लंबे समय से रुका हुआ कार्य बन सकता है। जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। सोचे हुए काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा।

**मिथुन** – आज व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लोन आदि लेने का विचार कर सकते हैं। विवादित विषयों में आपको सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपने शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने विचारों को लेकर दुराग्रही न बनें।

**कर्क** – आज अपनी कमियों को लोगों के सामने व्यक्त न होने दें। लोग आपसे कुछ गलत अपेक्षा रख सकते हैं। संतान के व्यवहार से कुछ अप्रसन्नता रहेगी। आपका मन कुछ उदास हो सकता है। परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल हो सकती हैं।

**सिंह** – आज राजनीतिक लोगों को अपने विरोधियों के साथ मेलजोल बढ़ाना पड़ सकता है। लोगों की मदद करने से पीछे न हटें। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा।

**कन्या** – आज नए उत्पादों में आप निवेश कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ेगी। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं। दूसरों पर पूरी तरह निर्भर रहना उचित नहीं होगा। अपनी स्किल्स और क्षमताओं पर विश्वास रखें। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। धन से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा।

**वृश्चिक** – आज आप अपने कौशल विकास में विशेष ध्यान देंगे। परिवार की परेशानियों का निवारण होगा। विद्वान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**धनु** – आज स्वास्थ्य कष्ट होने की आशंका है। गर्मी से आपको सावधान रहना चाहिए। अधिकारियों से बहस न करें। जहां आवश्यक न हो वहां आपको बोलने से बचना चाहिए। आपके शत्रु आपके ऊपर आक्रामक हो सकते हैं।

**मकर** – आज संभव है की आपको किसी बड़े पद पर पदोन्नति मिल जाए। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे।

**कुंभ** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। व्यवसाय में आपको कर्मचारियों से काफी अच्छा समर्थन व सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म को लेकर आप भावुक रहेंगे। आप उदार भाव से लोगों की मदद को तत्पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

**मीन** – आज खर्चों को लेकर ज्यादा उदार होना ठीक नहीं है। अधिकारियों से सावधान रहें। सरकारी कार्य रुक कर ही पूर्ण होंगे। आप किसी समस्या के निवारण को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आपका दायित्व बढ़ने वाला है।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**–उत्तर। **ऋतु**–ग्रीष्म।
चन्द्रबल– मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र–विशाखा 17.23 तक तत्पश्चात अनुराधा।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
जुआरी – सुबह : 09.00
जो बोले सो निहाल – रात : 09.00

&pictures
चेन्नई वर्सेज चाइना – सुबह : 11.07
बच्चन पांडे – शाम : 04.35

SONY PIX
रेड टू – सुबह : 10.52
मॉन्स्टर हंटर – रात : 09.00

ZEE CINEMA
वलीमाई – सुबह : 08.35
ड्रीम गर्ल – रात : 08.00

colors CINEPLEX
सुहाग – सुबह : 11.30
मजबूर – रात : 08.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

चोर– हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू– कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से– बस इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू– मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक– कैसे ?
पप्पू– हैंड पंप से

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर: 60 से 68 रुपये मलका: 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द: 100 से 110 रुपये धोआ उड़द :110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 –106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत: 90 से 105 चना देसी: 60से 70 चना कावली: 90 से 130 राजमा लाल: 130 से 140 राजमा चित्ता: 125 से 130 लोबिया लाल: 90 से 110 लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### ओपी जिंदल समूह की कंपनी, अन्य पर 35 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने मंगलवार को ओपी जिंदल समूह की कंपनी हेक्सा ट्रेडेक्स लिमिटेड, इसके प्रवर्तकों एवं निदेशकों पर गैर–सूचीबद्धता मानकों और अन्य खुलासा नियमों का उल्लंघन करने के लिए कुल 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हेक्सा ट्रेडेक्स, इसके चेयरपर्सन राज कमल अग्रवाल, रविंदर नाथ लीखा, विनीता झा, गिरीश शर्मा और प्रवेश श्रीवास्तव पर दो लाख से लेकर पांच लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया है।

### जी एंटरटेनमेंट के वित्त अधिकारी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** मुश्किलों में घिरी मीडिया कंपनी जी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज के मुख्य वित्त अधिकारी रोहित कुमार गुप्ता ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। जी एंटरटेनमेंट ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि गुप्ता के इस्तीफे के बाद मुकुंद गलगली को कंपनी के कार्यवाहक मुख्य वित्त अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया है।

# अयोध्या, वाराणसी तेजी से रियल एस्टेट विकास के लिए 17 उच्च क्षमता वाले शहरों में शामिल

## कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों के अध्ययन के आधार जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी



अयोध्या, वाराणसी, पुरी, द्वारका, शिरडी, तिरुपति और अमृतसर उन 17 उच्च संभावना वाले शहरों में शामिल हैं, जहां आने वाले वर्षों में तेजी से रियल एस्टेट विकास होने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह आध्यात्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और डिजिटलीकरण होगी। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों में से 30 संभावित उच्च विकास वाले शहरों की पहचान की है, जहां मध्यम से दीर्घावधि में रियल एस्टेट विकास मजबूत होने वाला है।

इन 30 शहरों में से 17 उच्च-संभावना वाले शहरों में तीन या अधिक परिसंपत्ति वर्गों में रियल एस्टेट विकास में तेजी आने की उम्मीद है। इन 17 उच्च प्रभाव वाले उभरते रियल एस्टेट मुख्य भौगोलिक विस्तार देश के उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी, पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में समान विकास को उजागर करता है। परामर्शदाता द्वारा उत्तर भारत में चिन्हित शहर अमृतसर, अयोध्या, जयपुर, कानपुर, लखनऊ तथा वाराणसी; पूर्वी भारत में पटना तथा पुरी; पश्चिम भारत में द्वारका, नागपुर, शिरडी तथा सूरत; दक्षिण भारत में कोयम्बटूर, कोच्चि, तिरुपति तथा विशाखापत्तनम और मध्य भारत में इंदौर हैं। सलाहकार ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन से प्रेरित विकास के मामले में अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, पुरी, शिरडी, तिरुपति और वाराणसी ध्यान देने योग्य शहर बनकर उभरे हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में मार्च तिमाही में 60 प्रतिशत फ्लैट एक करोड़ रुपये से अधिक में बिके

इस साल जनवरी–मार्च के दौरान दिल्ली–एनसीआर में बेचे गए कुल 10,060 फ्लैट में लगभग 60 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी–मार्च में दिल्ली–एनसीआर में 10,060 इकाइयों की बिक्री हुई, जिनमें 59 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। इसके अलावा 19 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 75 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच थी। आठ प्रतिशत इकाइयों की कीमत 45–75 लाख रुपये के बीच, 11 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25–45 लाख रुपये के बीच और तीन प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25 लाख रुपये से कम थी।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हुआ

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी।

यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं।

## फिच ने भारत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए किया संशोधन



फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा। रिपोर्ट में कहा गया, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा। फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,400 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,700–54,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 89,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,100 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,100 |
| चांदी पक्की | 882 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## अगले तीन महीने एफपीओ को मजबूत करने को चलेगा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य में क्रियाशील हैं 3240 किसान उत्पादक संगठन

**अमृत विचार:** राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और राज्य को फूड बास्केट ऑफ इंडिया बनाने के उद्देश्य से एफपीओ सेल गठित करेगी। इसे अभियान के तौर पर आगे बढ़ाकर राज्य में सक्रिय किसानों के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को वित्तीय ताकत दी जाएगी। ताकि उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी और ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना बना ली है। अगले तीन माह में अभियान के रूप में लागू कर दिया जाएगा।

शासन से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत एफपीओ को इक्विटी ग्रांट के अलावा इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिलेगी। उप्र. में इस समय आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। सरकार का दावा है कि इसके माध्यम से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।

### सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 जुलाई तक इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियामक ने पिछले सप्ताह नोटिस में कहा था कि कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास बाजार से संबंधित समस्याओं को निपटाने का कम से कम 20 साल का अनुभव होना चाहिए।

## भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना होगा जल्दबाजी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के गवर्नर ने कार्यक्रम को किया संबोधित



आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना बहुत जल्दबाजी होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर दुस्साहस के दृष्टिकोण से बचना होगा।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2 प्रतिशत के आंकड़े से नीचे आ जाएगा। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6 प्रतिशत के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने की वजह से होगा। वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह की चर्चाओं के बीच गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा।

# राष्ट्रीय

# 200 से अधिक पर्यटक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

## सिक्किम भूस्खलनः पुलिस अधीक्षक ने बताया-करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे, मंगन में स्कूल बंद

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य स्वयंसेवकों की मदद ले रहा है। उन्होंने बताया कि दिन में और भी पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया जाएगा। इसके साथ ही मंगन जिला प्रशासन ने संपत्ति को हुए नुकसान और सड़क अवरुद्ध होने के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री ने बताया मंगन प्रखंड के मानुल, सिंघिक, मंगन तथा मांगशिला आदि क्षेत्र में सरकारी स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे।



सिक्किम के मंगन जिले में भूस्खलन के कारण फंसे पर्यटकों को निकालते कर्मी। • एजेंसी

### लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया कई जगह भूस्खलन होने से संपर्क टूटा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 12 जून से लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया, जिससे कई जगह भूस्खलन हुआ और जिले के ज्यादातर हिस्सों से संपर्क टूट गया। कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध होने के कारण लाचुंग में लगभग 1,200 पर्यटक फंस गए। पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते सिक्किम में कम से कम छह लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई इलाकों में संपत्ति को काफी नुकसान हुआ और बिजली, खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क भी बाधित है। उन्होंने बताया कि सांकलांग में नवनिर्मित झूला पुल के ढहने के बाद स्थिति गंभीर हो गई क्योंकि यह उत्तरी सिक्किम और जोंगु को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग था। एक बयान में कहा गया, मौसम और भारी वर्षा के कारण पैदा हुए हालात से निपटने की कवायद के तहत बीआरओ ने उत्तरी सिक्किम से संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम शुरू कर दिया है।



सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ नई दिल्ली में साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया। • एजेंसी

## एक नजर

### प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**बेंगलुरु।** जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 12 जून को उन्हें 18 जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा था, जो उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है। प्रज्वल (33) हाल ही में लोकसभा चुनाव में हार के कारण हासन सीट बरकरार रखने में विफल रहे।

### मालीवाल ने इंडिया के नेताओं को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार द्वारा उनके साथ की गई मारपीट के मामले पर बातचीत के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं से समय मांगा। विपक्षी गठबंधन के, राहुल गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी की सदस्य ने शिकायत की कि दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने पर उन्हें शर्मिंदा किया गया और उनका चरित्र हनन हुआ।

## मन की बात कार्यक्रम 30 से फिर होगा शुरू, मोदी ने मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 30 जून से फिर से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा। उन्होंने कहा-मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था और फिर लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक इसके प्रसारण पर विराम लगा दिया गया था।

## एनसीडब्ल्यू को उत्तर प्रदेश से मिलीं सबसे ज्यादा शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

**वर्ष 2024 में अब तक 12,600 शिकायतें मिलीं**

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को इस साल अब तक 12,600 शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश की ओर से दर्ज कराई गईं हैं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक शिकायत गरिमा का अधिकार श्रेणी में प्राप्त हुईं, जिसमें घरेलू हिंसा के अलावा अन्य उत्पीड़न शामिल हैं। इस श्रेणी में एनसीडब्ल्यू को कुल 3,107 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इसके बाद घरेलू हिंसा की 3,544 शिकायत दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार इसके बाद दहेज उत्पीड़न की 1,957 शिकायत, छेड़छाड़ की 817 शिकायत, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 518 शिकायत और दुष्कर्म तथा दुष्कर्म के प्रयास की 657 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू ने बताया कि यौन उत्पीड़न की 493 शिकायत, साइबर अपराध की 339 शिकायते दर्ज की गईं। जिसमें सबसे ज्यादा 6,470 शिकायत उत्तर प्रदेश में, इसके बाद दिल्ली (1,113) और महाराष्ट्र (762 शिकायत) का स्थान रहा।

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, अत्याधुनिक हथियार जब्त

**इंफाल।** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया, वहीं कांगपोकपी जिले में कई अत्याधुनिक हथियार जब्त किए। राज्य पुलिस के अनुसार सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले में लामलोंग गांव के पास शानतोंग से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। सुरक्षा बल कानून व्यवस्था की स्थिति कायम रखने के लिए लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। कांगपोकपी जिले में गंगपिजांग पर्वतीय क्षेत्रों में एक अलग तलाशी अभियान में सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार समेत तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है।

## नीट मामले पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) मुद्दे पर मौन धारण करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दोहराया कि उनकी पार्टी युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठा कर प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कठोर नीतियों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और नरेंद्र मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं।

राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने दावा किया, बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं।

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने न्यायपत्र में प्रश्न पत्र लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। उन्होंने कहा-विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज संसद तक उठाएंगे।

### विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कुछ लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी। शीर्ष न्यायालय ने एक बयान में कहा कि लोक अदालतें देश में न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया तेज करके वैकल्पिक तरीके से विवाद निवारण करती हैं।

## महाराष्ट्र में धोखा खाए प्रेमी ने महिला को पीट-पीटकर मार डाला

पालघर (महाराष्ट्र), एजेंसी

- हमले के दौरान लोग इस भयावह तमाशे को देखते रहे

महाराष्ट्र के वसई में शुक्रवार को एक ठुकराए प्रेमी ने बीच सड़क पर अपनी प्रेमिका के सिर पर 18 वार किए, जबकि बड़ी संख्या में लोग इस भयावह तमाशे को देख रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वालिव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जयराज रानावरे ने बताया, आरोपी ने महिला पर पाना (नट बोल्ट खोलने वाला एक उपकरण) से हमला किया। उसके शरीर पर 18 घाव थे। पुलिस ने बताया कि रोहित यादव (32) और आरती यादव (22) पड़ोसी थे और पिछले कुछ सालों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से आरती यादव ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया था, जिससे उसे शक हो गया था कि उसका किसी और के साथ संबंध है। क्यों किया ऐसा मेरे साथ, प्रेमी यही कहता रहा और पाना से महिला के सिर पर वार करता रहा। बीच-बचाव करने के लिए मात्र एक व्यक्ति बाहर आया, बाकि सभी मूकदर्शक बने इस अमानवीय व्यवहार को देखते रहे। पुलिस ने बताया कि सामने आये वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इस हमले को देखते हुए नजर आए, लेकिन युवक महिला पर हमला करता रहा और कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया। वालिव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना की आगे की जांच कर ही है।

वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी नाला सोपारा के एक मोहल्ले में रहते थे और एक औद्योगिक सेक्टर में काम करते थे। एक अधिकारी ने बताया कि वह हमलावर के साथ काम पर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में उनका झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि युवती के बेहोश होकर गिर जाने के बाद भी आरोपी उस पर हमला करता रहा। वह घटनास्थल से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही सीढ़ी पर बैठा रहा।वालिव पुलिस थाने से एक टीम जल्दी से घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक पुरुष और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया है जिसने हमले का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।



# हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता

## रोहित बोले: सुपर आठ में हर मैच खास, कोहली समेत टीम के हर खिलाड़ी ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया

**ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी**



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकारा कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें कुछ खास करने को लेकर वास्तविक उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

टीम इसके बाद बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अपलोड किए गए वीडियो में रोहित ने कहा कि पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला। भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। रोहित ने कहा कि टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं।

**20** जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगी भारत की सुपर आठ की शुरुआत

उन्होंने कहा कि हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है। आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रोहित ने कहा कि सुपर आठ में हर मैच हमारे लिए बहुत ही खास है। कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि हमने यहां बहुत सारे मैच देखे हैं, हमने यहां बहुत सारे मैच खेले हैं। इसलिए हर कोई समझता है कि परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए क्या करना है। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में गीली आउटफील्ड के कारण रद हो गया।

## महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप यादव : फ्लेमिंग



**नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा कि अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं। उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ। भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली, लेकिन जडेजा तीन मैच में तीन ओवर ही करे। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है।

### सुपर-8 का पहला मुकाबला आज

## दक्षिण अफ्रीका को मिल सकती है कड़ी टक्कर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर आठ मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है।

उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं। लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्कराम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। विश्व कप से पहले अफ्रीका की सबसे बड़ी चिंता एनरिच नोर्किया की खराब फॉर्म थी लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और अभी नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**दक्षिण अफ्रीका:** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**अमेरिका:** मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। **समय:** मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

## खेल डायरी

### टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे डेविड वार्नर

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा)।** ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज डेविड वार्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वे टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्हें उम्मीद है कि वास्तविक क्रिकेट प्रेमी उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे, जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं से जूझना पड़ा। इस साल की शुरुआत में टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले वार्नर अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे।

### पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों ने किया क्वालीफाई

**ताल्या।** युवा प्रियांश और अनुभवी अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में चौथे और पांचवें वरीयता प्राप्त तीरंदाजों के तौर पर क्वालीफाई कर लिया जबकि भारतीय टीम शीर्ष वरीयता प्राप्त होगी। एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम दूसरे स्थान पर रही जबकि विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी दसवें स्थान पर रही। भारतीय महिला कंपाउंड टीम को भी शीर्ष वरीयता मिली है। प्रियांश और वर्मा ने 710 अंक बनाये और भीतरी 10 में अधिक तीर लगाने के आधार पर चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

### नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता

**तुर्कु (फिनलैंड)।** भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक महीने बाद वापसी करते हुए पावो नुरमी खेलों में मंगलवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में यहां रजत पदक जीता था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं उनके हमवतन और पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता ओलिवर हेलांडेर को कांस्य पदक जीता जिन्होंने 83.96 मीटर का थ्रो फेंका।

### भारतीय शॉटगन टीम में तोंडाइमन, राजेश्वरी

**नई दिल्ली।** सीनियर ट्रैप निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडाइमन आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय शॉटगन टीम की अगुवाई करेंगे। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को खेलों के महाकुंभ के लिए घोषित पांच सदस्यीय टीम में जगह दी जिसके सभी खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। टोंडाइमन ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी।

# निकोलस की धार से अफगानिस्तान ध्वस्त

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी**



**98** रन निकोलस ने 53 गेंदों में बनाए

**104** रन से वेस्टइंडीज की टीम को मिली बड़ी जीत

निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का नमूना पेश किया, जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था।

दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए, जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन, अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि यहां का विकेट अच्छा है। गयाना और त्रिनिदाद के बाद बल्लेबाज यहां आकर रन बनाना चाहते थे। पूरन में कड़ी मेहनत की है और पिछले 12 महीने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही नहीं वेस्टइंडीज की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अफगानिस्तान ने तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और पॉवेल (26) ने भी योगदान दिया। अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (38), अजमतुल्लाह उमरजई (23) और करीम जनत (14) ने रन बनाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य बड़ा था। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस हार का हम पर प्रभाव पड़ेगा। हम जो चाहते थे हमने उसे हासिल किया। हम सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रहे। मैच अलग-अलग पिचों पर हो रहे हैं और हमें उनसे सामंजस्य बिठाना होगा। इस स्तर पर पराजय एक अच्छा सबक है। यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच नहीं था। हम इसके सकारात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे जैसे की फील्डिंग और बीच के ओवरों की गेंदबाजी।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 4 | 3 | 0 | 7 | 1.137 | 1 |
| अमेरिका (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 0.127 | 1 |
| पाकिस्तान (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.294 | 0 |
| कनाडा (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | -0.493 | 1 |
| आयरलैंड (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -1.293 | 1 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 2.791 | 0 |
| इंग्लैंड (क्वा) | 4 | 2 | 1 | 5 | 3.611 | 1 |
| स्कॉटलैंड (बा) | 4 | 2 | 0 | 5 | 1.255 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -2.585 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 3.257 | 0 |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.835 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.415 | 0 |
| युगांडा (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -4.510 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -1.268 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 4 | 4 | 0 | 8 | 0.470 | 0 |
| बांग्लादेश (क्वा) | 4 | 3 | 1 | 6 | 0.616 | 0 |
| श्रीलंका (बा) | 4 | 1 | 2 | 3 | 0.863 | 1 |
| नीदरलैंड (बा) | 4 | 1 | 3 | 2 | -1.358 | 0 |
| नेपाल (बा) | 4 | 0 | 3 | 1 | -0.542 | 1 |

## पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और ओन्स जाबूर

**बर्लिन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलन चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी। ट्यूनीशिया की विश्व में 10वें नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार चौथे ओलंपिक में नहीं खेल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने फैसला किया कि कोर्ट में अचानक बदलाव करने और शरीर का भिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने से मेरे घुटने को लेकर जोखिम बढ़ सकता है। मुझे किसी भी प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद है लेकिन मुझे अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और चिकित्सा टीम की सलाह माननी होगी।

## क्रिकेट फैन से भिड़े पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस

**लॉडरहिल (फ्लोरिडा), एजेंसी।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ विवाद के घेरे में आ गए हैं। जब कुछ लोगों से उनकी तीखी झड़प का वीडियो वाइरल हो गया, जिसके बाद उन्होंने कहा कि परिवार को बीच में घसीटने पर वह जवाब देने से हिचकिचायेंगे नहीं।

यह घटना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद की है। पाकिस्तान को पहली बार विश्व कप खेल रहे अमेरिका ने हरा दिया और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ जीत की दहलीज पर पहुंचकर टीम हार गई। सोशल मीडिया पर वाइरल हुए वीडियो में हारिस अपनी पत्नी के साथ पैदल जा रहे थे जब कुछ लोगों के समूह से टकरा गए। यह स्पष्ट नहीं है कि उनके और लोगों के बीच क्या बात हुई, लेकिन वे टीम के खराब प्रदर्शन के लिये कथित रूप से उन पर छींटाकशी कर रहे थे। रऊफ ने अचानक आपा खो दिया और उन लोगों के पीछे दौड़ते नजर आये।

# फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया

**डसेलडोर्फ, एजेंसी**




मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा कि अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा कि एमबापे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें। चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी।

ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

## सीएसी ने गंभीर का साक्षात्कार लिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ, जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं।

# अजेय बढ़त बनाने उतरेगी टीम

**बेंगलुरु, एजेंसी**

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल रहा है। 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी।

### मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर




**दुबई।** भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## युद्ध का समर्थन करने पर की उत्तर कोरिया की प्रशंसा

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध का 'दृढ़ता से समर्थन' करने के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रशंसा की है। पुतिन मंगलवार को जोंग-उन से मिलने प्योंगयांग पहुंचे। यह उनकी साल 2000 के बाद से पहली प्योंगयांग यात्रा है।

उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन में छपे एक लेख में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और सैन्य धमकियों के बावजूद अपने हितों की रक्षा के लिए प्योंगयांग के प्रयासों का समर्थन करने का प्रण लिया है। पिछले साल पुतिन ने कहा था कि उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग की संभावनाएं दिखाई देती हैं।

## वरिष्ठ मंत्रियों से संसद की रणनीति पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक में एनडीए गठबंधन के नेता हुए शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद के आगामी सत्र के लिए सदन की रणनीति तैयार करने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस सत्र में जहां नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अगले पांच साल के लिए एनडीए सरकार का दृष्टिकोण देश के सामने रखेंगी।

सिंह के आधिकारिक आवास पर हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू और अन्नपूर्णा देवी शामिल हुए। राजग के सहयोगी दलों में जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान सहित अन्य नेता शामिल हुए। सिंह और पासवान केंद्रीय मंत्री हैं। समझा जाता है कि रक्षा मंत्री ने 27 जून को संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए, राजग के घटक दलों समेत वरिष्ठ मंत्रियों से राय मांगी। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। इस दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ होगा और फिर 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। दोनों सदनों में 28 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।



## लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इस पद की शक्तियां और गरिमा को देखते हुए एनडीए गठबंधन के अन्य दल भी इसकी मांग कर रहे हैं। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन की ताकत बढ़ने से वह भी इस पद पर अपना उम्मीदवार उतारने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि देश में लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया कैसी होती है।

### अब तक के निर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष

जी.वी. मावलंकर, एम. ए. अय्यंगर, सरदार हुकम सिंह, एन संजीव रेड्डी, जी एस ढिल्लों, बाली राम भगत, के. एस. हेगड़े, बलराम जाखड़, रवि राय, शिवराज वी पाटिल, पी. ए. संगमा, जी.एम बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी, मीरा कुमार, सुमित्रा महाजन, ओम बिरला।

### कैसे होता है चुनाव

सत्ताधारी दल के सदस्य ही स्पीकर पद के लिए चुने जाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के लिए स्पीकर को सदन का सदस्य होना आवश्यक है। परंपरा के अनुसार सत्ताधारी पार्टी अन्य दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा करती है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री या प्रधानमंत्री अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव रखते हैं। फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिए जाते हैं।

### कैसे हटाया जा सकता है

स्पीकर का कार्यकाल लगभग 5 साल का होता है। लोकसभा के भंग होने के बाद भी वह अपने पद पर बना रहता है। नियमों के मुताबिक, लोकसभा के भंग होने के बाद से अगली लोकसभा की पहली बैठक तक स्पीकर अपना पद खाली नहीं करेगा। हालांकि, स्पीकर के 5 साल से पहले ही हट जाने या हटाए जाने का प्रावधान संविधान में दिया हुआ है।

### क्या होती हैं शक्तियां

लोकसभा अध्यक्ष सदन की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। उन पर सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी होती है। सदन के अध्यक्ष ही सदस्यों को बोलने की अनुमति देते हैं और उनके वक्तव्य का समय निर्धारित करते हैं। इसके अलावा अगर कोई सदस्य सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करता है तो अध्यक्ष उसकी सदस्यता भी निलंबित कर सकते हैं। किसी प्रस्ताव पर वोटिंग के समय भी स्पीकर की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। अगर किसी विधेयक पर पक्ष और विपक्ष, दोनों ओर से समान संख्या में मत पड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में लोकसभा स्पीकर के पास वोट करने का अधिकार होता है।

## एक नजर

### इक्वाडोर में बाढ़ के कारण 126 लोग बेघर

**क्विटो।** इक्वाडोर में खराब मौसम और बाढ़ के कारण मध्य जून से लगभग 126 लोग बेघर हो गए हैं। राष्ट्रीय जोखिम प्रबंधन सचिवालय ने यह जानकारी दी। एजेंसी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को देश के 24 प्रांतों में से 10 में लगभग 54 मौसम संबंधी आपदाएं दर्ज की गयीं। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे ज्यादा होने वाली घटनाओं में भूस्खलन की 44.44 प्रतिशत और बाढ़ की 22.22 प्रतिशत घटनाएं हैं। इसमें कहा गया है कि अन्य बुनियादी ढांचों के अलावा तीन पुल नष्ट हो गए हैं और चार अन्य क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से एक मध्यवर्ती प्रांत तुंगुराहुआ के रिसॉर्ट शहर बानोस डी अगुआ सांता में रविवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गयी और 18 अन्य लापता हैं।

### वियतनाम में भूस्खलन से चार की मौत

**हनोई, एजेंसी।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक कान में एक पहाड़ी ढलान पर भूस्खलन होने से मंगलवार को तड़के चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक परिवार के पांच लोग पैक नाम जिले में एक पहाड़ी पर स्थित अपने घर में सो रहे थे। इस दौरान तड़के करीब 0:30 बजे यह घटना घटित हुई। भूस्खलन ने उनके घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। दुर्घटना में एक महीने के बच्चे सहित चार लोग दब गए, जबकि एक व्यक्ति बच गया। वियतनाम समाचार एजेंसी के अनुसार, सोमवार रात आठ बजे से मंगलवार सुबह 6:30 बजे तक क्षेत्र में 90 मिमी बारिश हुई। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, जनवरी से मई तक प्राकृतिक आपदाओं के कारण 39 लोग मारे गए और कई लापता हुए हैं।

### ईरान में अस्पताल में लगी आग, नौ मरीजों की मौत

**तेहरान।** ईरान के उत्तरी हिस्से में स्थित एक अस्पताल में आग लग गई, जिसमें नौ मरीज़ों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि राजधानी तेहरान से उत्तर-पश्चिम में लगभग 330 किलोमीटर (लगभग 205 मील) दूर रश्त शहर के कायम अस्पताल में स्थानीय समयानुसार कल देर रात एक बज कर करीब तीस मिनट पर आग लग गई, जिसमें छह महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई। शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख शाहराम मोमेनी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बेसमेंट में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ जिससे आग लग गई।

# दलाई लामा से मिलेंगी नैंसी पेलोसी

## अमेरिका के 6 सांसदों के डेलिगेशन के साथ दो दिवसीय भारत दौरे पर आईं

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी दो दिवसीय भारत दौरे पर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुईं। भारत के दौरे पर वह धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगी। उनके साथ अमेरिका के 6 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद है।

पेलोसी लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं। वह इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। तब चीन ने अमेरिका को तिब्बत मामले में दखल के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि अमेरिका दुनियाभर में तिब्बत को लेकर चीन के फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे।

चीन और तिब्बत के बीच विवाद बरसों पुराना है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी में चीन का हिस्सा रहा है इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। तिब्बत चीन के इस दावे को खारिज करता है। 1912 में तिब्बत के धर्मगुरु और 13वें दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

उस समय चीन ने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन करीब 40 सालों बाद चीन में कम्युनिस्ट सरकार आ गई। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा।

आखिरकार 1951 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन गया। हालांकि दलाई लामा इस संधि को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि ये संधि दबाव बनाकर करवाई गई थी।

इस बीच तिब्बती लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। इसी दौरान पहला विद्रोह हुआ जिसमें हजारों लोगों की जान गई। मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाने वाला है। इसके बाद हजारों की संख्या में लोग दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए। आखिरकार एक सैनिक के वेश में दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भागकर भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें शरण दी। चीन को ये बात पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध की एक बड़ी वजह ये भी थी।



कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचीं पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी।

### पेलोसी के ताइवान जाने पर 24 लड़ाकू विमानों ने किया था एस्कॉर्ट

चीन हमेशा से ही तिब्बत का साथ देने के लिए अमेरिका का विरोध करता आया है। ऐसे में नैंसी पेलोसी का यह दौरा विवाद को और बढ़ा सकता है। पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिनके 2022 में ताइवान जाने पर चीन ने जंग की धमकी दी थी। तब नैंसी के प्लेन को अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के 24 एडवांस्ड फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया था। इस दौरान चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेरकर युद्धाभ्यास भी किया था। नैन्सी पेलोसी ने 2008 के अपनी धर्मशाला यात्रा के दौरान कहा था कि तिब्बत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अमेरिका अपने अभियानों को जारी रखेगा। उन्होंने 2019 में संसद में द तिब्बत पॉलिसी एक्ट पास कराने में मदद की थी। इस एक्ट के जरिए अमेरिका तिब्बत की पहचान को बचाने के लिए आवाज उठाता है। पेलोसी की वजह से ही अमेरिका में दलाई लामा का कद बढ़ा है।

## श्रीलंका की नौसेना ने चार भारतीय मछुआरे पकड़े

**कोलंबो।** श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। इस साल ऐसी गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 180 से अधिक हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा, भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## निखिल पर अमेरिका की अदालत में चलेगा मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

- सिख अलगाववादी की हत्या कराने की सुपारी देने का आरोपी है भारतीय नागरिक

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अब अमेरिका की एक अदालत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

गुप्ता (53) को न्यूयॉर्क में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। गुप्ता के अटॉर्नी जेफ्री चाबरोवे के अनुसार, सोमवार को उसे मैनहट्टन संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जेम्स कॉट के समक्ष पहली पेशी के तहत प्रस्तुत किया गया, जहां उसने खुद को बेगुनाह बताया।

## पांच लाख अप्रवासियों को मिलेगी राहत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नागरिकता प्रदान करने को लेकर एक व्यापक कदम उठा रहे

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में एक व्यापक कदम उठा रहे हैं। जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने कई डेमोक्रेटिक सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवनसाथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक अप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक अप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा।

## थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को मिली मंजूरी

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की नेशनल असेंबली के उच्च सदन सीनेट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है।

सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड, समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला एशिया का तीसरा देश बन जाएगा।

### पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन पर चलेगा मुकदमा

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा पर राजतंत्र को बदनाम करने के आरोप में मंगलवार को औपचारिक रूप से अभियोग दर्ज किया गया। इसके साथ ही इस तरह के बढ़ते अदालती मामलों ने थाईलैंड की राजनीति में अस्थिरता पैदा कर दी है। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता प्रयुथ बेजरागुना ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि थकसिन ने सुबह नौ बजे से कुछ मिनट पहले अभियोजकों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अभियोग प्रक्रिया पूरी की गई।

## प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे रहना चाहिए

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की उपस्थिति में कहा कि भारत और अमेरिका को बड़े रणनीतिक हित के हिस्से के तहत महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में सबसे आगे रहना चाहिए।



डोभाल की यह टिप्पणी उनके और सुलिवन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को गहरा करने के लिए परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण करने के एक दिन बाद आई है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल) पर केंद्रित उद्योग से जुड़े गोलमेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आईसीईटी को मई 2022 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच अधिक सहयोग बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

### अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का अनोखा रिश्ता

**वाशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के दो सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का एक अनूठा रिश्ता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन का भारत दौरा सुरक्षित तथा अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण के लिए इस साझेदारी को और गहरा करेगा। व्हाइट हाउस ने यह बात कही। सुलिवन 17 से 18 जून तक नयी दिल्ली की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद जो बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी की यह पहली भारत यात्रा है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, सुलिवन का दौरा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाएगा ताकि सुरक्षित और अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का निर्माण हो सके। किर्बी ने कहा कि सुलिवन नयी दिल्ली में अमेरिका-इंडिया इनीशियेटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस पहल को आईसीईटी के नाम से भी जाना जाता है।

## पाकिस्तान में ऊंट का पैर काटा, छह लोग गिरफ्तार

कराची, एजेंसी

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से मंगवा रहे कृत्रिम पैर

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा ऊंट को कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा पशु आश्रय स्थल ले जाया गया। सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी शर्माजी की बेटी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित पहली फिल्म शर्माजी की बेटी 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। शर्माजी की बेटी का प्रीमियर पिछले साल जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब इसके मेकर्स ने फिल्म के ग्लोबल प्रीमियर का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के साथ आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने निर्देशन में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में सैयामी खेर, साक्षी तंवर और दिव्या दत्त ने अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। अब शर्माजी की बेटी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। 28 जून को प्राइम वीडियो पर शर्माजी की बेटी स्ट्रीम होने वाली है। अप्लॉस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनीं फिल्म शर्माजी की बेटी को ताहिरा कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। शर्माजी की बेटी पांच महिलाओं की लाइफ पर आधारित है। अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी, परवीन और वंशिका तपारिया भी इस फिल्म में नजर आएंगी।

### जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में शूटिंग करेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में देवरा के लिए मेलोडी की शूटिंग करेंगे। इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक, देवरा: पार्ट 1 सिनेप्रेमियों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर थाईलैंड के सुरम्य स्थानों में एक मधुर गीत की शूटिंग करेंगे। हाल ही में, एनटीआर जूनियर को भारी बारिश सहित चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में सैफ अली खान के साथ एक गहन एक्शन सीक्वेंस पूरा करने के बाद गोवा से लौटते हुए देखा गया था। यह एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर के बीच पहली बार ऑन-स्क्रीन सहयोग है। देवरा 27 सितंबर 2024 को पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है।



### 6 दिसंबर को रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2

**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द राइज ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द रूल पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थी कि फिल्म का काफी काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट आ गई है। अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर पुष्पा : द रूल की नयी रिलीज डेट बतायी है। पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

**खगोल विज्ञान** — एक तारे की मृत्यु का अवशेष है यह सुंदर निहारिका

## 1054 में हुई थी अद्भुत क्रैब नेबुला की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** क्रैब नेबुला आसमान में नजर आने वाली सुंदर निहारिकाओं में निहायती खास जगह रखती है। अब इसके अतीत रहस्य छंटने शुरू हो गए हैं। यह मर चुके एक तारे का अवशेष है। इसकी उत्पत्ति 1054 में हुई थी।

क्रैब नेबुला वैज्ञानिकों व ब्रह्मांड में दिलचस्पी रखने वालों के आकर्षण के घेरे में रही है। इसके बारे में जानने को हर कोई जिज्ञासा रखता था, लेकिन अब यह कुहासा छटना शुरू हो गया है। नई जानकारी के मुताबिक इसके अतीत को समझने के लिए वैज्ञानिकों को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लेना पड़ा। जिससे क्रैब नेबुला की उत्पत्ति की नई जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार 6,500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित क्रैब नेबुला एक सुपरनोवा का अवशेष है। सुपरनोवा विस्फोट 1054 ईसवी में हुआ था। यह भयानक विस्फोट था। जिसका प्रकाश दिन के उजाले में भी पृथ्वी से देखा गया था। अब यह गैस और धूल का एक फैलता हुआ आवरण है, और एक पल्सर द्वारा संचालित बाहर की ओर बहने वाली हवा है। क्रैब नेबुला असामान्य निहारिका है। इसकी संरचना ने सूपरनोवा विस्फोट की ऊर्जा ने खगोलविदों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया था कि यह एक इलेक्ट्रॉन-कैप्चर सुपरनोवा था, जो एक दुर्लभ प्रकार का विस्फोट होता है। इसमें ऑक्सीजन, नियॉन और मैग्नीशियम से बना कम विकसित कोर होता है। वेब टेलीस्कोप अपनी संवेदनशील अवरक्त क्षमताओं के साथ इसके रहस्य उजागर कर रहा है। बहुत जल्द क्रैब के कुछ अन्य राज सामने आने की संभावना जताई गई है।



वेब टेलिस्कोप द्वारा ली गई क्रैब नेबुला की आकर्षक तस्वीर।

### अद्भुत है क्रैब नेबुला

**नैनीताल :** क्रैब नेबुला वास्तव में अद्भुत निहारिका है, जो केकड़े की आकृति के समान नजर आती है। अपनेआप में कई रंगों को समेटे हुए है, जो वृषव राशि मे स्थित है। तारों की मृत्यु को लेकर शोध करने वाले वैज्ञानिकों का यह प्रमुख आकर्षण है। अभी तक सैंकड़ों शोध इसपर हो चुके हैं। अंतरिक्ष दूरबीन वेब इसके भविष्य पर प्रकाश डालेगी।